राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 11 अंक-204
लखनऊ, मंगलवार 12 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित
आमंत्रण मूल्य ₹3
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



समस्याओं को त्वरित गति से हल करें अफसर : केशव प्रसाद मौर्य 03
गडकरी ने दी 25 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास 12

### प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम में लिया भाग, कहा

# सफलता के अध्याय लिख रहीं ड्रोन-लखपति दीदियां

### पीएम ने स्वयं सहायता समूहों को 2,000 करोड़ की पूंजीगत सहायता निधि भी की वितरित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि समाज और देश नारी शक्ति की गरिमा सुनिश्चित करके ही प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है क्योंकि थोड़ी सी मदद के बाद नारी दूसरों के लिए भी सहारा बन जाती है। प्रधानमंत्री ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में 'सशक्त नारी-विकसित भारत' कार्यक्रम में भाग लिया और नमो ड्रोन दीदियों के कृषि ड्रोन प्रदर्शन के साक्षी भी बने।

देशभर में 10 अलग-अलग स्थानों से नमो ड्रोन दीदियों ने भी एक साथ ड्रोन प्रदर्शन में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान एक हजार नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक जिले में बैंकों के स्थापित बैंक लिंकेज शिविरों के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर स्वयं सहायता समूहों को लगभग 8,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण भी वितरित किए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को लगभग 2,000 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता निधि भी वितरित की। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत भी की। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया क्योंकि ड्रोन दीदियां और लखपति दीदियां सफलता के नए अध्याय लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सफल महिला उद्यमियों के साथ बातचीत करना उन्हें देश के भविष्य को लेकर आश्वस्त करता है। उन्होंने नारी शक्ति के दृढ़ संकल्प और दृढ़ता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे उन्हें 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने की यात्रा शुरू करने का आत्मविश्वास मिला। श्री मोदी ने कहा कि कोई भी समाज अवसर पैदा करके और नारी शक्ति की गरिमा सुनिश्चित करके ही प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी मदद से ही नारी शक्ति को आगे और मदद की जरूरत नहीं पड़ती है और वो दूसरों के लिए भी सहारा बन जाती है। उन्होंने कहा कि वह पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लाल किले की प्राचीर से महिलाओं के लिए शौचालय, सैनिटरी पैड, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक धुएं वाली रसोई, महिलाओं को दैनिक असुविधा से बचाने के लिए नल के जल, हर व्यक्ति के लिए जन धन खाता, महिलाओं के लिए अपमानजनक भाषा के खिलाफ और बेटों को नारी शक्ति के प्रति उचित व्यवहार के बारे में शिक्षित करने की जरूरत जैसे महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर बात की।

### 104 किमी लंबे आउटर रिंग रोड का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन



**अटल जी का सपना हो रहा है साकार**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीएम मोदी ने वर्चुअल तरीके से आज सोमवार को एनएचएआई की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं लखनऊ के गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस मौके पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफफॉरेंसिक साइंसेज का भी लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की और कहा कि मुख्यमंत्री जी यूपी में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनका काम प्रदेश में धरातल पर दिख रहा है। रक्षामंत्री ने कहा कि आज हम उटल जी का सपना पूर्ण हो रहा है। अटल जी ने ही लखनऊ के लिए आउटर रिंग रोड का सपना देखा था जिससे राजधानी के लोगों को जाम से मुक्ति मिले। रक्षामंत्री ने कहा कि इस रिंगरोड के बन जाने से एक लाख से अधिक वाहन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। वहीं सीएम योगी ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दोनों डिप्टी क्रमशः केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर समेत, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे ओवर ब्रिज का पीएम ने किया उद्घाटन

**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाईन देश मे 1 लाख करोड़ से अधिक की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसी के तहत अररिया से रानीगंज जाने वाली एनएच 327ई पर अररिया नगर के वार्ड संख्या 6 में रेलवे फाटक के ऊपर बने 1.80 किमी ब्रिज का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने किया। अररिया जिला को सौगात मिलने पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे अररिया जिला वासियों की तरफ से केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य बीते 15 जनवरी को ही पूरा हो गया था। सोमवार को अररिया से रानीगंज जाने वाली एनएच-327ई पर 45.60 करोड़ रुपये की लागत से बने 1.80 किमी लंबे इस ब्रिज का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली एनसीआर से ऑनलाईन माध्यम से किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शामिल हुए। बिहार से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ऑनलाईन माध्यम से इस ब्रिज उद्घाटन कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस ब्रिज निर्माण से पूर्व यहा पर रेलवे फाटक की वजह से कई सारी परेशानियों का सामना राहगीरों को उठाना पड़ता था। उसी के मद्देनजर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह के प्रयास से कार्य किया गया। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा अररिया वासियों की काफी लंबे समय से इस रेलवे फाटक की वजह से होने वाली जाम से निजात दिलाने की मांग थी। केंद्र सरकार के द्वारा आधुनिक कनेक्टिविटी के तरफ एक और बड़ा अहम कदम उठाया गया है। सांसद ने कहा कि इस रेलवे लाईन के ऊपर बने ब्रिज चालू हो जाने से एनएच 327ई पर रेलवे फाटक की वजह से होने वाली भीड़ और जाम जैसी समस्या से लोगों को निजात मिलेगा। ब्रिज बन जाने से रेलवे लाईन क्रॉसिंग के दौरान होने वाली अनहोनी को रोकना भी असरदार साबित होगा।

### मालेगांव विस्फोट मामले में भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ जमानती वारंट

**मुंबई।** मालेगांव बम विस्फोट मामले में विशेष एनआईए कोर्ट ने 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में आरोपित भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ सोमवार को जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने यह वारंट प्रज्ञा सिंह ठाकुर के विरुद्ध बार-बार चेतावनी के बावजूद कोर्ट में पेश न होने की वजह से जारी किया है। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर और छह अन्य आरोपित मालेगांव बम विस्फोट मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत मुकदमे का सामना कर रहे हैं। एनआईए कोर्ट वर्तमान में आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत आरोपितों के बयान दर्ज कर रही है। कोर्ट ने आरोपितों को कोर्ट के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। पिछले महीने न्यायाधीश ने ठाकुर को चेतावनी दी थी कि यदि वह कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने में विफल रहीं तो उनके खिलाफ 'आवश्यक कार्रवाई' की जाएगी। इसके बावजूद प्रज्ञा ठाकुर सोमवार को भी कोर्ट में पेश नहीं हुई तो विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने उनके खिलाफ 10 हजार का वारंट जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नशे के रैकेट का खुलासा करोड़ों के मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के तिरुचि में सीमा शुल्क अधिकारियों ने पुदुक्कोट्टई के मिमिसल गांव में एक झींगा फार्म के शेड से लगभग 110 करोड़ रुपये मूल्य की 100 किलोग्राम हशीश और 1 करोड़ रुपये मूल्य का 876 किलोग्राम गांजा जब्त किया। तिरुचि सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय की केंद्रीय खुफिया इकाई को सूचना मिली कि मिमिसल पंचायत विवाह हॉल के सामने स्थित झींगा फार्म में भारी मात्रा में नशीले पदार्थ जमा किए गए हैं। इन दवाओं को श्रीलंका ले जाया जाना था। सूचना मिलते ही अधिकारी संबंधित जगह पर पहुंचे और ताला तोड़ कर शेड की तलाशी ली, जिसमें उन्हें 48 बैग मिले जिनमें हशीश और गांजा भरा था। इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है क्योंकि छापेमारी के समय मौके पर कोई नहीं था।

### यूपी में तीन आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** योगी सरकार ने सोमवार को तीन आईपीएस अफसरों को तबादला कर दिया है। आईपीएस अशोक मुथा जैन को पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी से अपर पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, मोहित अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक। एटीएस यूपी लखनऊ को पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी व नीलाब्जा चौधरी पुलिस महानिरीक्षक प्रोविजनिंग पीएसी मुख्यालय को अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस में तैनात किया गया है।

### पाक को खुफिया जानकारी देने में कर्मचारी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) के एक कर्मचारी को पाकिस्तानी खुफिया जासूस के साथ प्रतिबंधित क्षेत्रों की संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह पाकिस्तान की महिला जासूस के हनी ट्रैप में फंसकर खुफिया जानकारी साझा कर रहा था। एटीएस के मुताबिक रायगढ़ जिले के अलीबाग के रहने वाले कल्पेश बाईकर (31 वर्ष) ने अलीबाग के एक आईटीआई कॉलेज से फिटर कोर्स पूरा किया।

### संदेशखाली : राष्ट्रीय महामंत्री सिलीगुड़ी से गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने सायं छात्रसंघ भवन पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध आंदोलित अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल को गिरफ्तार करने पर ममता सरकार का पुतला फूंका। अभाविप कार्यकर्ताओं ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिन्दू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका बलपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस सम्बंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### मुरादाबाद सीट से बसपा ने इरफान को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर बसपा ने मुरादाबाद सीट से इरफान सैफी को प्रत्याशी घोषित किया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रभारी शमसुद्दीन राइनी और नगीना के सांसद गिरीश चंद्र ने इरफान सैफी को मुरादाबाद सीट का उम्मीदवार घोषित किए जाने की जानकारी दी है। आप को बता दें कि बसपा सुप्रीमो ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने की खबरों का खंडन करते हुए विरोधियों पर बड़ा हमला बोला था। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। खासकर यूपी में बीएसपी की काफी मजबूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं।

### शेख शाहजहां के करीबियों को सीबीआई ने किया तलब

**कोलकाता।** शेख शाहजहां सीबीआई की हिरासत में हैं। उनका नाम ईडी पर हमले के आरोप में शामिल है। शाहजहाँ के करीबी इस समय सीबीआई के रडार पर हैं। कम से कम 10 लोग सीबीआई जांच के दल की विशेष नजर है। इसी बीच सोमवार को शेख शाहजहां के 10 करीबी लोगों को निज़ाम पैलेस में बुलाया गया। सीबीआई के मुताबिक घटना वाले दिन वे मौजूद थे। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, इनमें से कुछ के नाम शाहजहां की कॉल डिटेल से मिले हैं जबकि कुछ के नाम उनके फोन की टावर लोकेशन देखकर पता चला हैं। यानी पांच जनवरी को वे संदेशखाली के अकुंजीपाड़ा में मौजूद थे।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आई बस, कई लोगों की जलकर मौत

समृद्धि न्यूज

▸ मृतक परिजनों को 5-5 लाख, गंभीर घायलों को 50 हजार की मदद

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के खिरिया खड़ा गांव से सोमवार को शादी के लिए निकली बारातियों से भरी बस महाहर धाम के पास हाईटेंशन की तार के चपेट में आ गई। इससे बस में आग लग गई और कई बारातियों की जलकर मौत की खबर है। मौके पर आला अधिकारी मौजूद हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया है।

खिरिया खड़ा गांव से नंदू पासवान के बेटी की शादी के लिए सुबह जब बारातियों से भरी बस नाचते गाते हुए घर से निकली। बारातियों से भरी बस जैसे ही मंदिर के दरवाजे पर पहुंची तो वहां के प्रशासन ने बस को अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद चालक बारातियों से भरी बस को कच्ची सड़क से ले जाने लगा। ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बस धूं-धूंकर जलने लगी। इसकी चपेट में कई लोग आ गए। आनन-फानन में कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस हादसे में कितने बारातियों की मौत हुई है। भारी संख्या में झुलस गए हैं। बस में कुल 50 से 60 बाराती सवार थे। मुख्यमंत्री योगी ने इस हृदय विदारक घटना का संज्ञान लेते हुए आला अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक मदद की घोषणा की है वहीं गंभीर घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

### राजस्थान सीएम ने कैबिनेट संग किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा कैबिनेट के साथ सोमवार सुबह अयोध्या पहुंचे। सीएम के साथ 133 सदस्यों का डेलीगेशन भी था। दशरथ कुंड पर 100 करोड़ से बनने वाली माहेश्वरी समाज की धर्मशाला की नींव रखी। इस धर्मशाला में 300 कमरे होंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी इस दौरान परिवार के साथ मौजूद रहे। सीएम भजनलाल शर्मा ने रामलला को साष्टांग प्रणाम किया। फिर कहा- शताब्दियों की प्रतीक्षा, प्रण और प्रार्थना के बाद आज कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ रामलला का दर्शन किया। आज हम सभी आनंदित हैं, राममय हैं। प्रभु के चरणों में नमन करते हुए उनसे प्रार्थना की है कि रघुकुलनंदन की अनुपम और असीम कृपा राजस्थान परिवार पर सदा सर्वदा बनी रहे, सभी का मंगल हो, कल्याण हो।

## 12 तक चुनावी बॉन्ड का विवरण दे एसबीआई

### समय बढ़ाने की एसबीआई की याचिका को शीर्ष कोर्ट ने किया खारिज

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 12 अप्रैल 2019 से खरीदे और राजनीतिक दलों को दिए गए चुनावी बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने के लिए 30 जून 2024 तक समय बढ़ाने की स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की याचिका सोमवार को खारिज करते हुए उसे चेतावनी दी कि 12 मार्च तक चुनाव आयोग के समक्ष विवरण सौंप दे वरना उसके खिलाफ आवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 मार्च को कामकाजी समय के आखिरी वक्त तक चुनाव आयोग को सभी विवरण सौंप दे। इसके अलावा उसने चुनाव आयोग को उन विवरणों को 15 मार्च शाम पांच बजे तक अपने वेबसाइट पर डालने (प्रकाशित करने) का निर्देश दिया गया है। पीठ ने चुनावी बॉन्ड जारी करने वाले बैंक एसबीआई की याचिका खारिज करते हुए 12 मार्च तक कामकाजी समय के दौरान (संबंधित बॉन्ड) विवरण का खुलासा करने का निर्देश के साथ ही यह भी कहा कि निर्धारित समय पर विवरण का खुलासा नहीं करने पर अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ अपने आदेश में कहा, ÷एसबीआई के आवेदन से संकेत मिलता है कि मांगी गई जानकारी आसानी से उपलब्ध है। इस प्रकार 30 जून तक समय बढ़ाने की मांग करने की उसकी अर्जी खारिज की जाती है। एसबीआई को 12 मार्च 2024 के कामकाजी समय के आखिरी वक्त तक विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया जाता है।÷ शीर्ष अदालत ने एसबीआई का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे से कहा कि उसे (बैंक को) 15 फरवरी 2024 के (उच्चतम न्यायालय के) फैसले का पालन करना होगा, जिसने राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए 2018 में शुरू की गई चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किया था। पीठ ने निर्धारित समय सीमा छह मार्च तक विवरण सार्वजनिक नहीं करने पर एसबीआई की खिंचाई की।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराएं पर्यवेक्षक

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पर्यवेक्षकों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका याद दिलाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के आगामी आम चुनावों से पहले राज्यों में तैनात किए जाने वाले पर्यवेक्षकों के लिए एक ब्रीफिंग का आयोजन किया।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हाइब्रिड मोड में आयोजित ब्रीफिंग बैठक में आईएएस, आईपीएस अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय राजस्व सेवा और कुछ अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के 2150 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सीईसी ने इस बात पर जोर दिया कि आयोग के प्रतिनिधियों के रूप में पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे खुद को पेशेवर रूप से संचालित करें और उम्मीदवारों सहित सभी हितधारकों के लिए सुलभ हों।

### केंद्र को चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति रोकने के लिए याचिका दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग में रिक्त पदों पर वर्तमान कानून के अनुसार नियुक्तियां करने से केंद्र सरकार को रोकने की मांग की गई है। वर्तमान कानून भारत के मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति की प्रक्रिया से बाहर करता है। गौरतलब है कि चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने नौ मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। आवेदन में शीर्ष अदालत की मार्च 2023 की संविधान पीठ के फैसले के अनुसार चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति का निर्देश देने की मांग की गई है।

### बरेली के मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी

**बरेली।** जनपद में वर्ष 2010 के दंगे का मुख्य मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ एडीजे प्रथम फास्ट ट्रैक रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने सोमवार को गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। सीओ फर्स्ट संदीप कुमार को आदेश हुआ है कि 13 मार्च तक नोटिस को तामील करवाकर मौलाना को गिरफ्तार कर हर हाल में कोर्ट के समक्ष पेश किया जाए। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी को नोटिस तामील कराने में फेल रहने पर कोर्ट ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को आदेश जारी करके प्रेमनगर इंस्पेक्टर के खिलाफ दंडात्मक और विभागीय कार्यवाही करने का भी आदेश दिया है।

## ईडी ने जब्त की सुभाष यादव की 2.37 करोड़ रुपए की संपत्ति

एजेंसी

▸ 22 मार्च तक के लिए भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** ईडी ने पटना में अवैध रेत खनन और रेत की बिक्री से संबंधित मामले में सुभाष यादव व करीबी सहयोगियों के यहां से लगभग 2.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पटना में सुभाष यादव और उनके करीबी सहयोगियों से संबंधित छह ठिकानों पर तलाशी के दौरान लगभग 2.37 करोड़ रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी बरामद की गई। ईडी ने कार्रवाई 9 मार्च को (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत की थी। जांच एजेंसी ने कहा कि इस तलाशी अभियान के दौरान सुभाष यादव के एक कर्मचारी और करीबी सहयोगियों के परिसर से डिजिटल उपकरण को जब्त किया गया है। इसके साथ ही सुभाष यादव को गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि सुभाष यादव को 10 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए कोर्ट, पटना के समक्ष पेश किया गया। जहां से 22 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 85000 करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाएं आज होंगी लॉन्च

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय रेल भारत में प्रमुख राष्ट्रीय रेल परिवहन का माध्यम होने के साथ ही साथ भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे का भी एक अभिन्न अंग है। देश के रेलवे परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे हैं। भारतीय रेल में बदलाव लाने के लिए 85000 करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं को 12 मार्च को लॉन्च किया जाएगा।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने आज बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिनाँक 12.03.2024 को लॉन्च की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं जिनका माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्र को समपर्ण/शिलान्यास/उद्घाटन किया जाएगा के बारे में मीडियाकर्मियों अवगत कराया। शोभन चौधुरी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि उत्तर रेलवे को जिन नई परियोजनाओं से लाभ होगा उसका विवरण निम्नानुसार है। दिल्ली मंडल- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 माल गोदाम, जन औषधि केंद्र, एक रेल कोच रेस्तरां, आनंद विहार-तिलक ब्रिज तीसरी और चौथी रेल लाइन, 48 एक स्टेशन एक उत्पाद आउटलेट, 17 डीएफसी का लोकार्पण करेंगे।

**नामांकन**

### सीएम के दोनों डिप्टी सीएम और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे मौजूद

## बीजेपी और सहयोगी दलों के प्रत्याशियों ने किया नामांकन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** एमएलसी चुनाव में सोमवार को बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये।

विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में राजग गठबंधन के प्रत्याशियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, अपना दल के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल और सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और रालोद के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान परिषद के लिए नामांकन दाखिल करने वालों में भाजपा प्रत्याशी विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेन्द्र सिंह, अशोक कटारिया, रामतीर्थ सिंघल, धर्मेन्द्र सिंह व संतोष सिंह ने नामांकन किया।

अपना दल एस से आशीष सिंह पटेल, राष्ट्रीय लोकदल के योगेश चौधरी, सुभासपा के प्रत्याशी के रूप में बिच्छेलाल राम ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, कृषि राज्यमंत्री बलदेव औलख, बीजेपी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इसके पूर्व पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, अपना दल एस के अध्यक्ष आशीष पटेल, रालोद के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशियों का स्वागत अभिनंदन कर बधाई दी। इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

### सपा के तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य के लिए चुनाव में नामांकन का अंतिम दिन है। इस चुनाव में सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपनी पार्टी के तीन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। तीनों उम्मीदवारों ने विधान भवन पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। उप्र विधान परिषद चुनाव के लिए सपा ने बलराम यादव, किरण पाल ने नामांकन कराया। जबकि तीसरे उम्मीदवार के रूप में हाल में पार्टी में शामिल हुए गुड्डू जमाली को भी सपा नेतृत्व ने विधान परिषद भेजने का निर्णय लिया है। सपा उम्मीदवारों के नामांकन के दौरान पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव साथ नहीं थे। हालांकि नामांकन की इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी के साथ पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, नेतागण उपस्थित थे।

# जुगाड़ वाहनों में प्रयोग हो रहीं बिना रजिस्ट्रेशन की बाइकें





## कैसे बनता है जुगाड़ वाहन?

तीन पहियों वाली ठेलिया को काटकर उसमें मोटरसाइकिल की चेचिस को फिट कर देते हैं जिससे अगला हिस्सा मोटरसाइकिल का और पिछला हिस्सा ठेलिया का होता है। बस तैयार हो गया जुगाड़ वाहन। इन जुगाड़ वाहनों में लोग अक्सर ऐसी मोटरसाइकिल का प्रयोग करते हैं जिसका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका होता है। जिससे लोग माल ढुलाई कर पैसा कमा रहे हैं और सड़क पर चल रहे जुगाड़ वाहन चालकों को प्रशासन का भी कोई डर नहीं है।

## पर्यावरण को कर रहे प्रदूषित

मोटर व्हील्स एक्ट के अनुसार जुगाड़ वाहन किसी भी वाहन की श्रेणी में नहीं आते हैं। आम वाहनों के लिए रोड टैक्स, इंश्योरेंस, फिटनेस सहित तमाम तरीके टैक्स देय होते हैं लेकिन इन वाहनों के चालक कोई टैक्स नहीं देते। वाहन एक्ट के अनुसार सड़क पर बिना पंजीकरण कोई गाड़ी चलाना अपराध की है। साथ ही प्रदूषण करने वाले वाहन चलने पर प्रतिबंध है लेकिन प्रतिबंध होने के बावजूद यह जुगाड़ वाहन वातावरण को प्रदूषित करते हुए सड़कों पर बेरोक टोक दौड़ रहे हैं।

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सड़क पर चलने के लिए बाइक का रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है। यदि बाइक का रजिस्ट्रेशन नहीं है तो पुलिस उस बाइक को सीज कर थाने में खड़ी कर देती है। फिर वाहन स्वामी को अपनी बाइक छुड़ाने के लिए कोर्ट कचहरी की लंबी प्रक्रिया से गुजरना होता है। लेकिन जुगाड़ वाहनों में प्रयोग की गई बाइकों का कोई रजिस्ट्रेशन बीमा फिटनेस आदि नहीं होता फिर भी यह वाहन सड़कों पर फर्राटा मारते नजर आते हैं। यह सब पुलिस को दिखाई नहीं देता क्योंकि शायद बाइक से बना जुगाड़ वाहन किसी भी श्रेणी में नहीं आता। यदि इस वाहन से कोई दुर्घटना घटित हो जाए तो पुलिस भी असमंजस में पड़ जाएगी की वाहन कौन सा था।

अक्सर देखने में आता है कि दो पहिया वाहन पर अगर तीसरी सवारी बैठी हो तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा उसका चालान कर दिया जाता है। लेकिन इससे हटकर शहरों से लेकर गांवों तक में घूम रहे जुगाड़ वाहनों को पुलिस नजर अंदाज कर रही है। चल रहे इन जुगाड़ वाहनों से होने वाले हादसों के बाद भी इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। यह जुगाड़ वाहन सड़कों पर बिना रोक-टोक फराटा भरते देखे जा सकते हैं इन वाहनों की वजह से कभी-कभी जाम की स्थिति भी बन जाती है ऐसे वाहनों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई भी नहीं की जाती। कानून को ताक पर रखकर यह वाहन ओवरलोड सामान भरकर बीच बाजार से होकर गुजरते हैं जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि गैर कानूनी रूप से चल रहे इन अवैध वाहनों से हादसे का भय भी बना रहता है।

पुरानी मोटरसाइकिल और स्कूटर का प्रयोग कर बनाए गए अवैध जुगाड़ वहां सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते हुए दिखाई देते हैं बेरोकटोक चल रहे इन जुगाड़ वाहनों पर अवैध रूप से रेत, बजरी, सीमेंट,सरिया,ईंट आदि भारी सामान का परिवहन किया जा रहा है उनके विरोध में न तो पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई करता है और ना ही परिवहन विभाग इस ओर ध्यान दे रहा है इनमें से अधिकतर वाहनों के रजिस्ट्रेशन का समय भी समाप्त हो चुका है। हैरानी की बात यह है की ऐसे लोगों के खिलाफ नियमों के अनुसार कार्रवाई करना तो दूर पुलिस उनकी तरफ ध्यान तक नहीं देती। जहां पहले एक आध ऐसे वाहन ही चलते थे वहीं अब इनकी संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। शहरी इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अलग से पुलिस कर्मी तैनात हैं लेकिन ट्रैफिक पुलिस की ढीली कार्यशैली के चलते लोगों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि सामान आदि धोने के लिए दुकानदार भी मोटरसाइकिल स्कूटर, मोपेड के इंजन के कुछ हिस्सों को ठेलिया के आगे जोड़कर व्यापारिक कार्य कर रहे हैं बिना नंबर बिना टैक्स बिना परमिट के चल रहे इन वाहनों से जहां नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं वहीं सरकार को भी लाखों रुपए का चूना लग रहा है।

# डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



सोमवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। डीएम ने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, उन विभाग के अफसरों से जाना कि वह कैसे लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए। डीएम ने वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, वन विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही के सम्बन्ध में भी जानकारी ली एवं जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गतवर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे। बैठक में डीएम ने न्यायालय में लम्बित मुकदमों की समीक्षा करते हुये समस्त एसडीएम व तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। राजस्व वादों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसलिये सम्बन्धित अधिकारीगण अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें। डीएम ने अन्त में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत् प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, जिन विभागों द्वारा आरसी जारी की गयी है, राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनकी वसूली सुनिश्चित करायें।



## हैदराबाद पुलिस ने चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील गांवों में किया रुट मार्च

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्राधिकारी गोला थाना प्रभारी हैदराबाद खीरी व सहायक कमाण्डेट प्रवीन यादव 93 ब्रह सीआरपीएफ बाराबंकी के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बल व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम महेशपुर, अशर्फीगंज, ममरी , छितौनिया , जडौरा मे मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया तथा ग्राम कपरहा , कोटवारा , भल्लिया बुजुर्ग मे आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहारो के दृष्टिगत फ्लैग मार्च किया गया तथा मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।

## अब व्यावसायिक शिक्षा भी ग्रहण करेंगे स्कूलों के बच्चे

**लखीमपुरखीरी, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को अब व्यावसायिक शिक्षा भी दी जाएगी। इसके अंतर्गत अन्य विषयों के साथ ही उनके मूलभूत कौशल का भी विकास किया जाएगा। इतना ही नहीं बल्कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच आत्मनिर्भर भारत (वो कल फार लोकल) को भी बढ़ावा मिलेगा और सामान्य विषयों के साथ-साथ छात्राओं को रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा मिल सकेगी। इसमें परिवेशीय रोजगार जैसे कृषि बढ़ई गिरी कंप्यूटर कोडिंग सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े कौशल सहित गृह कार्य से संबंधित अन्य कौशलों को सिखाया वा पढ़ाया जाएगा जिसमें रुचि के अनुसार बच्चे किसी न किसी एक कौशल में पारंगत हो सकेंगे। इसके अंतर्गत जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# डीएम ने सुनी फरियाद, वृद्ध को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**लखीमपुरखीरी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार सुबह निघासन तहसील के ग्राम गौढ़ीपुरवा (झंडीराज) निवासी वृद्ध छोटेलाल जिलाधिकारी जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के समक्ष प्रस्तुत होकर मदद की गुहार लगाई। इस पर डीएम ने कहा कि बिलकुल भी चिंता मत करिए। आपकी हर परेशानी दूर की जाएगी। अपनेपन के एहसास में सराबोर यह भरोसा जब खुद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दिया है तो उस भरोसे के अवश्यसंभावी परिणति की उम्मीद में गुहार करने वाले के चेहरे पर चमक और संतोष का भाव उभरना स्वाभाविक ही है। आत्मीय भरोसे और उस पर संतोष की तस्वीर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली। डीएम ने फरियादी छोटेलाल की वृद्धावस्था पेंशन के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशुशेखर, राशन कार्ड के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को दफ्तर बुलवाया। निर्देश दिए कि आवेदन के लिए जरूरी प्रपत्र लेकर न केवल आवेदन करवाया जाए बल्कि जल्द ही लाभ प्रदान किया जाए।

## संवाद कार्यक्रम के पश्चात यूनिफार्म वितरित

मितौली विकासखंड सभागार में खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार की अध्यक्षता में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लखपति दीदियों से ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम के समापन के पश्चात खंड विकास अधिकारी ने बी सी सखियों को यूनिफॉर्म का वितरण किया गया।

## खबरें एक नजर में

### भिन्न-भिन्न अपराध के तीन आरोपियों को 02-02 वर्ष का कारावास व अर्थदंड की सजा

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के दिशानिर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन की मंसा के अनुरूप माइनेटरिंग सेल व सम्बंधित थाना की पुलिस की प्रभारी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा 08 अपराधिक मामलों के 10 दोषियों को कारावास व अर्थ दण्ड की सजा से दण्डित किया गया है । बताते चले की थाना मैलानी के ग्राम केशरीपुर के निवासी नवाब पुत्र सेन्दू व थाना कोतवाली गोला क्षेत्र के काशीराम कालोनी गोला के निवासी शराफत व वारिस पुत्रगण मुबारक को भिन्न भिन्न अपराध करके समाज में दोषी पाये जाने पर थाना गोला जिला खीरी के मामले में न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट - 04 खीरी द्वारा विचारण उपरान्त तीनो दोषियों को दो - दो वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रूपये के जुर्माना से दण्डित किया है।


### नशे में धुत बेटे ने पिता की कर दी पिटाई, मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नशे में कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर दी जिससे पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। दो दिन पूर्व घायल हुए पिता की आज निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को हिरासत में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। मामला लोनीकटरा थाना क्षेत्र के छंदरौली गांव का है। जहाँ पर शनिवार को उक्त गांव निवासी नौरँग लाल उर्फ प्रियांशु वर्मा नशे में धुत होकर किसी बात को लेकर अपने बुजुर्ग पिता दिनेश कुमार की पिटाई कर मरणासन्न कर दिया था। बेहोशी की हालत में परिजन डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सी एच सी त्रिवेदीगंज लेकर पहुंचे थे, जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामां सेंटर रेफर कर दिया था,लेकिन जवाब हो जाने के बाद घर वापस आकर सोमवार को निजी अस्पताल आर एस मकनपुर में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### बाइक ने मारी साइकिल सवार को टक्कर, घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** तेज रफ्तार से मोटर साइकिल चला रहे एक युवक ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।मौजूद लोगो के सहयोग से घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर भेजा गया जहां हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार सोमवार को लगभग 4 बजे कस्बे के मोहल्ला शाह कटरा वसीनगर मार्ग पर रहमत के होटल के पास मुतफर्रिक आबादी निवासी ज़यिाउलहक पुत्र सफीक आलम अंसारी साइकिल से अपने घर की ओर आ रहा था कि आचानक तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल यूपी 41 एसी 0259 की जोरदार टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु लोगो के सहयोग से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैदपुर भेजा गया। जहां से हालत ज्यादा ख़राब होने के चलते जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया है। घायल के सर व सीने पर चोटे अधिक होने के चलते हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक मौके पर मोटर साइकिल छोड़ चालक फरार हो गया।

### ग्रामीण महोत्सव आयोजित



**जैदपुर, बाराबंकी।** मारूति सुजुकी एरीना बाराबंकी द्वारा जैदपुर के खेल मैदान मे ग्रामीण महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन अंकिता शुक्ला एआरटीओ बाराबंकी द्वारा फीता काट कर किया गया।जानकारी के अनुसार जैदपुर के नगर पंचायत के बगल खेल के मैदान में सोमवार को ग्रामीण महोत्सव में मुख्य अतिथि अंकिता शुक्ला एआरटीओ बाराबंकी द्वारा फीता काटकर व दीप जलाकर उद्घाटन किया गया।वही चेयरमैन प्रतिनिधि प्रतिनिधि दाऊद अंसारी का स्वागत किया गया।साथ महोत्सव के दौरान मारूति सुजुकी की बुकिंग करने वाले राजाराम,ग्या प्रसाद सहित दर्जनो लोगो को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर हीरो एजेंसी जैदपुर के प्रबंधक समाजसेवी मोहम्मद सालिम,पूर्व प्रधान तव्वाब अंसारी,वरिष्ठ पत्रकार अज़मी रिजवी,अकरम खान,नदीम खान,विरेंद्र गुप्ता,कलीम अंसारी महेंत शुक्ला, अश्वनी,मोहित पांडे,अमन,मुस्तफा अली सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से विद्यालय में जा रहा गंदा पानी

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान और सचिव की लापरवाही के चलते अभी तक विद्यालय की बाउंड्री नही पूर्ण हो पाई जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी विद्यालय में बह रहा है। पसगवॉ ब्लॉक की ग्राम पंचायत किशनपुर अजीत में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय जाने वाले बच्चे गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक घरों से निकलने वाला गंदे पानी का सही निकास न होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। सरकार गांव से गंदगी दूर करने तथा मूलभूत सुविधा को उपलब्ध कराने को लेकर चाहे जितने भी दावे कर ले मगर ग्रामीण क्षेत्रों में तस्वीर नहीं बदल रही है। पसगवॉ ब्लाक मुख्यालय से सटे गांव में ही गंदगी का अंबार लगा है। घरों से निकलने वाला गंदे पानी नालियों की साफ-सफाई नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहे है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि परिषदीय विद्यालय के बच्चे गंदे पाने के बीच से होकर विद्यालय जाने को मजबूर हो रहे है।

> इस संबंध में विद्यालय के अध्यापक प्रवीण कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान को अवगत करा चुके हैं लेकिन ग्राम प्रधान बजट का रोना रो देते हैं।

> इस संबंध में सचिव कौशल से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया है कि जल्द से जल्द इस समस्या का अस्थाई समाधान किया जाएगा?

## जवानों के साथ पुलिस ने किया पैदल गश्त

**भीरा खीरी।** होली त्योहारों व लोकसभा चुनाव को देखते हुए भीरा कोतवाली पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से बिना किसी दबाव व खौफ के मतदान करने की अपील की। इसके अलावा चेतावनी दी कि अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैगमार्च भीरा कोतवाली से शुरू होकर भीरा क़स्बा होते हुए भानपुर, बिजुआ, पड़रिया तुला सहित रोड के तमाम गांवो में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने भौगोलिक स्थिति का अवलोकन कर पूरी जानकारी ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि त्यौहार व चुनाव में गड़बड़ी करने और अफवाह फैलाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करें।

# चुनावी अभियान का अंतिम रूप देने में जुटे राजनैतिक दल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल तैयारी में जुट गए हैं सभी दल अपने चुनावी कैंपेन को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इसी क्रम में आज नईसड़क स्थित बाल विकास बालिका इंटर कॉलेज में इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के जिले व प्रदेश स्तरीय नेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी से बाराबंकी के पूर्व सांसद रामसागर रावत द्वारा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह गोप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जो 'सबका साथ सबका विकास का नारा' है वो कहीं दिख नहीं रहा है. बीजेपी सिर्फ पीडीए का वोट लेना चाहती है लेकिन उनका हक और सम्मान नहीं दिलाना चाहती है. उत्तर प्रदेश की जनता स्वागत बहुत अच्छा करती है लेकिन इसबार विदाई भी अच्छा करेगी।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामनगर रावत रामगोपाल रावत कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रीतम वर्मा विश्राम राज पासी नगर पंचायत हैदरगढ़ से चेयरमैन प्रत्याशी पप्पू सिद्दीकी गौतम रावत सहित कई बड़े नेताओं ने बैठक को संबोधित किया और वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जन विरोधी किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है और लोकसभा 53 बाराबंकी से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी बहुमत से जीताना है। बैठक में प्रमुख रूप से सभासद सूरज दीक्षित बृजेश मिश्रा हिमांशु यादव परशुराम यादव रामरूप रावत रमेश चौधरी वासुदेव मोहम्मद तय्यब युवा नेता आसिफ कुरेशी फतेह खान सहित समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्याशी को जिताने का करेंगे मार्ग प्रशस्त: गोप

## कार्यकर्ताओं ने मुझे विधायक और मंत्री बनाने का काम किया था इसलिए इन कार्यकर्ताओं पर मुझे पूरा भरोसा और विश्वास है

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को बढ़त दिलाने के साथ-साथ प्रत्याशी की जीत का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे। हैदरगढ़ के संघर्षील जुझारू कर्तव्यनिष्ठ इन्हीं कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत से कई बार विपरीत परिस्थितियों में सकारात्मक परिणाम लाने का काम किया है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह ने विधानसभा हैदरगढ़ मे नई सड़क चौराहे पर समाजवाद की पाठशाला पूर्व सांसद रामसागर रावत की अध्यक्षता में आयोजित इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक मे उपस्थित दोनों पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि विधानसभा हैदरगढ़ के कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी मानकर दिन रात मेहनत करते हुए प्रत्याशी और पार्टी को मजबूत करने का काम हमेशा करते आए हैं इन्हीं कार्यकर्ताओं ने मुझे विधायक और मंत्री बनाने का काम किया था इसलिए इन कार्यकर्ताओं पर मुझे पूरा भरोसा और विश्वास है, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को हैदरगढ़ विधानसभा से सबसे ज्यादा वोंटो से बढ़त दिलाकर संसद में भेजने का काम हम सबको करना है। संयुक्त बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव इंडिया गठबंधन के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व मंत्री नकुल दुबे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, रितेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश मिश्रा सहित कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए गठबंधन को मजबूती प्रदान करते हुए गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने की अपील की।

# राज्यमंत्री-सांसद ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




नगर पंचायत टिकैतनगर में सोमवार को खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने 5.43 करोड़ की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क, तालाबों का सुंदरीकरण, नाला निर्माण सहित बीस विकास कार्यों का लोकार्पण किया। चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राज्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान देने के नारे और वादे आजादी के बाद से ही चलते रहे हैं, लेकिन इन नारों को हकीकत में बदलने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। आज उसी का परिणाम है कि हर व्यक्ति को मकान की गारंटी हर व्यक्ति को आजीविका की गारंटी और रोटी की गारंटी केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर दे रही है। कहा कि हमारा व सरकार का उद्देश्य पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कोई भी लाभार्थी किसी भी दशा में योजना से वंचित न रह सके। सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार तमाम कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शितापूर्ण तरीके से संचालित कर रही है। सांसद ने कहा कि योगी मोदी के नेतृव में यूपी आगे बढ़ रहा है। कहा कि अपनी नीतियों और योजनाओं से गांव, गरीब,किसान,दलित और पिछड़े वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने वाली केन्द्र की नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार लोकप्रियता के शिखर पर है। ईओ शीलू अवस्थी,ब्लाक प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू,पूर्व ब्लाक प्रमुख देवा नंद पांडेय,राकेश शुक्ला, पवन सिंह रिंकू, बीरेंद्र पाण्डेय,महेश गुप्ता,राजकुमार पाण्डेय, कृपा शंकर शुक्ला, दिलीप मिश्रा,राजेश शर्मा,फक्कड़ युगल किशोर शुक्ला,मौजूद रहे।

# मेरा वोट मेरा अधिकार: बाल गोविन्द वर्मा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जेबीएस संस्थान दुल्हदेपुर में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं को संस्थान के विभागाध्यक्ष बाल गोविंद वर्मा ने संबोधित करते हुए मेरा वोट मेरा अधिकार के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात समस्त छात्र छात्राओं को तथा प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं को शत प्रतिशत मतदान करने वा अपने अपने घर परिवार के साथ ही पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली, निबंध लेखन वा भाषण आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग भी किया गया। पहली बार वोटर बनने वाले छात्र छात्राओं में इस बार होने वाले इलेक्शन में मतदान करने को लेकर काफ़ी उत्साह दिखाई दिया। संस्थान के वरिष्ठ लिपिक मो शुएब ने भी उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आनंद कुमार सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह के साथ ही समस्त प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

> संस्थान के वरिष्ठ लिपिक ने उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी

## कोटेदारों को झोले का वितरण

**जैदपुर बाराबंकी।** सरकार के आदेशानुसार नगर पंचायत जैदपुर मे कोटेदारो द्वारा सभी कार्ड धारको को झोला वितरण किया गया। झोला मिलते ही लोगो मे खुशी का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर पंचायत जैदपुर के तमाम कोटेदारो की सरकारी दुकानो पर झोला लेने के लिये भारी संख्या मे लोग जमा हो गये।कार्ड धारको को कोटेदारो द्वारा झोला दिया गया। बताते चले कि सरकार राशनकार्ड धारको झोला वितरण करने मे शमीम बरायन,आफताब आलम कुरेशी,जुबेदा बानों,खुर्शीद आलम,मो इसराइल कुरैशी,अतीक चौधरी, हाजी,मो सलीम,सुधीर कुमार जायसवाल,सकीना बानो वसीनगर ने सभी कार्ड धारको को सूचना देकर सोमवार को अपनी अपनी सरकारी राशन की दुकानो पर बुलाकर आये कार्डधारको को झोला वितरण किया।

# मनुष्यता को आह्लादित करने वाला है सीएए लागू करने का निर्णय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे मनुष्यता को आह्लादित करने वाला निर्णय बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार शाम लिखे अपने संदेश में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है।

मुख्यमंत्री योगी ने लिखा है, पीड़ित मानवता के कल्याणार्थ नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू करने का निर्णय ऐतिहासिक है। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मनुष्यता को आह्लादित करने वाले इस मानवीय निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार एवं गृहमंत्री अमित शाह का धन्यवाद। इस अधिनियम के अंतर्गत भारत की नागरिकता प्राप्त करने जा रहे सभी भाइयों-बहनों का हार्दिक अभिनन्दन।

# कार्यपालिका, व्यवस्थापिका व न्यायपालिका के कंधों पर है संविधान का सम्मान

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हमारा संविधान हमारा सम्मान विषय पर हुई कार्यशाला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत के 75वें आजादी के अमृत महोत्सव पर्व मनाए जाने के क्रम में न्याय विभाग तथा सीएससी-ई- गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड भारत सरकार के द्वारा जन-जन तक अपनी जनहित सेवाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं मेले का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मर्करी सभागार लखनऊ में किया गया।

कार्यशाला के अंतर्गत जन सेवा जनता के द्वार अभियान के द्वारा जिसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर के सीएससी संचालकों का प्रशिक्षण और आम जनता तक यह योजना पहुंचाना था, टेली-ला कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन करना और राज्य में टेली-लॉ, न्याय बधु, न्याय सेतु और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला-ग्राम स्तर पर हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार सिंह उप महानिदेशक तथा निदेशक डा. प्रवीन कुमार सिंह क्षेत्रीय कार्यालय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ को शाल तथा मोमेंटों देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि भारत के संविधान में संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। सर्विस सेंटरों के माध्यम से टेली-ला योजना एक वरदान के रुप में साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज कानपुर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौजूद वीएलई ग्रामीण स्तरीय उद्यमी तथा लोगों को सचित्र वर्णन करते हुए योजना के संबंध में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान टेली-लॉ सेवा में सर्वोत्तम कार्य करने वाले सीएससी जिला प्रबन्धक पैनल लायार तथा वीएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएससी के नमिता द्विवेदी तथा पैनल लायर नेहा ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण राज्य से लगभग 450 कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों समेत द्वारा सीएससी से संबद्ध 70 से अधिक पैनल लायरों ने प्रतिभाग किया।

### राज्य मंत्री ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल तथा स्टेट हैड सीएससी राजेश मिश्रा ने किया। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि नें भारत सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये सीएससी के प्रयासों की सराहना किया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न सेवाओं पर आधारित स्टालों का निरीक्षण किया और प्रचार-प्रसार वाहन को झंडी दिखाई। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी ने कहा कि हमारे संविधान का सम्मान लोकतंत्र के कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका पर टिकी है।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कालिदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर सुनी जन समस्याएं

# समस्याओं को जल्द हल करें अफसर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालिदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।

जनता दर्शन में लगभग 2 दर्जन ज़िलों से आए लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखीं। उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।



### समृद्ध विकास से नागरिकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**लखनऊ।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ ही उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है। नगरों के समृद्ध विकास के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार हो, इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है। इसी दृष्टि से नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की 3419 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कल 12 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के कर-कमलों द्वारा किया जा रहा। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नगरीय जीवन को बेहतर बनाने के लिए यहां की नगरीय व्यवस्थापन को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही। प्रदेश की योगी सरकार ने इसके लिए कई विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। नगरों को स्वच्छ बनाने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा। नगर विकास मंत्री ने बताया कि विभाग की 22 योजनाओं के तहत नगरों के विकास के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है।

## पथराव मामले में सात के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अकबर नगर पहुंची एलडीए की टीम एवं पुलिसकर्मियों पर पथराव के मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर की गयी है। एलडीए के अधिकारी संजीव कुमार ने महानगर थाना में तहरीर देकर मोहम्मद नौशाद, फजल अहमद, मोहम्मद सैफ खान, आदिल इश्तियाक, हबिदुल, अरशद वारसी और रेहान अली के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करायी है। सौ के करीब अज्ञात लोगों पर भी एफआईआर दर्ज हुई है। अकबर नगर में एलडीए की टीम पर पथराव मामले में सोमवार को महानगर थाना में धारा 2 व 3 और दंड विधि अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत एफआईआर लिखी गयी है।

# किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य दिलाना प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आलू उत्पादन, भण्डारण व बाजार मूल्य के संबंध में सोमवार को सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसानों को आलू के भण्डारण और विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। आलू के सीजन से पहले सभी मंडियों को क्रियाशील करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि आलू के रेट तथा कोल्ड स्टोरेज की क्षमता और उपलब्धता को सम्बन्धित पोर्टल पर प्रतिदिन अपडेट कराया जाये। मुख्यालय स्तर पर भी जनपद स्तर से इसकी प्रतिदिन रिपोर्ट ली जाये। उन्होंने कहा कि पुराने कोल्ड स्टोरेज को पूरी तरह से मार्डनाइजेशन कराया जाये। बैठक में बताया गया कि देश में कुल आलू उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। प्रदेश में छह लाख से अधिक किसानों द्वारा आलू की खेती की जाती है। प्रदेश में गत वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। वर्तमान में औसत बाजार मूल्य 1039 रुपये प्रति कुन्तल (दिनांक 07 मार्च, 2024), जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 63 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान वर्ष में गत वर्ष की अपेक्षा शीतगृहों की संख्या एवं भण्डारण क्षमता में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रदेश में कुल 17092355.37 मीट्रिक टन के 2048 शीतगृह उपलब्ध है, जिसमें 11964648.76 भण्डार हेतु स्थान रिक्त है। जनपदों में आलू भण्डारण व्यवस्था सुचारु करने के लिए प्रतिदिन अनुश्रवण एवं मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया।

## नगर पंचायत बोर्ड बैठक में ईओ की कार्यशैली पर उठे सवाल, काटा हंगामा

**लखनऊ।** नगर पंचायत मोहनलालगंज में सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक में पहुंचे सभी वार्डो के 16 सभासदों ने ईओ मनीष राय पर गंभीर आरोप लगाते हुए लगभग दो घंटे से ज्यादा समय तक चली अबतक की सबसे देर तक चलने वाली बोर्ड बैठक में जरूरी रिकार्ड उपलब्ध न करा पाने से नाराज सभासदों ने प्रस्ताव रजिस्टर पर हस्ताक्षर नही किया। बैठक की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में उपस्थित सभी सभासदों द्वारा एकराय होकर पूछे गए योजनाओं की जानकारी तथा बीते 27 मई 2023 में शपथ ग्रहण के बाद से अबतक सरकार द्वारा किन किन मदो में कितना रुपया आया व कितना रुपया विकास कार्यों में खर्चा हुआ तथा शेष कितना अवशेष बचा जिसका सही जवाब ईओ मनीष राय नही दे सके वही मौजूद सभासदों ने वर्तमान समय में कितनी फर्मों का रजिस्ट्रेशन नगर पंचायत मोहनलालगंज में है जो कार्य कर रही है उन फर्मों का नाम पूछा जिसमे ईओ टाल मटोल करते हुए बगले झांकने लगे फर्मों का नाम बताने से मना कर दिया। जिसके बाद सदन में मौजूद सभी सभासदों ने हंगामा काटना शुरु किया।

# मनरेगा कन्वर्जेंस से कराए जा रहे कार्यों पर रखी जाए पैनी नजर

- अनियमितता पर अभियंताओं से वसूली के आदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा व मनरेगा कन्वर्जेंस से विभिन्न विभागों द्वारा कराये जा रहे कार्यों पर लगातार पैनी नजर रखी जाय, कार्यों लगातारनिरीक्षण व पर्यवेक्षण किया जाए और फील्ड विजिट करते हुये नियमित रूप से समीक्षा की जाए।

सिद्धार्थनगर में मनरेगा के तहत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये गये कतिपय कार्यों में अनियमितता किये जाने का मामला आईजीआरएस के तहत ग्राम्य विकास आयुक्त के संज्ञान में लाया गया था। जिस पर ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी द्वारा जांच करायें जाने के निर्देश दिए गए थे। प्रकरण की जांच परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में गठित त्रिस्तरीय समिति द्वारा करायी गयी। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि जांच समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी जांच आख्या के आलोक में उत्तरदायी अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध वसूली एवं विधिक कार्यवाही जिला अधिकारी सिद्धार्थ नगर द्वारा प्रचलित की गयी है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में अन्य विभागों के माध्यम से कराये गये कराये जा रहे कार्यों की जांच, निरीक्षण में मिली शासकीय क्षति की वसूली 50 प्रतिशत माप करने वाले,35 फीसदी भुगतान की संस्तुति करने वाले व 15 प्रतिशत भुगतान करने वाले अधिकारी से किये जाने का प्राविधान है। दिलीप कुमार सिंह अवर अभियंता सेवानिवृत्त से 2 लाख, शिव शंकर सहायक अभियंता अधिशाषी अभियंता सेवानिवृत्त से187500 प्रवीर कुमार गुप्ता सहायक अभियंता सेवानिवृत्त से 131250 व रउफ अहमद अधिशासी अभियंता सेवानिवृत्त से 56250 की वसूली किये जाने व विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाकपा ने छह लोस सीटों पर लड़ने का लिया फैसला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इंडिया गठबन्धन की भागीदार और उत्तर प्रदेश में वामपंथी मोर्चे की प्रमुख घटक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों में छह लोकसभा सीटों पर लड़ने का प्रस्ताव सीपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी को अनुमोदन हेतु भेजा है। विचाराधीन अन्य सीटों पर राष्ट्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद निर्णय लिया जायेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के अनुमोदन के बाद इन सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी। यह निर्णय आज यहां संपन्न भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल की बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव का. अरविन्द राज स्वरूप ने की। बैठक में राज्य पार्टी के केन्द्रीय प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा. गिरीश ने देश प्रदेश के राजनैतिक हालातो पर चर्चा की और मार्गदर्शन किया। भाकपा राज्य सचिव ने कहा गया है कि वामपंथी दल उत्तर प्रदेश में आम जनता के ज्वलन्त सवालों पर उत्तर प्रदेश में निरन्तर मिल कर संघर्ष कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर वे भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों और कारगुजारियों का पर्दाफाश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबन्धन के कुछ घटक दलों ने एकतरफा तरीके से लोकसभा सीटों की घोषणा कर दी तथा आज तक वामपंथी दलों से न तो कोई वार्ता की और न ही गठबन्धन की संयुक्त बैठक बुलाई। इन स्थितियों में वामदल अपनी पार्टी द्वारा लड़ी जाने वाली सीटों को चिन्हित करने को बाध्य हुये हैं। भाकपा ने बांदा, गाजीपुर, घोसी, राबर्ट्सगंज सु. शाहजहांपुर सु. एवं धौरहरा लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। भाकपा के बयान में कहा गया कि वामपंथी दलों के बीच समन्वय पर बातचीत जारी है।



मण्डलायुक्त ने की सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

# वाहनों के निर्धारित किराये को लागू कराने के निर्देश

- बैठक में नये सीएनजी परमिटों को मिली हरी झंडी
- निर्धारित रुटों पर ही ई-रिक्शा चलाने के निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को आयुक्त सभागार में मण्डल स्तरीय सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त, देवीपाटन मण्डल योगेश्वर राम मिश्र ने नए सीएनजी परमिटों को हरी झंडी, वाहनों के निर्धारित किराए को लागू कराने के निर्देश, निर्धारित रूटों पर ही ई रिक्शा चलाये जाने के संदर्भ में निर्देश दिये हैं।

यातायात की सुगंता एवं ट्रैफिक जाम से मुक्ति हेतु जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा के संचालन हेतु गोण्डा शहर में चार रूटो को निर्धारित किया गया है।

रेलवे स्टेशन से पोर्टरगंज वाया बड़गांव, गुरुनानक चौराहा, एल0बी0एस0 चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, कचेहरी, रेलवे स्टेशन से सद्धभावना वाया बड़गांव, मनकापुर बस स्टैण्ड। मिश्रौलिया चौकी से रोडवेज तिराहा होते हुए वाया, एल0बी0एस0 से आई0टी0आई चौराहा होते हुए झझरी तिराहा तक, मिश्रौलिया चौराहा से सोनी गुमटी वाया रोडवेज, गुरूनानक चौराहा गुड्डूमल्ल, डब्बूमल्ल, महाराजगंज, मनकापुर बस अड्डा। गोण्डा शहर के पते पर लगभग 2500 ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, जिनमें से 1700 ई-रिक्शा के लिए रूटवार नम्बरिंग कर दिया गया है। शेष 800 ई-रिक्शा पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा शीघ्र ही नम्बरिंग कर दी जायेगी। रूटवार संचालन हेतु ई-रिक्शा चालकों को परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा लाउड स्पीकर के माध्यम से जागरूक भी किया गया है। रुटवार संचालन न करने वाले ई-रिक्शा चालकों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही भी प्रारम्भ की जा चुकी है। अब तक लगभग 300 ई-रिक्शा का चालान किया जा चुका है, तथा 25 ई-रिक्शा बन्द भी किये गये है।



इस अवसर पर जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा, सीडीओ गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती तथा उमाशंकर यादव, संभागीय परिवहन अधिकारी, अजय कुमार संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन, शैलेन्द्र तिवारी यात्री कर अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मिश्रौलिया क्रासिंग ओवरब्रिज के कार्यों के प्रगति का लिया जायजा

- ओवरब्रिज के कार्यों में प्रगति लाकर समय से करें तैयार : जिलाधिकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मिश्रौलिया रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज पर चल रहे सेतु निर्माण के कार्यों की प्रगति का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वहां पर उपस्थित रेलवे एवं सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि सभी ओवरब्रिज पर चल रहे कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय से तैयार करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही उन्होंने सेतु निगम व रेलवे के अधिकारियों से कहा है कि आपस में संवाद स्थापित करते हुए बचे हुए कार्यों को समय से पूर्ण करायें। इसके साथ ही उन्होंने वहां पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि क्रासिंग के आस पास खराब व गढ्ढायुक्त सड़कों को तत्काल सही कराकर हमको अवगत करायें। ताकि जनसमान्य के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, रेलवे के अधिकारी, सेतु निगम के संबंधित अधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खबर का असर : ईंटों के टुकड़ों और राबिश से भरा गया सड़क का गड्ढा

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



- राहगीरों ने कहा कि राबिश और ईंटों के टुकड़ों से भरा गया गड्ढा कितने दिन देगा साथ

तहसील मुख्यालय स्थित कर्नलगंज बस स्टैंड मुख्य चौराहे के पास सड़क के बीचों बीच बना एक बड़ा जानलेवा गड्ढा किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा था और जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण सड़क के बीच बने इस गड्ढे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। यही नहीं यहां से रोजाना हजारों वाहन निकलते हैं लेकिन जिम्मेदार किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे थे और इसकी तत्काल मरम्मत कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा था। लोगों ने शीघ्र ही इसकी मरम्मत ना होने पर किसी बड़ी दुर्घटना के घटित होने की आशंका जताते हुए इस जानलेवा गड्ढे की तत्काल मरम्मत कराये जाने की मांग की थी। इस समस्या के संबंध में समाचारपत्र में प्रमुखता से बीते दिनों "सड़क में बना जानलेवा गड्ढा हादसे को दे रहा दावत राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को हो रही परेशानी" शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी।

खबर छपने के बाद जिम्मेदार विभाग हरकत में आया और अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से संज्ञान में लेकर ईंटों के टुकड़ों और राबिश से गड्ढे को भरवा दिया है। फिलहाल इससे लोगों को कुछ राहत मिली है। लेकिन राहगीरों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभाग का यह प्रयास नाकाफी है और इस जानलेवा गड्ढे की पूर्ण रूप से मरम्मत कराये जाने से ही समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है।

# पंचम सेमेस्टर के 1500 छात्रों को मोबाइल वितरित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

महाविद्यालय में बी.ए. पंचम सेमेस्टर के 1500 छात्रों को मोबाइल का वितरण किया गया। गोंडा के सांसद माननीय कीर्तिवर्द्धन सिंह ने विद्यार्थियों के मोबाइल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। स्मार्टफोन वितरण योजना से प्राप्त फोन का विद्यार्थी सदुपयोग करके अपनी उन्नति करें। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर लक्ष्य को प्राप्त करने तक न रुकने का संकल्प युवाओं को लेना होगा।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह का स्वागत करने के उपरांत महाविद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं की सभी समस्याओं के समाधान के लिए हम तत्पर हैं। सरकार द्वारा दिए जा रहे मोबाइल फोन का अगर सही उपयोग विद्यार्थी करेंगे तो ये इलेक्ट्रॉनिक गैजेट एक वरदान के समान होगा।





प्रबंध समिति के सचिव उमेश शाह ने सभी विद्यार्थियों को इस मौके पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य सुरेंद्र पाल सिंह, सरदार महेंद्र सिंह, विष्णु मोदी, पंकज अग्रवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

मोबाइल वितरण के नोडल अधिकारी मनीष शर्मा ने बताया कि दिनांक 7 मार्च से मोबाइल का वितरण किया जा रहा है और आज डेढ़ हजार विद्यार्थियों को मोबाइल वितरित किए गए हैं।

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह का परिचय नैक-समन्वयक प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर बी.पी. सिंह ने समस्त अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, डॉ. रंजन शर्मा, प्रो. अमन चंद्रा, प्रो. श्रवण श्रीवास्तव, प्रो. अभय श्रीवास्तव, प्रो. जे. बी. पाल, डॉ. पुष्यमित्र मिश्र, अच्युत शुक्ल सहित अनेक शिक्षकों ने वितरण में सहयोग प्रदान किया।

# खाद्यान्न उठान व वितरण आदेश नहीं दे रहे एसडीएम

- कार्ड धारकों को आ रहीं दिक्कतें, कोटेदार ने डीएम से की शिकायत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सदर तहसील के अंतर्गत डड़वा दसौतिया में पिछले साल 27 दिसंबर को नियमानुसार खुली बैठक कर दीपचंद्र मिश्र पुत्र इंद्रमोहन मिश्र का उचित दर विक्रेता के रूप में चयन हेतु प्रस्ताव प्रेषित हुआ, जिस पर तहसील स्तर पर गठित चयन समिति की बैठक 17 फरवरी 2024 को हुई जिसमें लिए गए निर्णय के क्रम में दीपचंद्र मिश्र को उचित दर विक्रेता के रूप में नियुक्त किया गया।
उपजिलाधिकारी सदर द्वारा 21 फरवरी 2024 को चयनित कोटेदार दीपचंद्र मिश्र को नियुक्ति पत्र दिया गया, लेकिन उठान एवं वितरण प्रमाण पत्र देने में टाल-मटोल किया जा रहा है। नये चयनित कोटेदार को पिछले 20 दिनों से एसडीएम सदर द्वारा लगातार दौड़ाया जा रहा है और बहाना बनाकर दूसरे दिन आने को कहा जा रहा है। एसडीएम सदर के इस रवैये से डड़वा दसौतिया ग्राम पंचायत के करीब 350 कार्डधारक उपभोक्ताओं को खाद्यान्न लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत कोटेदार दीपचंद्र मिश्रा द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया है जिसमें कहा गया है कि एसडीएम गोण्डा सदर द्वारा उठान एवं वितरण का आदेश देने में टाल-मटोल करने से ग्राम पंचायत के उपभोक्ताओं को असुविधा एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोटेदार द्वारा डीएम नेहा शर्मा से कार्डधारकों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न उठान एवं वितरण का आदेश देने के लिए एसडीएम को निर्देशित करने का आग्रह किया गया है।
इस समाचार की पुष्टि के लिए जब एसडीएम सदर सुशील कुमार यादव से दूरभाष पर वार्ता करना चाहे तो ना तो उन्होंने अपना सीयूजी नंबर उठाया और व्यक्तिगत नंबर भी उठाने से किया गुरेज।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या मार्ग स्थित पराग डेरी के निकट नहर पुलिया के पास एक अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्द नाक मौत हो गई। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चेत पुर ग्राम सभा के भग्गू पुर मौजा निवासी 23 वर्षिय विजय कुमार पुत्र भूपेंद्र कुमार बाइक से सोमवार की सुबह गोण्डा किसी काम से जा रहा था। अयोध्या की तरफ जा रहे ट्रक की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। तिवारी बाजार चौकी प्रभारी साहब कुमार ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

## खबरें एक नजर में

### निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मतदान की बनाई रणनीति



- लोक सभा चुनाव में एकजुट होकर समाज के प्रति समर्पित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का लिया निर्णय

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत पूरे अजब में पूर्व प्रधान सिद्धनाथ निषाद के आवास पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर कैसरगंज लोक सभा चुनाव में एकजुट होकर समाज के प्रति समर्पित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की रणनीति तैयार की। निषाद पार्टी के कर्नलगंज विधानसभा अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का वोट ऐसे प्रत्याशी को दिया जाएगा जो हमारी समस्याओं को सुने और समस्याओं को हल करने की कोशिश करे। उन्होंने कहा कि जिनको हमारे समाज का वोट लेना है वह हमारे समाज से जुड़े। पहले बिचौलिए हमारे निषाद समाज के वोटो का सौदा करते थे और सांसद, मंत्री से मिलने नहीं देते थे,लेकिन अब जो सांसद और मंत्री हम लोगों की बात सुनेगा हम लोगों से मिलेगा। उसी को वोट देंगे।

### दादी हृदय मोहिनी की मनाई तृतीय पुण्यतिथि



**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान परसपुर सेवा केन्द्र पर 11मार्च को तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें पहुंचे ब्रह्मा वत्सों ने दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्रह्मा कुमारी अनामिका दीदी जी ने दादी जी के संस्मरणों को भाई बहिनों के सम्मुख प्रस्तुत कर सभी से अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए आग्रह करते हुए कहा कि दादी जी के जीवन से कुछ ना कुछ अपने जिंदगी में उतारों यही दादी जी के लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राजयोगी ब्रह्माकुमार इन्द्र जीत जी, रामेन्द्र नारायण जी, ज्ञान चंद जी, अनूप जी, सुनील जी, राधेश्याम मिश्रा जी, पंडित प्रताप नारायण मिश्रा जी, पंडित रामेश्वर प्रसाद मिश्रा जी, शकंर भाई जी आदि ने संबोधित किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर ब्रह्मा भोजन कराया गया। उक्त अवसर पर रागिनी बहिन, गरिमा बहिन, पिंकी बहिन, मन्ना बहिन, बबिता बहन, ममता बहिन,पूनम बहिन,उमा माता, राधा माता शंकुतला माता,सुंदर पति माता, मिथलेश माता मंजू माता, रेनू माता, अनुष्का बहिन आदि सैकड़ों भाई बहिनें उपस्थित रहे।

# एनआरएलएम के तहत चयनित दीदियों के साथ पीएम ने किया संवाद

- विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को किया गया सम्मानित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत चयनित लखपति दीदियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम एवं दीदीयों से संवाद कार्यक्रम का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी व एन.आर.एल.एम. के दीपक सिंह व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूह की महिलाए मौजूद रही। कार्यक्रम के उपरान्त मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 स्वयं सहायता समूहो चित्तौरा की गीता, रेखा, माया, कंचन व गीता, तेजवापुर की रेनू मिश्रा, ज्योति शुक्ला, पूजा, ममता देवी व किरनबाला, फखरपुर की रीना साहनी, पायल चौरसिया, अरूणपति, विद्यावती व रानी, रिसिया की रीना देवी, भाग्य लक्ष्मी, नीलू, राम प्यारी व समुन देवी को प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आंधप्रदेश की एन. अनुराधा देवी, अरूणांचल प्रदेश अरूणमा देवी दास व गुजरात की राधिका देवी से संवाद करते हुआ आहवान्ह किया कि देश में 03 करोड़ दीदियों को लखपति बनाएं जाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब तक देश में 01 करोड़ से अधिक दीदियों को लखपति बनाया गया है।




### समूह की महिलाओं की आयोजित हुई बैठक

ब्लाक सभागार विशेश्वरगंज में सोमवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह की महिलाओं की एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण हुआ । क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाए बैठक में एकत्रित हुई। ब्लाक मिशन प्रबंधक ने सम्बोधित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने पिछले वर्ष स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 75 लाख स्वयं सहायता समूह से जुड़ी सदस्यों का ग्रामीण विकास मंत्रालय के लखपति दीदी ऐप पर आय के स्रोतों का सर्वे का कार्य किया था। सर्वे के क्रम में सामने आया है कि यूपी में 10.46 लाख महिलाएं लखपति महिला की श्रेणी में आती हैं।उपस्थित महिलाओं को लखपति बनने के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गई।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी, ए डी ओ आई एस बी अंब्रीश प्रताप सिंह,वरिष्ठ कार्यालय सहायक सौरभ श्रीवास्तव,ग्राम सचिव अर्जुन सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाए उपस्थित रही।

# बौंडी पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**बहराइच समृद्धि न्यूज** लोकसभा चुनाव को देखते हुए बौंडी पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। साथ ही लोगों से बिना किसी दबाव व खौफ के मतदान करने की अपील की। इसके अलावा चेतावनी दी कि अराजकता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। रविवार को बौंडी पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया।



- दी चेतावनी कहा-अराजकता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

फ्लैग मार्च से बौंडी,साईगांव,नौशहरा, मैलासरैया, खैराबाजार, डोकरी, कोदही, नंदवल, जैतापुर,राजा रेहुआ सहित अति संवेदनशील गांव से होते हुए बौंडी थाना पर संपन्न हुआ। बौंडी एसओ अंजनी कुमार राय ने कहा कि चुनाव में गड़बड़ी करने और अफवाह फैलाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सभी नागरिक होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करें। पुलिस प्रशासन आपके साथ खड़ा है।

इस मौके पर उपनिरीक्षक अनुराग सिंह,गंगाराम, हरिनारायण यादव, सुशील कुमार, विवेकधर द्विवेदी, रामगोपाल वर्मा समेत एसएसबी जवान मौजूद रहें।



### विधायक महसी ने देवपुरी धाम के पर्यटन विकास कार्य का किया भूमि पूजन


बहराइच समृद्धि न्यूज विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के देवपुरी धाम का 91.74 लाख रूपये की लागत से पर्यटन विकास कार्य का पूजा, अर्चना व विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि देवपुरी धाम का पर्यटन विकास होने से क्षेत्र का महत्व बढ़ेगा जिससे धाम को एक नई पहचान मिलेगी और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। उल्लेखनीय है कि देवपुरी धाम के पर्यटन विकास कार्य का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा विगत 04 मार्च 2024 को शिलान्यास किया गया है।

# अब ऑनलाइन आवेदन के बाद ही बनेगा मेडिकल फिटनेस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में अभी तक ऑफलाइन मेडिकल फिटनेस ही बनती थी। लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन के बाद नंबर से मेडिकल फिटनेस की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ऑनलाइन आवेदन न करने वाले पत्रों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा। इसके लिए नोटिस भी जारी की गई है।

प्रदेश सरकार की ओर से सभी सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। उसी के तहत अब जिले में मेडिकल फिटनेस बनवाने लोगों को भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार गौतम ने बताया कि जिले में लोग हर काम के लिए ऑफलाइन आवेदन करते हैं। लेकिन अब सरकार के नियमों के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट के बाद मेडिकल फिटनेस भी ऑनलाइन बनेगी।



### सब कुछ होगा ऑनलाइन



केंद्र और प्रदेश सरकार ऑनलाइन सुविधाओं को आगे बढ़ा रही है। आगे जाने के लिए लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। मेडिकल रिपोर्ट के बाद मेडिकल फिटनेस के लिए ऑनलाइन आवेदन जरूरी है। इसके लिए up.health.in पर आवेदन कर एप्लीकेशन नंबर उपलब्ध कराएं। समय से मेडिकल फिटनेस जारी होगा।

बृजेश सिंह डीईएचओ

- एप्लीकेशन नंबर उपलब्ध कराने पर आगे बढ़ेगी प्रक्रिया
- अभी तक ऑफ लाइन ही बनाए जाते थे फिटनेस

सीएमओ ने बताया कि मेडिकल फिटनेस बनवाने के लिए आवेदक को यूपी हेल्थ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन के एप्लिकेशन नंबर को ऑफिस में उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद ही मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। बिना ऑनलाइन आवेदन के और एप्लीकेशन नंबर के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

# मेडिकल कॉलेज में नहीं हो रहा प्राइवेट मेडिकोलीगल


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

स्टेट मेडिकल कॉलेज में 6 माह से अधिक समय बीत गया है अब प्राइवेट मेडिकोलीगल नहीं हो रहा है। जिसके चलते वादकारी मेडिकल के लिए भटक रहे हैं। उनके लिए कोई इंतजाम स्वास्थ्य विभाग की ओर से नहीं किया जा रहा है। इसका नतीजा है कि पीड़ित को कोर्ट के आदेश के बाद भी मेडिकल करवाने के लिए भटकना पड़ रहा है।जिला मुख्यालय पर स्टेट मेडिकल कॉलेज संचालित है। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होने से पूर्व जिला अस्पताल में सरकारी और प्राइवेट मेडिकल जांच होती थी। लेकिन जब से जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में संबद्ध हुआ है, तब से यहां की व्यवस्थाएं बदलती जा रही हैं। इसका आलम है कि मेडिकल कॉलेज में अब प्राइवेट मेडिकोलीगल नहीं हो रहा है। ऐसे में जो व्यक्ति पीड़ित है और चोट खाया है पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। कोर्ट के आदेश पर मेडिकल करवाने का आदेश दिया जा रहा है, उसे भी मेडिकल से वंचित रहना पड़ रहा है। ऐसे में पीड़ित व्यक्ति न्याय के लिए कहां जाए, यह सवाल जिले वासियों के मन में गूंज रहा है। लगभग आठ माह से पूरी तरह से प्राइवेट मेडिकल जांच पर अंकुश लगा हुआ है। सीएमओ डा. राजेश कुमार का कहना है कि सीएचसी में लोग मेडिकल करवा सकते हैं।



- वादकारी परेशान, भटक रहे इधर-उधर
- जिला अस्पताल में पहले होता था प्राइवेट मेडिकल

### सितंबर माह से लगा है रोक



मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अब जिला अस्पताल नहीं है। मेडिकल कॉलेज में प्राइवेट मेडिकल नहीं हो सकता है। यह रोक सितंबर माह से लगा है।

### जरूर हो वैकल्पिक व्यवस्था

जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज में तब्दील होने के चलते प्राइवेट मेडिकल नहीं हो रही है। इससे किसी भी पीड़ित को कोर्ट के आदेश के बाद भी न्याय नहीं मिलेगा इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था जरूर होनी चाहिए जिससे कि कोर्ट के आदेश पर कम से कम पीड़ित को न्याय मिल सके। मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही पुलिस केस दर्ज करने के साथ धाराएं बढ़ाती है।

अरशद कुद्दुस, अधिवक्ता, दीवानी न्यायालय

### जंगल के निकट मृत मिला बाघ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सुजौली रेंज के ग्राम पंचायत कठौतिया के निकट बाघ का शव सोमवार दोपहर में ग्रामीणों ने पड़ा देखा। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रेंज कार्यालय में शव रखवाया है।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत कठौतिया गांव के निकट जंगल के किनारे मृत अवस्था बाघ का शव वन विभाग टीम ने बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक दोपहर को ग्रामीणों ने बाघ के शव को देखा जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। जिसके बाद घटनास्थल वन विभाग की टीम पहुच गयी। टीम के साथ मौके पर पहुचे डीएफओ बी शिवशंकर ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। डीएफओ से पूछे जाने पर उन्होंने घटनास्थल पर पहुचकर जानकारी देने की बात कही। वहीं जानकारी के मुताबिक बाघ का शव कुछ दिन पुराना बताया जा रहा है। डीएफओ का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

# कोटा चयन में धांधली का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- खंड विकास अधिकारी पर कोटे के चयन में धांधली करने का लगाया आरोप



जनपद के पूरे गंगा प्रसाद ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कोटा चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दी है। ग्रामीणों का कहना है कि जिले के अधिकारियों ने दबाव में आकर गलत तरीके से कोटे का चयन कर दिया है।महसी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे गंगा प्रसाद के मजरा कुबेर पांडे निवासी मंजू देवी पत्नी राजेश कुमार की अगुवाई में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने खंड विकास अधिकारी पर कोटे के चयन में धांधली करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि कोटा चयन का मामला देवी पाटन मंडल में विचाराधीन है। इसके बाद भी बीडीओ ने कभी सामान्य सीट तो कभी ओबीसी और अब सभी चुनाव लड़ सकते हैं का मामला बताते हुए एक पक्षीय तरीके से चुनाव करवा दिया। कोटा चयन में स्वयं सहायता समूह और अन्य नियमों को दरकिनार कर कोटे का चयन कर दिया है। जबकि सरकार का आदेश है कि समूह को कोटा दिया जाए। इसके बाद भी नियम विरुद्ध चयन की जांच कर कार्यवाई की मांग की है। ऐसे में सभी ने बीडीओ के कार्य शैली की जांच करने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, गंगाराम वर्मा, तेज बहादुर, राजेश, रामू नीरज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# हंगामेदार रही नगर पंचायत लालगंज की बोर्ड बैठक

▸ नगर विस्तार पर लगी मुहर

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



हंगामेदार रही नगर पंचायत लालगंज की बोर्ड बैठक। भारी भरकम स्वकर प्रणाली लागू किये जाने का सभासदों ने विरोध किया। नगर के विस्तार पर मुहर लगी। नगर पंचायत लालगंज से मृत्यु प्रमाण निःशुल्क जारी किया जायेगा वहीं जन्म प्रमाण पत्र के लिये 100रू. देने पड़ेगे।

नगर पंचायत लालगंज की सीमा विस्तार के बिन्दु सभासद रमेश गुप्ता के अलावा किसी ने भी विरोध नहीं किया। समीपवर्ती ग्रामों निनमें शहरीकरण के लक्षण विद्यमान हो चुके हैं उनको लालगंज में शामिल किये जाने पर सहमति बनी। स्वकर प्रणाली लागू किये जाने का जमकर विरोध हुआ, अगली बोर्ड बैठक में बिन्दु रखे जाने की सहमति बनी। जहां ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवंयूजर चार्ज लागू किये जाने पर सहमति बनी तो वहीं वाणिज्य नियन्त्रण लाईसेन्स व अन्य शुल्क उप नियमावली उपविधि को अगली बोर्ड बैठक तक के लिये टाल दिया गया। पोस्टर विज्ञापन होर्डिंग विनिमय उपविधि लागू किये जाने पर सहमति बनी है। 1000 वर्ग फीट तक भवन निर्माण में मानचित्र आवश्यक नहीं पर सहमति के साथ उपविधि लागू किये जाने पर सहमति बनी है। जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी व अतुल शर्मा ने अध्यक्ष पर विकास कार्य कराने में भेद-भाव करने का आरोप लगाते हुये विरोध प्रदर्शित किया और 25 बिन्दुओं पर जानकारी नगर अध्यक्ष सरिता गुप्ता से मांगी है। अधिशाषी अधिकारी द्वारा जानकारी दिये जाने के आश्वासन पर बैठक समाप्त की गई। नगर पंचायत लालगंज की आयोजित बोर्ड बैठक में 15 में 13 सदस्य उपस्थित रहे। जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी सभासद, रमेश गुप्ता, अतुल शर्मा, बबलू तिवारी, शशिधर, खुर्शीद अहमद राकेश कुमार, नसीम कुरैशी, सीमा गब्बर, कृष्णावती, नसरीन बेगम, सीमा व अफसरी बानों ने अपने वार्ड के विकास कार्यों करवाये जाने के लिये बोर्ड में लिखवाया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सरिता गुप्ता अधिशाषी अधिकारी राजभान शुक्ला लिपिक वीरेन्द्र यादव व शिवशंकर मिश्रा मौजूद रहे।

# रोजगार सेवक पर कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने दिया खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जांच मे भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद भी रोजगार सेवक पर आखिरी क्यों नहीं हो रही कार्रवाई ।खंड विकास अधिकारी को ग्रामीणों ने दिया शिकायती पत्र हरिशेन्द्र सिंह पुत्र सियाराम देवेंद्र सिंह पुत्र कप्तान निवासी ग्राम ताजुद्दीनपुर विकासखंड महराजगंज खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ताजुद्दीनपुर विकासखंड महराजगंज जनपद रायबरेली में हो रहे मनरेगा में व्यापक भ्रष्टाचार के मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी को पत्र व्यवहार के माध्यम से शिकायत की गई थी तथा उक्त प्रकरण की जांच समय से न होने पर प्रार्थीगण द्वारा तहसील दिवस में जिला अधिकारी को शिकायत की गई जिसमें उपजिलाधिकारी महराजगंज द्वारा आपको कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया जिसके क्रम में आपके द्वारा जांच टीम बनाई गई टीम द्वारा ग्राम सभा पहुंचकर पंचायत भवन में बैठक करके जांच व बयान लिया गया गांव के लोगों ने रोजगार सेवक के खिलाफ जमकर शिकायत को उजागर किया था लिखित में बयान व शपथ पत्र दिए गए जांच के द्वारा दो सप्ताह बीत जाने के उपरांत मनरेगा में व्यापक परिणाम होने पर भ्रष्टाचार के मामले में रोजगार सेवक पर कोई कार्रवाई नहीं की गई न शिकायतकर्ता को कोई जवाब ही दिया गया। हरिशेन्द्र सिंह देवेंद्र सिंह ने खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह से आग्रह करते हुए निवेदन किया के मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

## खबरें एक नजर में

### मानव श्रंखला बना निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**खीरो (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खीरो कस्बा में सोमवार को मानव श्रंखला बनाकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली को एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली की शुरुवात एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थित विद्यालय के बच्चो, शिक्षको व ग्रामीणों को मतदान शपथ दिलाकर किया गया। जिसके बाद शिक्षिकाओं द्वारा बनायी गयी रंगोली का अवलोकन करके रैली को हरी झंडी दिखायी गयी। रैली खीरो चौराहा से प्रारम्भ होकर अस्पताल तिराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लगभग दो हजार बच्चो ने कार्यक्रम स्थल से सीएचसी खीरो तक लगभग दो किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर निर्भय हो मतदान करेंगे देश का हम सम्मान करेंगे, मतदान हमारा अधिकार है, लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर, सबको बताओ यह अधिकार, मतदान ही है हमारा हथियार, मेरा वोट मेरा अधिकार आदि नारे लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील किया।

### पॉक्सो के वांछित आरोपी को भेजा जेल



**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत शिवगढ़ पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर विभिन्न अपराधों में संलिप्त रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस के मुताबिक शिवगढ़ थाने पर पॉक्सो अधिनियम से संबंधित पंजीकृत मुकदमा के वांछित चल रहे अभियुक्त राफे पुत्र रईस उर्फ लाले निवासी ग्राम थुलेंडी थाना बछरावां जनपद रायबरेली को शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### अज्ञात कारणों से रेलवे कर्मचारी ने लगाई फांसी, मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां कोतवाली क्षेत्र की थुलेडी चौकी अंतर्गत थुलेंडी गाँव निवासी रामराज पुत्र जमुना उम्र लगभग 27 वर्ष ने रविवार की देर शाम घर पर अज्ञात कारणो से फांसी लगा लीद्य जिससे उनकी मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवारीजन घर से बाहर थे जब अंदर आए तब देखा कि अपने कमरे को बंद करके अंदर रामराज ने फांसी लगा ली है। मामले की सूचना पुलिस को देने के बाद रामराज को इलाज बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रामराज लखनऊ जनपद में रेलवे के कारीगर विभाग में फोर्थ क्लास एम्पलाई था। वही उसकी शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व मुंशीगंज रायबरेली से हुई थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद उनकी पत्नी प्रीति, मां सुनीता व पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर थुलेडी चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवती का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को दोपहर के समय संदिग्ध हालत में युवती का फांसी के फंदे से शव लटका मिला। जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। दही थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला शिवनगर कोयला वाली गली निवासी निधी पाल (20) पुत्री राकेश कुमार पाल का शव घर के अंदर संदिग्ध हालत में फांसी पर लटका देख परिजनो में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### पेड़ काट रहे श्रमिक का आरा मशीन से पैर कटा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेड़ काट रहा श्रमिक मशीन की चपेट में आ गया जिससे उसका पैर कट गया जिसे गंभीर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया। गौसपुर नटर्रा गांव निवासी लईक सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक मशीन से खेत के किनारे खड़े यूके लिप्टस के पेड़ों की कटाई कर रहा था तभी उसका संतुलन बिगड़ गया जिससे इलेक्ट्रानिक मशीन के आरा से उसका पैर कट गया। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया गया।

# जनपद की दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल संख्या में परिवर्तन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जन सामान्य को सूचित किया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद की 02 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 180-रायबरेली एवं 183-ऊँचाहार से प्राप्त भवन परिवर्तन सम्बन्धी संशोधन प्रस्ताव को आयोग द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदित प्रस्तावों के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 180-रायबरेली में पूर्व में अवस्थित मतदेय स्थल संख्या 60 प्राथमिक विद्यालय सरांय मुगला कक्ष सं0-01 को आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थल संख्या 60 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरांय मुगला कक्ष सं0-01 में किया गया है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 183-ऊँचाहार पूर्व में अवस्थित मतदेय स्थल संख्या 155 पूर्व माध्यमिक विद्यालय जिगना कक्ष सं0-01 को 155 मिनी सचिवालय जिगना कक्ष सं0-01 एवं 317 प्राथमिक विद्यालय जमुनियाहार कक्ष सं0-01 को 317 प्राथमिक विद्यालय नरवापार कक्ष सं0-01 में आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थल किया गया है।

# लापता पत्नी की तलाश के लिए पति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में एक पीड़ित पति अपनी लापता पत्नी को खोज जाने के लिए कई दिनों से दर-दर भटक रहा है। प्रार्थना पत्र देने के बाद भी थाने सुनवाई नहीं हुई तो पीड़ित एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

आपको बता दे कि सोमवार को जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर मजरे ग्राम सराय मुगला के रहने वाले चंदन सिंह पुत्र स्वर्गीय लाल बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पत्नी रीता सिंह ससुराल में यह बोलकर निकली कि वह अपने मायके जा रही है लेकिन वह मायके नहीं पहुंची पीड़ित पति ने जब रिश्तेदारों से मामले की पूछताछ की तो मायके वाले भी आश्चर्यचकित रह गए जिसको लेकर पीड़ित पति चंदन सिंह ने मामले का प्रार्थना पत्र संबंधित थाना मिल एरिया में पहुंच कर दिया और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजे जाने की मांग की लेकिन मामले के लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने ना तो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की न ही कहीं कोई खोजबीन की जिसको लेकर पीड़ित ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए पत्नी को खोज जाने की मांग की है।

पत्नी के न मिलने से पीड़ित पति बहुत व्यथित हैं पीड़ित को आशंका है कि कहीं कोई अप्रिय घटना ना हो जाए इसलिए पुलिस से जल्द से जल्द खोजे जाने की मांग की है।

# दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से किया लाभान्वित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत आज विधानसभा सदर रायबरेली की विधायक अदिति सिंह के कर कमलों द्वारा जी0आई0सी0 परिसर, रायबरेली में 200 दिव्यांगजनों को विभिन्न कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक अदिति सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा द्वीप प्रज्वलन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जनपद रायबरेली में समय समय पर दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये जाते है एवं समस्त योजनाओं कि समीक्षा मेरे द्वारा की जाती है। किसी भी दिव्यांग को किसी भी योजना से सम्बन्धित कोइ समस्या है तो वह विकास भवन रायबरेली में मेरे से वार्ता कर सकता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा द्वारा सभी दिव्यांगजनों को योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही मुख्य अतिथि विधायिका, द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रायबरेली द्वारा आयोजित होता है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग रायबरेली द्वारा 200 दिव्यांगजनों को उपकरण प्रदान किये गये जिसमें 150 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं 50 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर का वितरण किया गया। साथ ही विधायक अदिति सिंह द्वारा दिव्यांगजनों को आवास दिलाये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी राही को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी द्वारा मुख्यमंत्री योगी की लाभार्थीपरक योजनाओं को विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में जी0सी0 सिंह चौहान व्यापार मण्डल अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गौरी राठौर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्ना, एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा एवं संदीप पाठक कार्यकम में मौजूद रहें। कार्यकम के समापन पर मनीष कुमार मिश्रा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रायबरेली द्वारा मंचासीन अतिथियों एवं दिव्यांगजनों का धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित कियाग गया।

# खालेगांव के लाल ने कोटा में किया कमाल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र की शेखपुर समोधा ग्राम सभा के खालेगांव में वरिष्ठ शिक्षक देवराज सिंह के पुत्र सोमेंद्र सिंह ने कोटा (राजस्थान) होली कप 2024 के 24 वे सीजन में अपनी टीम टोलोरपुर स्पोर्टिंग क्लब कोटा की ओर से खेलते हुए अपनी प्रतिभा के दम पर अपने गांव व अपने क्षेत्र के साथ-साथ अपने जनपद एवं प्रदेश का भी नाम रोशन किया हैद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की सोमेंद्र सिंह ने अपनी विपक्षी टीम बुंदी बंगाल इलेवन कोलकाता के विरुद्ध सात गेंद पर ताबड़तोड़ 35 रन ठोक डाले। जिसमें उन्होंने लगातार एक चौका और पांच छक्के जड़ें। सोमेंद्र की तूफानी पारी के दम पर उनकी टीम निर्धारित 6 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 85 रन बना पाई।

सोमेंद्र सिंह के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम को 35 रनों से जीत मिली और उनकी टीम विजेता बनीद्य शिक्षक देवराज सिंह के बेटे की इस सफलता पर क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ जन उन्हें बधाई दे रहे हैं साथ ही साथ सोमेंद्र को आशीर्वाद भी दे रहे हैं ताकि वह इसी तरह अपने गांव का क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन करें।

# अगर नहीं मिला न्याय तो छोड़ दूंगा हिंदू धर्म

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में सार्वजनिक स्थलों पर लगा एक पोस्टर चर्चा का विषय बना है। पोस्टर में इंद्रेश नाम का व्यक्ति हिंदू धर्म त्यागने की धमकी दे रहा है। मामला यहाँ की उंचाहार तहसील का है। तहसील से लेकर जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय में लगाए गए इस पोस्टर में नीचे इंद्रेश कुमार ने अपनी व्यथा भी बयान की है। इंद्रेश कुमार का आरोप है कि उसकी ज़मीन की दो बार पैमाइश कराई गयी लेकिन उसे इंसाफ नहीं मिला है। हालांकि पोस्टर लगाने वाला सामने नहीं आया है। इस मामले में एसडीएम उंचाहार का कहना है कि मामला एसडीएम न्यायिक की कोर्ट से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक एसडीएम न्यायिक की कोर्ट में फैसला इंद्रेश के पक्ष में नहीं आया है जिसे लेकर उनको कमिशनर के यहाँ अप्लाई करनी चाहिए। एसडीएम उंचाहार सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि पूरे मामले की जाँच कराई जायेगी। यदि पोस्टर लगाने वाला दोषी साबित होता है तो उनके खिलाफ भी विधि अनुसार कर्रवाई होगी।

# जब खाली रहेंगी झोली तब कैसे होगी होली

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

▸ होली पर तीखी होती दिख रही है मनरेगा मजदूरों की गुझिया

**प्रशासन की उदासीनता मनरेगा मजदूरों पर भारी**

प्रशासन की उदासीनता मनरेगा मजदूरों पर भारी पड़ रही है आने वाले समय में होली जैसा त्यौहार पड़ रहा है उसके बाद भी अभी तक मनरेगा मजदूरों के खाते में पैसा ना आने की वजह से उनकी होली फीकी पड़ती हुई दिखाई पड़ रही है

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कानून के तहत ग्राम पंचायत में नवंबर माह के बाद से अभी तक मनरेगा मजदूरों की मजदूरी न आने की वजह से जहां एक तरफ ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में बाधा आ रही है तो वही आने वाले समय में त्योहार भी आने वाले हैं और आखिर मनरेगा मजदूरों की होली कैसे मनेगी यह चिंता इस समय ग्राम प्रधान से लेकर मनरेगा मजदूरों को खाए जा रही है कुछ ग्राम प्रधानों ने बताया कि नवंबर माह में पैसा आया था 4 माह बीत जाने के बाद अभी तक मनरेगा मजदूरों की मजदूरी न आने की वजह से जहां एक तरफ ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में बाधा आ रही है और मजदूर काम करने को तैयार नहीं है तो वही आने वाले समय में होली जैसा बड़ा त्यौहार इसी मार्च माह में पड़ रहा है ।और जब मजदूरों के पास धन ही नहीं रहेगा तो वह त्यौहार कैसे मनाएंगे प्रधानों बताया कि मजदूरों का कार्य होता है कि दिनभर मजदूरी करते हैं और शाम को मजदूरी की आशा करते हैं सप्ताह में भी मजदूरी अगर आ जाती है तो उनके चूल्हे बड़े आराम से जलते हैं लेकिन पिछले 4 महीने से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी न आने की वजह से जहां एक तरफ हम ग्राम प्रधानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं तो वहीं मनरेगा मजदूरों को भी खाने के लाले पड़े हुए हैं हम सभी की शासन से मांग है कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी जल्द से जल्द आए जिससे कि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# बैंक कर्मियों ने मृतक पुलिसकर्मी के आश्रित परिजन को प्रदान किया बीमा चेक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बैंक ऑफ़ बड़ौदा ओर से आये बैंक कर्मियों ने मृतक पुलिसकर्मी के आश्रित परिजन को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बीमा का चेक प्रदान किया गया है।आपको बता दे कि सोमवार को समय पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से बैंक कर्मियों ने पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस कर्मियों को निशुल्क दुर्घटना बीमा प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में जिले के हरचंदपुर थाना में तैनात रहे मृत पुलिसकर्मी सत्येंद्र सिंह की माताजी शांति देवी को अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह द्वारा बैंक कर्मियों के साथ 60 लाख रुपए की धनराशि का बीमा का चेक प्रदान किया गया है। इस मौके पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय सहित हरचंदपुर शाखा रायबरेली के प्रबंधक सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे अमृत पुलिस कर्मी के परिजनों को यह बीमा राशि बैंक ऑफ़ बड़ोदा और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच हस्ताक्षरित एमओयू तहत प्रदान किया गया हैं।



### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 120 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत डायट रायबरेली परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव ने बताया अमावा 3, हरचंदपुर 2, राही 4, न0 प0 रायबरेली 1, सतांव 5, डलमऊ 8, दिनशाह गौरा 5, बछरावां 17, महाराजगंज 9,शिवगढ़ 11, न0 प0 महाराजगंज 1, न0 प0 शिवगढ़ 3,खीरो 1,जगतपुर 2, रोहनिया 3,डीह 15, सलोन 15, छतोह 9, न0 प0 परशदेपुर 2,और न0 प0 सलोन से 2 जोड़े शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायिका अदिति सिंह ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ मिलकर नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया। सदर विधायिका ने कहा कि मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी गण तथा नव जोड़े उपस्थित रहे।


## कार्यालय-मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, रायबरेली।

पत्रांक- 1977/प्रचार-प्रसार/2023-24 दिनांक-07.03.2024

### पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाएं

1. शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालक के द्वार पर आकस्मिक पशु चिकित्सा हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 डायल करें।
2. पशुधन बीमा द्वारा 75 से 90 प्रतिशत की प्रीमियम अनुदान पर अधिकतम 3 वर्ष तक बीमा का लाभ।
3. भेड़ बकरियों में पी.पी.आर. रोग, भैंस, गाय में गला घोटू, खुरपका-मुँहपका, गाय प्रजाति में लम्पी स्किन बीमारी आदि संक्रामक बीमारियों का निःशुल्क टीकाकरण।
4. स्कैड़ योजनान्तर्गत निःशुल्क सामूहिक दवापान एवं औषधि वितरण।
5. एन.एल.एम. योजनान्तर्गत भेड़, बकरी व सूकर पालन में 50 प्रतिशत अनुदान।
6. मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता अन्तर्गत प्रति गोवंश रु. 50.00 प्रतिदिन की दर से अधिकतम 04 गोवंश सुपुर्दगी।
7. कुक्कुट विकास नीति 2022 अन्तर्गत लेयर पालन में सात प्रतिशत ब्याज प्रतिपूर्ति की सुविधा।

(डॉ. अनिल कुमार)
मुख्य पशु
चिकित्साधिकारी, रायबरेली


# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों को वितरित किए गए रिजल्ट कार्ड

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शैक्षणिक संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में 'प्राइमरी विंग' एवम सीनियर सेकेंडरी विंग के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने आये हुए सम्मानित अभिभावकों द्वारा माँ भगवती सरस्वती का विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न किया गया। तद्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने आए हुए अतिथियों का स्वागत स्वागतगीत से किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में रैंकर्स छात्र छात्राओं को उनके अविभावको के साथ सम्मानित किया गया। वही विद्यालय में आयोजित की गई विभिन्न विषयों की ओलंपियाड प्रतियोगिताओं मे बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र व गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रकृति श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में बच्चों को विद्यालय मे रैंकर्स लिस्ट में आने की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही कार्यक्रम में परोक्ष-अपरोक्ष रूप में अपना योगदान देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## आलोचना का अधिकार

अक्सर सुनने में आता है कि विचारों की अभिव्यक्ति को लेकर पुलिस का रवैया आक्रामक होता है और वह अनावश्यक धाराओं में व्यक्ति को गिरफ्तार व प्रताड़ित करने में जल्दबाजी दिखाती है। ऐसे ही एक प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को राज्य के किसी फैसले पर आलोचना करने का आधिकार है। दरअसल, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की निंदा करने वाली एक टिप्पणी पर एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र पुलिस ने 'पांच अगस्त को ब्लैक डे जम्मू और कश्मीर' और '14 अगस्त पर पाकिस्तान को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं' जैसे व्हाट्सएप संदेश पोस्ट करने के लिये प्रोफेसर जावेद अहमद पर आईपीसी की धारा 153-ए के तहत मामला दर्ज किया था। दरअसल, यह मामला धर्म, जाति आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने पर दर्ज किया जाता है। इसी वजह से बॉम्बे हाईकोर्ट के एक आदेश को रद्द करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य के कार्यों की हर आलोचना या विरोध को धारा 153-ए के तहत अपराध माना जाता है तो यह संविधान प्रदत्त अनिवार्य हक के विरुद्ध, लोकतंत्र की आत्मा के हनन जैसा होगा। इस मामले पर चर्चा करते हुए शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वैध तरीके से असहमति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)ए के तहत गारंटीशुदा अधिकार है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल दिसंबर में अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा निरस्त करने के वर्ष 2019 के फैसले को बरकरार रखा था। इसके बावजूद केंद्र सरकार के फैसले को लेकर अस्वीकृति की आवाजें अभी कम नहीं हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में पिछले दिनों प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान भी विपक्षी नेताओं की ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। लेकिन प्रोफेसर के मामले में पुलिस की विवादास्पद भूमिका को न्यायिक और सार्वजनिक जांच के दायरे में ला दिया है। दरअसल, देखा जाता है कि ऐसे मामलों में पुलिस आनन-फानन में असहमति जताने वाले को पकड़ने के लिये मामले को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर देती है। यही वजह है कि अदालत को कहना पड़ा कि बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अवधारणा तथा इस आजादी को लेकर उचित संयम की सीमा के बारे में हमारे पुलिस तंत्र को जागरूक व शिक्षित करने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को शीर्ष अदालत के सुझाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। वहीं देश के पुलिसकर्मियों को संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। निस्संदेह, सामान्य मामलों के आधार पर मुकदमें दर्ज करना पुलिस के निरंकुश व्यवहार को ही दर्शाता है।

# भारत-यूरोपियन मुक्त व्यापार संघ के समझौते से आत्मनिर्भर भारत का आगाज

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत अपनी व्यापारिक आर्थिक रक्षा स्वास्थ्य परिवहन शिक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में पूरी दुनिया और विशेष रूप से विकसित देशों के साथ अपने मुक्त व्यापार समझौते की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है क्योंकि इससे वस्तुओं सेवाओं में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी आम जनता को अच्छे व सस्ते उत्पाद सेवाएं सुविधा प्राप्त होगी। परंतु हम पिछले कुछ दिनों से देख रहे हैं कि दुनिया के किसान टीईपीए का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इससे उनके उत्पाद का मूल्य गिर रहा है परंतु सरकार का इस दिशा में आगे तेजी से बढ़ना शुरू है, इसी का परिणाम है कि करीब 16 वर्षों की बातचीत का सकारात्मक परिणाम दिनांक 10 मार्च 2024 को देर शाम आया,जब भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ समझौता हो गया याने आईएफटीए के चार विकसित देश स्विट्जरलैंड नॉर्वे आइसलैंड व लिंकटेस्टीम शामिल है इनसे व्यापार व आर्थिक समझौता हो गया है जो दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी है, जिसका परिणाम भारत के अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश आने की संभावना को रेखांकित करना जरूरी है, जो मिशन 2047 के लिए मील का पत्थर साबित होगा। चुंकि भारत का 16 वर्षों की बातचीत के बाद यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापारी को आर्थिक साझेदारी समझौता हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के समझौते के विकास का आगाज मीलल का पत्थर साबित होगा।

साथियों बात अगर हम ईएफटीए द्वारा टीईएपी पर हस्ताक्षर करने की करें तो,भारत-यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन ने आज यानी 10 मार्च, 2024 को एक व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता ( टीईपीए ) पर हस्ताक्षर किए।भारत ईएफटीए देशों, जिनमें स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं, के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझीदारी समझौता (टीईपीए) पर काम करता रहा हैपीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईएफटीए देशों के साथ टीईपीए पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है। ईएफटीए अपने चार सदस्य देशों के लाभ के लिए मुक्त व्यापार एवं आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 1960 में गठित एक अंतर-सरकारी संगठन है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, खाद्य एवं उपभोक्ता मामले तथा वस्त्रमंत्री ने कहा, टीईपीए एक आधुनिक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है। पहली बार, भारत चार विकसित देशों-जो यूरोप में एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है-के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर कर रहा है। एफटीए के इतिहास में पहली बार 100 बिलियन डॉलर के निवेश और 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार की बाध्यकारीप्रतिबद्धता की गई है। यह समझौता मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा तथा युवा एवं प्रतिभाशाली श्रमबल को अवसर प्रदान करेगा। यह एफटीए बड़े यूरोपीय तथा वैश्विक बाजारों तक भारतीय निर्यातकों को पहुंच प्रदान करेगा।'इस समझौते में 14 अध्याय शामिल हैं, जिसमें मुख्य फोकस वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच, उद्भव के नियमों, व्यापार सुगमीकरण, व्यापार उपचारों, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपायों, व्यापार से संबंधित तकनीकी बाधाओं, निवेश संवर्धन, सेवाओं पर बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकारों, व्यापार एवं सतत विकास तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों पर है। ईएफटीए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि करने के लिए निरंतर अवसर बढ़ रहे हैं। ईएफटीए यूरोप में तीन (अन्य दो ईयू एवं ब्रिटेन) में से एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है। ईएफटीए देशों में से स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है जिके बाद नॉर्वे का स्थान आता है।



**एफटीए बड़े यूरोपीय तथा वैश्विक बाजारों तक भारतीय निर्यातकों को पहुंच प्रदान करेगा।'इस समझौते में 14 अध्याय शामिल हैं, जिसमें मुख्य फोकस वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच, उद्भव के नियमों, व्यापार सुगमीकरण, व्यापार उपचारों, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपायों, व्यापार से संबंधित तकनीकी बाधाओं, निवेश संवर्धन, सेवाओं पर बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकारों, व्यापार एवं सतत विकास तथा अन्य संबंधित कानूनी प्रावधानों पर है। ईएफटीए एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय समूह है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि करने के लिए निरंतर अवसर बढ़ रहे हैं। ईएफटीए यूरोप में तीन (अन्य दो ईयू एवं ब्रिटेन) में से एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक है। ईएफटीए देशों में से स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है जिके बाद नॉर्वे का स्थान आता है।**

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वाणिज्य मंत्री के विचारों की करें तो उन्होंने बताया कि भारत और ईएफटीए के साथ हुए समझौते में सामान सेवाएं और निवेश, आईटी, ऑडियो विजुअल और कुशल पेशेवरों जैसे प्रमुख घरेलू सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसमें निवेश और निर्यात को बढ़ावा देना प्रमुख हैं। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया। भारत ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे।भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर रहा था, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में 27.23 अरब डॉलर था। पिछले वित्त वर्ष में व्यापार घाटा 14.8 अरब डॉलर था। इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इसके बाद नॉर्वे का स्थान है। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। आगे कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत ईएफटीए देश अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगें। साथियों बात अगर हम टीईपीए की मुख्य विशेषताओं की करें तो, (1) ईएफटीए ने अगले 15 वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के स्टॉक को 100 बिलियनडॉलर तक बढ़ाने और ऐसे निवेशों के माध्यम से भारत में 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगार के सृजन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। निवेश विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को कवर नहीं करता है।2 )एफटीए के इतिहास में पहली बार लक्ष्य उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगारों के सृजन के बारे में कानूनी प्रतिबद्धता जताई जा रही है।(3) ईएफटीए अपनी 92.2 प्रतिशत टैरिफ लाइनों कीपेशकश कर रहा है जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करता है। ईएफटीए के बाजार पहुंच प्रस्ताव में 100 प्रतिशत गैर-कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद (पीएपी) पर टैरिफ रियायत शामिल है।(4)भारत अपनी 82.7 प्रतिशत टैरिफ लाइनों की पेशकश कर रहा है जिसमें 95.3 प्रतिशत ईएफटीए निर्यात शामिल है जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोना है। सोने पर प्रभावी शुल्क अछूता रहा है। ऑफर बढ़ाते समय फार्मा, चिकित्सा उपकरणों और प्रसंस्कृत खाद्य आदि क्षेत्रों में पीएलआई से संबंधित संवेदनशीलता को ध्यान में रखा गया है। डेयरी, सोया, कोयला और संवेदनशील कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बहिष्करण सूची में रखा गया है।(5)भारत ने ईएफटीए को 105 उप-क्षेत्रों की पेशकश की है और स्विट्जरलैंड से 128, नॉर्वे से 114,लिकटेंस्टीन से 107 और आइसलैंड से 110 उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं हासिल की हैं।

## विचार

# भाजपा ने अपने अलग हुए सहयोगी पार्टियों के लिए खोले दरवाजे

अरुण श्रीवास्तव



ठीक 13 महीने पहले,10 फरवरी, 2023 को, नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में दुस्साहसिक दावा किया था, श्एक अकेला सब पर भारी। उन्होंने यहां तक कहा था कि श्एक व्यक्ति कई लोगों के लिए बहुत ज्यादा साबित हो रहा है। उन्हें अपनी क्षमताओं, निपुणता और राजनीतिक शक्ति पर इतना भरोसा है कि उन्हें आम लोगों को श्मोदी की गारंटीश् की पेशकश करते हुए सुना गया था। अपने दस साल के शासन के दौरान उन्होंने अपने सहयोगियों को वस्तुतरू अप्रासंगिक बना दिया और उन्हें राजनीतिक दायरे से बाहर कर दिया। दुर्भाग्यवश, उसी व्यक्ति, भारतीय राजनीति के लौह पुरुष, को इंडिया गुट की चुनौती से लड़ने के लिए, अपने पूर्व सहयोगियों से वापस आने, उनके साथ शामिल होने की भीख मांगते हुए देखकर वास्तव में दया आती है। मोदी को किसी अन्य व्यक्ति की सलाह और सुझाव सुनने से नफरत है। वह सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं। यह एक खुला रहस्य है कि 2014 का आम चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल जैसे नेताओं को किनारे कर दिया था, जो कभी दोनों भाजपा के सबसे मजबूत सहयोगी थे। यहां तक कि उन्होंने ओडिशा के नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजेडी को भी नजर अंदाज कर दिया था। मोदी ने उनके साथ बेहद क्रूर व्यवहार किया। मोदी ने एक स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें ऐसे सहयोगियों की परवाह नहीं है और वह अकेले दम पर चुनाव जीतने में सक्षम हैं, चाहे राज्य में हों या केंद्र में। हालांकि अकालियों ने तीन विवादास्पद और अब रद्द किये गये कृषि कानूनों को लेकर भाजपा से नाता तोड़ लिया था, लेकिन सच्चाई यह है कि बादल निराश महसूस कर रहे थे। 2014 के राज्य के विभाजन के बाद आंध्र से किये गये वादों को पूरा करने में केंद्र की विफलता के विरोध में तेलुगु देशम ने 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले वॉकआउट कर दिया था। नवीन भाजपा के प्रति दोहरा रवैया अपनाये हुए थे। चंद्रबाबू नायडू और उनके सहयोगी जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण पहले ही भाजपा नेतृत्व के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर चुके हैं। दरअसल नायडू के साथ कई दौर की चर्चा हो चुकी है। मोदी बादलों की आहत भावनाओं को मनाने में भी सफल रहे हैं। उनके साथ सीटों पर बातचीत भी चल रही है। मोदी विपक्ष के प्रति इतने तिरस्कृत भाव से परिपूर्ण थे कि उन्होंने कांग्रेस की चुनौती को कभी गंभीरता से नहीं लिया। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा बनायी गयी अलौकिक दुनिया में घूमते हुए, उन्होंने सोचा कि राहुल गांधी और गांधी परिवार के खिलाफ उनके कटाक्ष कांग्रेस को निरर्थक बना देंगे। उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने के लिए अपना अभियान भी चलाया। जरा सोचिए, जिस पार्टी (कांग्रेस) को प्रधानमंत्री मोदी ने महज दस साल में देश के राजनीतिक पटल से गायब कर दिया था, वह आक्रामक अंदाज में उभरने लगी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जमीनी स्तर पर लोग राहुल गांधी के आह्वान और कदमों पर अनुकूल प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिन्हें सही मायनों में अभी एक विकल्प के रूप में उभरना बाकी है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस के पास उनके अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है जो मोदी के नेतृत्व में भगवा दिग्गजों की एक श्रृंखला का मुकाबला कर सकें। इसे डिकोड करना भागवत और मोदी पर निर्भर है। लेकिन एक बात तो तय है कि राहुल एक नये राजनीतिक दर्शन के प्रतीक हैं। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वह भारतीय संविधान के मूल मूल्यों और उसकी रक्षा कैसे की जाये, इस पर बात कर रहे हैं।

**वह सबसे बुद्धिमान व्यक्ति हैं। यह एक खुला रहस्य है कि 2014 का आम चुनाव जीतने के बाद उन्होंने तेलुगु देशम के चंद्रबाबू नायडू और अकाली दल के सुखबीर सिंह बादल जैसे नेताओं को किनारे कर दिया था, जो कभी दोनों भाजपा के सबसे मजबूत सहयोगी थे। यहां तक कि उन्होंने ओडिशा के नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजेडी को भी नजर अंदाज कर दिया था। मोदी ने उनके साथ बेहद क्रूर व्यवहार किया। मोदी ने एक स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें ऐसे सहयोगियों की परवाह नहीं है।**

प्रधानमंत्री मोदी का अपने ही पूर्वानुमानों और अनुमानों पर से भरोसा उठना भाजपा के एक वरिष्ठ नेता की टिप्पणी से झलकता है। श्हम उन सभी एनडीए सहयोगियों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने हमें छोड़ दिया था। सत्ता में बने रहने के लिए यह जरूरी है कि हमें कम से कम मौजूदा सदन में मौजूद सीटें तो मिलें। मोदी का ध्यान एनडीए के 400 का आंकड़ा पार करने पर है, जाहिर तौर पर इसे हासिल करने के लिए हमें अपने पुराने सहयोगियों को साथ लेना होगा।श् उनके मुताबिक भाजपा नेताओं को सहयोगी दलों पर धौंस नहीं जमानी चाहिए। प्रधान मंत्री मोदी और भाजपा नेतृत्व का मुख्य ध्यान दक्षिणी राज्यों पर केन्द्रित प्रतीत हो रहा है। पूर्व और उत्तर भारत के राज्य पहले से ही संतृप्ति स्तर पर पहुंचने के साथ, पार्टी दक्षिणी राज्यों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की उम्मीद कर सकती है। इसे पाने के लिए जरूरी है कि उसके पास ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सीटों का बड़ा हिस्सा हो। भाजपा विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों के लिए जगह खाली रखने के फॉर्मूले पर काम कर रही है। बिहार में भाजपा को बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी को अपने ऑफर पर सहमत कराना मुश्किल हो रहा है। जद (यू) 2019 में जीती गयी अपनी16 सीटों में से कुछ सीटों पर दावा छोड़ने के भाजपा नेताओं के सुझाव से भी सहमत नहीं है। इलाज के लिए नीतीश के ब्रिटेन जाने से भाजपा नेतृत्व को उम्मीद है।

## दक्षिण में भाजपा की रणनीति

भाजपा नीत एनडीए गठबन्धन लगातार अपना विस्तार करता जा रहा है और उत्तर से दक्षिण की तरफ कूच करता दिख रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने जनसंघ के काल से ही देश के विभिन्न क्षेत्रीय दलों के साथ सहयोग व गठबन्धन करने में सिद्धहस्त इस प्रकार रही है कि हर गठजोड़ के बाद इसकी जमीनी ताकत में वृद्धि हुई है। दक्षिण के राज्य आन्ध्र प्रदेश में भाजपा अपने बूते पर कोई महत्वपूर्ण राजनैतिक ताकत नहीं है परन्तु वर्तमान राजनैतिक सन्दर्भों में वे सभी क्षेत्रीय दल इसके साथ आने को बेताब लगते हैं जिनका विपक्षी इंडिया गठबन्धन के साथ कोई तालमेल नहीं है।

इस राज्य की तेलुगू देशम पार्टी ने 1983 में स्थापना के बाद एक बारगी कांग्रेस का सफाया कर दिया था और इसके संस्थापक स्व. एन.टी. रामराव ने सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी। स्व. राव तेलुगू फिल्मों के बहुत लोकप्रिय अभिनेता थे। राजनीति में आने पर राज्य की जनता ने उन्हें तब हाथोंहाथ लिया था और उस समय के केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की नेता स्व. इन्दिरा गांधी के पैरों के नीचे से जमीन खिसका दी थी, हालांकि श्रीमती गांधी भी राष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही लोकप्रिय नेता थीं। तेलुगू देशम की स्थापना के बाद से आन्ध्र प्रदेश की राजनीति में जहां क्षेत्रीय अपेक्षाओं का प्रादुर्भाव बढ़ा वहीं इसका असर अन्य राज्यों पर भी पड़ा और देखते-देखते ही इसके बाद उत्तर भारत के राज्यों में भी क्षेत्रीय दल पनपने लगे। 90 का दशक इनके लिए बहुत फलने-फूलने वाला कहा जा सकता है। इसकी जड़ में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होना भी माना जाता है जिसकी वजह से समूचे उत्तर भारत की राजनीति में हमें गुणात्मक बदलाव देखने को मिला, मगर इसके समानान्तर आश्चर्यजनक रूप से भाजपा का प्रभाव भी इन राज्यों में बढ़ा। इसका कारण राम मन्दिर आन्दोलन माना जाता है। राम मन्दिर आन्दोलन ने जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लहर को पूरे उत्तर भारत समेत दक्षिण के द्वार कर्नाटक तक पहुंचाया, उसी का यह परिणाम है कि भाजपा आज सांस्कृतिक पुनरुत्थान की प्रणेता बनी हुई है और इस कार्य को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दुत्ववादी कलेवर में बाखूबी किया गया है। अब ऐसा लग रहा है कि देश का कोई क्षेत्र इससे अछूता नहीं बचा है क्योंकि केरल जैसे धुर दक्षिणपंथी राज्य से जिस तरह कांग्रेसी नेता इस पार्टी में प्रवेश कर रहे हैं उससे यही लगता है कि भाजपा का यह राजनैतिक विमर्श जमीन पर जरूर हलचल मचा रहा है। इसके साथ ही भाजपा तमिलनाडु की दूसरे नम्बर की क्षेत्रीय पार्टी अन्ना द्रमुक के साथ भी पुनः गठबन्धन करने की तैयारी में लगती है। इस पार्टी के साथ इसका पहले गठबन्धन था मगर वह टूट गया था। जहां तक आन्ध्र प्रदेश का सम्बन्ध है तो तेलगू देशम यहां की मुख्य विपक्षी पार्टी है जबकि सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस को अपने घर के भीतर से ही कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। बेशक यह मुकाबला मुख्यमन्त्री जगन रेड्डी की सगी बहन वाईएस शर्मीला ही दे रही है जो कि पिछले दिनों ही कांग्रेस पार्टी में आई है। उनके कांग्रेस में आने के बाद से राज्य की राजनीति में कांग्रेस का प्रभाव बढ़ा है। पहले यह समझा जा रहा था कि इस बार लोकसभा चुनावों में असली मुकाबला कांग्रेस पार्टी व वाईएसआर कांग्रेस के बीच ही होगा। मगर भाजपा ने अपनी गठबन्धन की राजनीति की चौसर बिछा कर इसे त्रिकोणात्मक करने की रणनीति लागू कर दी है। राज्य में इसी वर्ष के अन्त तक लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा चुनाव भी होने हैं। तेलगू देशम चाहती है कि लोकसभा की सीमित सीटों पर ही भाजपा जोर-आजमाइश करे और विधानसभा की अधिसंख्य सीटें उसके हवाले करे। जिन राजनैतिक पंडितों को भाजपा की 'मेलजोल' की राजनीति की जानकारी है वे जानते होंगे कि पार्टी ने किस प्रकार महाराष्ट्र में शिवसेना के छोटे भाई की भूमिका स्वीकार करके अपने प्रभाव क्षेत्र में जबर्दस्त इजाफा किया। दरअसल भाजपा को इस राज्य में जमाने वाली शिवसेना ही थी जिसके साथ इसका तीन साल पहले तक मजबूत गठबन्धन था।



## राशिफल

**मेष**- राशि वालों के लिए आज का दिन अत्यंत फलदायी रहने वाला है। आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी जिससे परिवार के सदस्यों के बीच चल रहा मनमुटाव दूर होगा।

**वृषभ**- राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन अनुकूल रहने वाला है। आप दोस्तों के साथ कुछ खास खुशी के पल बिताएंगे और उनके साथ मौज-मस्ती करते नजर आएंगे।

**मिथुन**- राशि वालों के लिए आज का दिन उन्नति लेकर आने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को प्रमोशन या वेतन वृद्धि जैसी कोई सूचना सुनने को मिल सकती है।

**कर्क**-राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन अच्छा रहेगा। बिजनस करने वाले लोगों को आज अच्छा लाभ होगा और नए-नए कांटेक्ट भी बनेंगे।

**सिंह**-राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन शुभ रहने वाला है। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी और एक दूसरे की हर कार्य में मदद करेंगे।

**कन्या**- राशि वालों का सप्ताह का पहला दिन सामान्य रहने वाला है। आपको किसी पर भी जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना होगाए अन्यथा परेशानी हो सकती है। बिजनस में आपको सोच.समझकर आगे बढ़ना चाहिए।

**तुला**-राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप धार्मिक कार्यों में पूरी आस्था दिखाएंगे जिससे परिवार के सदस्यों से प्रशंसा मिलेगी।

**वृश्चिक**-राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन खुशियां लेकर आना वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को आज कोई नया काम करने का मौका मिलेगा।

**धनु**- राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन सामान्य रहेगा। रोजगार की तलाश में कर रहे लोगों को आज अच्छा मौका मिल सकता है।

**मकर**-राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन मिश्रित परिणाम लेकर आने वाला है। नौकरी में आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

**कुंभ**- राशि वालों के लिए सप्ताह का पहला दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। नौकरीपेशा लोग आज व्यस्तता के कारण परिवार वालों के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे।

**मीन**- राशि वालों का भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप लोगों से अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे लेकिन अगर आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है तो उसे आगे न बढ़ाएं।

# चुनाव आयोग निष्प्राण : चुनाव सुप्रीम कोर्ट करवाए!

शकील अख्तर



वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है श्समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य। इस चुनाव आयोग का कभी नाम था। आज बदनाम है। कई देश अपने यहां निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए इससे निवेदन करते थे। नेहरू ने 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया था। और उसके तत्काल बाद सूडान ने अपने यहां चुनाव करवाने के लिए नेहरू की सहायता मांगी थी। भारतीय चुनाव आयोग वहां गया और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवा कर पूरी दुनिया में भारत की चुनाव प्रणाली का डंका पीट दिया। विश्व गुरु ऐसे होते थे। इन्दिरा गांधी द्वारा बांग्ला देश बनाने के बाद वहां के चुनावों में भारतीय चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक की भूमिका अदा की। अरब देशों सहित कई देशों की चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए भारतीय चुनाव आयोग को बुलाया जाता रहा है। मगर अब यह सब दादी नानी की कहानियां हैं। बेटा एक समय था जब हमारे देश का इतना नाम हुआ करता था! आज की हकीकत यह है कि भारतीय चुनाव आयोग में केवल एक सदस्य रह गया है। एक अनूप पांडे पिछले महीने रिटायर हो गए थे। उनकी जगह भरी नहीं गई। और एक अरुण गोयल ने अभी इस्तीफा दे दिया। बचे अकेले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। एक सदस्यीय चुनाव आयोग। यही समय है विपक्ष को जोरदार आवाज उठाना चाहिए कि इन एक बचे साहब को भी राहुल के बयानों में किस किस का नाम आया है किस का नहीं गिनने में लगाओ और चुनाव सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में करवाओ। और खबरदार किसी बाहर के आब्जर्वर को घुसने मत देना। भारत ने नाम कमाया है विदेशों में जाकर चुनाव करवाने में, अपने यहां वह स्थिति नहीं होने देना कि अमेरिका युरोप इंग्लैंड जो पिछले कुछ समय से हमें लोकतंत्र पर उपदेश देने लगे थे अब हस्तक्षेप भी करने लगें। वैसे तो लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सत्ता की है। सरकार के पास ही सब साधन होते है कि वह लोकतंत्र मजबूत करे या उसे जैसा आज खतरे में दिख रहा है वैसा पतन के मुहाने तक ले जाएं। मगर इस बार वक्त ने जिसके लिए कहा जाता है समय बड़ा बलवान ने विपक्ष को मौका दिया है और जिम्मेदारी भी कि वह भारत के लोकतंत्र को बचाने के लिए ऐलान कर दे कि अब इस अविश्वसनीय हो गए चुनाव आयोग के नियंत्रण में चुनाव नहीं हो सकते। पूरी तरह अस्वीकार्य।

सुप्रीम कोर्ट व्यवस्था बनाए। अपनी निगरानी में चुनाव करवाए। बेलेट पेपर से हों। किसी बाहर के आब्जर्वर को सोचने कहने की भी जरूरत न पड़े इतना फुल प्रूफ इंतजाम सुप्रीम कोर्ट करवाए। हमारे चुनावों पर तो कभी किसी ने शक किया ही नहीं। 1975 की इमरजेन्सी के बाद इन्दिरा गांधी चाहतीं तो 77 के चुनाव चाहे जैसे करवा सकती थीं। मगर पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र करवाए। और उसके बाद उतनी ही शांति से सत्ता हस्तांतरण किया। अभी अमेरिका में देखा दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र वहां हारने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने किस तरह सत्ता छोड़ने से इनकार कर दिया था। वहां भी भक्त होते हैं। वे वहां की संसद में घुस गए थे। इसलिए वहां अभी के राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। पूरी दुनिया में और अमेरिका में भी। मगर भारत में उसे बचाने का एक मौका विपक्ष के पास है। अमेरिका में तो जनता इतनी जागरूक है कि वह वहां किसी भी आधुनिक मूल्य को जिनमें लोकतंत्र सर्वोपरि है कमजोर नहीं होने देगी। मगर हमारे यहां की जनता जल्दी डर जाती है। उसका भय और साहस इस पर निर्भर करता है कि कौन सा पक्ष ज्यादा ताकतवर है। अगर डराने वाला है तो वह डर जाती है। हिम्मत दिलाने वाला है तो उठ खड़ी होती है। इसलिए राहुल को इतनी ज्यादा मेहनत करना पड़ रही है। डर के खिलाफ राहुल बहुत दिनों से अभियान चला रहे हैं। मगर हमारे यहां डर की जड़ें भी बहुत गहरी हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसी का उपयोग कर रहे हैं। और एक काल्पनिक डर दिखाकर ध्रुवीकरण करते रहते हैं। इसलिए अमेरिका और युरोप की तरह हमारी जनता खुद लोकतंत्र को बचाने के लिए पहल नहीं करेगी।

**आज बदनाम है। कई देश अपने यहां निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव करवाने के लिए इससे निवेदन करते थे। नेहरू ने 1950 में चुनाव आयोग का गठन किया था। और उसके तत्काल बाद सूडान ने अपने यहां चुनाव करवाने के लिए नेहरू की सहायता मांगी थी। भारतीय चुनाव आयोग वहां गया और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव करवा कर पूरी दुनिया में भारत की चुनाव प्रणाली का डंका पीट दिया। विश्व गुरु ऐसे होते थे। इन्दिरा गांधी द्वारा बांग्ला देश बनाने के बाद वहां के चुनावों में भारतीय चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक की भूमिका अदा की। अरब देशों सहित कई देशों की चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए भारतीय चुनाव आयोग को बुलाया जाता रहा है। मगर अब यह सब दादी नानी की कहानियां हैं। बेटा एक समय था जब हमारे देश का इतना नाम हुआ करता था! आज की हकीकत यह है कि भारतीय चुनाव आयोग में केवल एक सदस्य रह गया है।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# शराब छुड़ाने की दवा पीने से दो युवकों की मौत

▸ दस हजार रुपये फीस लेकर नीम हकीम पिलाता था दवा

समृद्धि न्यूज़।





**पनवाड़ी/महोवा।** कस्वा सहित सम्पूर्ण व्लाक क्षेत्र मे स्वास्थ विभाग के शिथिलता एव उदासीनता के चलते ग्रामीण अंचलो मे अप्रशिक्षित झोला छाप डाक्टरो की भरमार से जहाँ एक ओर भोले भाले व अशिक्षित ग्रामीण इनके चुगलो मे फंस अपनी जेवे खाली कर वही दूसरी ओर इनके द्धारा किये उपचार से जान भी गवाना पड रही है।

कल कस्वे मे ऐसा ही मामला प्रकाश मे आया है।कस्वे के पावर हाउस के समीप स्थिति एक वैध द्धारा दो युवको को शराव के लतियो को शराव छुडाने की दवा पिलाने से उनकी हालत तेजी से विगडती चली गयी। गभीर हालत देख दोनो को सी एच सी लाया गया डयूटी रत डाक्टर ने दोनो को चेकप कर मृत्य घोषित कर सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने दोनो शवो को कव्जे ले परिवारजनो के समक्ष पचनामा भर पी एम को भेजा।

जनपद हमीरपुर के थाना मजगुवा ग्राम राउतन टोला निवासी देवेन्द्र पुत्र नारायन दास अपने भाई नवल के साथ शराव छुडाने की दवा पीने पनवाडी कस्वे मे पावर हाउस के समीप एक वैध के यहाँ आया था।मृत्यक के भाई नवल का आरोप है कि वैध ने 10हजार रूपये लेकर शराव छुडाने की दवा पिलाकर शराव भी पिलवायी इसके सेवन के वाद भाई की हालत विगडने लगी तव साथ आये भाई ने वैध से भाई की हालत विगडने की पुनव्यात कही उपरोक्त ने छै वजे तक होश आने की वात कही जवकि वैध द्धारा दो वजे दवा का सेवन कराया गया था। हालत विगडती देख भाई नवल देवेन्द्र राजपूत उम्र 28 वर्ष को सी एच सी लेकर पहुँचा डयूटी पर कार्यरत डाक्टर ने देवेन्द्र को मृत्य घोषित कर दिया। वही दूसरा युवक जनपद हमीरपुर थाना चिकासी ग्राम रहुटा से थाना पनवाडी क्षेत्र के ग्राम वुडेरा निवासी अपने फूफा लल्लू के यहाँ एक शादी मे रोहित पुत्र मूलचन्द्र पासवान उम्र 25 वर्ष आया हुआ था।

यह भी शराव का लती होने के सवव वैध के यहाँ पहुँच दवा पी कर वापस ग्राम वुडेरा फूफा घर चला गया वही इसकी हालत विगड उल्टी आदि होती रही।हालत विगडने पर रिश्ते दार इसको भी सी एच सी लेकर आये डाक्टर ने इसको भी मृत्य घोषित किया।पुलिस एक पचंनामा भर भी नही पायी थी दूसरा शव पुलिस के समक्ष आ गया। पुलिस ने दोनो शवो का पंचनामा भर पी एम को जनपद भेजा । मृत्यक के भाई नवल राजपूत की ओर से दी गयी तहरीर पर दो लोगो के विरूद्ध लल्लू उर्फ हरनारायन व उसका पुत्र मन उर्फ मनमोहन के विरूद्ध धारा 304; 328 के तहत मुकदमा पजीकृत कर दोनो को हिरासत मे ले पुलिस गहन पूछ ताँछ करने मे जुटी है।

ग्राम मजगुवा निवासी मृत्यक देवेन्द्र अपने पीछे पत्नी ममता देवी व तीन लड़किया रक्षा 7 वर्ष सोनम 5 वर्ष वर्षा 3 वर्ष को रोता विलखता छोड़ चला गया। मृत्यक देवेन्द्र तीन सगे भाई थे जिसमे नवल एवं कौशल का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है उनके गाँव में मौत से सन्नाटा पसरा हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना

▸ संबंधित को समस्या निस्तारण के लिए दिए जरूरी निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



जिले में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, में जनसुनवाई की जा रही है। जिसके तहत एसपी ने फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। वहीं जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को मौके पर दूरभाष के जरिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी।

साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार के नेतृत्व में डीएम चौराहे पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक प्रार्थना पत्र एसएसपी संजय सिंह को दिया। पीड़ित की धर्मपत्नी सरिता जैन ने मांग की है कि सन्मति ट्रेडर्स इटावा के प्रोपराइटर उमेश कुमार जैन के अमित कुमार राठौर इमामी कंपनी में बतौर सेल्समैन का काम करता था जिसकी सैलरी कंपनी के द्वारा प्राप्त होती थी अमित कुमार कुछ दिन पूर्व पारिवारिक गृह क्लेश के कारण मानसिक अवसाद से गुजर रहा था जिस वजह से अमित ने कंपनी से त्यागपत्र देकर काम छोड़ दिया था। कुछ दिन पूर्व उसने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और उसके परिवार के द्वारा उमेश कुमार पर झूठा आरोप लगाकर उसे दोषी बनाया गया और मुकदमे में गलत फसाया गया आज बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं पुरुष बच्चे डीएम चौराहे पर पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले और निष्पक्ष जांच की मांग की जिसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल धर्मेंद्र जैन रंजीत कुशवाहा हैप्पी जैन मनोज जैन राजू मामा पीड़ी जैन राहुल जैन गुड्डू जैन नवनीत जैन ववुआ मिथुन जैन रजत जैन किशोर कुमार जैन विकास जैन सुदर्शन जैन नवनीत जैन आशा जैन चंचल जैन मनोरमा जैन सरिता वोनू जैन नीरज शेलेश मन्नू कोरियर पिंटू भांजा बड़ी संख्या में जल समाज की महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल रहे।

### सुभासपा गरीबों की हितैषी : शिशुपाल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की विशाल जनसभा जनपद के ग्राम विरोधी भरथना विधानसभा मे हुई जिसमें अध्यक्षता पृथ्वीराज कश्यप जिला अध्यक्ष इटावा द्वारा हुई मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव शिशुपाल सिंह यादव ने जनता को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियां एक शिक्षा अनिवार्य शिक्षा एक से एमए तक की फ्री शिक्षा घरेलू बिजली फ्री एवं एक से लेकर 50 लाख तक का इलाज फ्री और जाति जनगणना पर बोलते हुए कहा है कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी वह पार्टी है जो गरीब वंचित समाज के लिए लगातार लड़ाई लड़ रही है उनके आने वाली पीढियां के भविष्य की बात कर रही है। श्री यादव ने कहा कि शिक्षा इस तरह की होनी चाहिए कि गरीब मजदूर और किसान एवं पूंजीपतियों एवम् मंत्री के बेटे एक ही शिक्षा प्राप्त करें इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय ओम जी प्रधान जी मंडल अध्यक्ष लाल राजपूत जी जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज कश्यप महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी जिला अध्यक्ष ओरैया अच्छय कुशवाहा जी कोषाध्यक्ष विवेक शर्मा जी जिला उपाध्यक्ष कमलेश कश्यप जी जिला उपाध्यक्ष दिनेश कश्यप जी राममोहन जिला उपाध्यक्ष सुनील कश्यप जी जिला उपाध्यक्ष भगवान दास कश्यप जी जिला सचिव राजकुमार कश्यप जी विधानसभा अध्यक्ष राममोहन जी कार्यक्रम ओमप्रकाश राजभर की नीतियों से प्रभावित होकर एक दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर भारी जनादेश के साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कार चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी और इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे ग्वालियर से इलाज के लिए दिल्ली ले जा रहे थे पर रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 304–ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। कबरई थाना के ग्राम रिवई सुनैचा निवासी मानसिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 2 मार्च की रात्रि करीब 10 बजे उसका पुत्र नीतीश उर्फ विकास व देवीसिंह यादव रिश्तेदारों की बाइक लेकर कबरई से ग्राम सुनैचा जा रहे थे। बाइक देवी सिंह चला रहा था। रास्ते में लक्ष्मी ग्रेनाइट के पास देवीसिंह ने बाइक किसी काम से सड़क किनारे खड़ी कर दी। तभी कार चालक जो नशे में था उसने तेजी और लापरवाही से बाइक के पास खड़े नीतीश को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे उसके साथियों ने एंबुलेंस के जरिए कबरई अस्पताल भिजवाया। यहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया। इसके बाद उसे झांसी, ग्वालियर से दिल्ली रिफर कर दिया गया। वहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 304–ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### गायत्री विद्यापीठ पीजी को मिला बड़ा हाल और बरामदा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया को बहराइच सांसद अक्षयबर लाल गोंड़ के द्वारा लोकसभा क्षेत्र सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से महाविद्यालय परिसर के लिए बड़ा हॉल और बरामदा मिला। बहराइच सांसद द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। सांसद ने कहा कि इस महाविद्यालय के स्व कन्हैया लाल श्रीवास्तव और हम लोग एक साथ रहकर समाज मे काम किये। उन्होंने महाविद्यालय में भवन निर्माण की नींव रखकर खुशी जतायी। इस अवसर पर में कार्यक्रम में महाविद्यालय अध्यक्ष डॉ सोहन लाल श्रीवास्तव, प्रबन्धक डॉ विश्वनाथ श्रीवास्तव, संस्थापक पुत्र कृष्ण लाल श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना



महोबा, समृद्धि न्यूज।

शासन के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा आत्मा योजना संचालित की जा रही है। आत्मा योजनांतर्गत दो दिवसीय इंटर स्टेट कृषक प्रशिक्षण के लिए किसानों को रवाना किया गया।

सोमवार को राजमाता बिजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश के लिए जनपद से 28 कृषकों को रवाना किया गया। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, एसडीम सदर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर अभय कुमार सिंह यादव उपकृषि निदेशक भी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में किसानों को कृषि से संबंधित जरूरी जानकारियों के साथ ही योजनाओं की जानकारियां दी जाएगी।

# नारी शक्ति फिटनेस रन में ऋचा यादव ने पाया प्रथम स्थान



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र इटावा युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बढ़पुरा खंड में नारी शक्ति महिला फिटनेस रन का आयोजन पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव बतौर मुक्य अतिथि रहे। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र इटावा द्वारा मुख्यातिथि एवं उपस्थित युवाओ का स्वागत किया गया । विद्यालय की पच्चीस युवतियों द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन -500 मीटर दौड़ में भाग लिया गया ।

प्रथम स्थान पर ऋचा यादव ने कब्जा किया। वही द्वितीय स्थान शिवानी दूबे ने हासिल किया एवं तृतीय स्थान पर खुशी रही ।

संस्थान के संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाये आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है एवं अपने अधिकारो के प्रति धीरे धीरे सजग हो रही है । इन कार्यक्रमो से महिलाओ को अपने सही स्वास्थ्य सेहत के प्रति जागरूक करने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केंद्र इटावा द्वारा नारी शक्ति को नमन करते हुए नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन जिले के प्रत्येक खंड में किया जा रहा है ।मंच संचालन कविता, अध्यापिका पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागियों को संस्थापक डॉ कैलाश चंद यादव एवं जिला युवा अधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए ।बसरेहर खंड में खंड स्वयंसेवक मोहिनी कश्यप ,अजीत के द्वारा शंकरपुर में महिला दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत प्रधान पारुल जी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया।

प्रथम स्थान मोहिनीं, द्वितीय पर मुस्कान एवं तृतीय स्थान रागिनी ने हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में जिले के अन्य सभी खंडों में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवियो द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र इटावा के लेखाकार सर्वेश बाथम जी , खंड स्वयंसेवक प्रियंका ,धारवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# प्राचार्य जनता कॉलेज बकेवर ने किया युवती दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ

इटावा, समृद्धि न्यूज।



नेहरू युवा केंद्र संगठन इटावा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ब्लॉक महेवा के अंतर्गत महेवा ब्लॉक की नारी शक्ति फिटनेस दौड़ कार्यक्रम के तहत युवती वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता जनता कॉलेज बकेवर खेल मैदान पर संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डा. आर के त्रिपाठी ने युवती दौड़ प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम के संयोजक/ युवा सेवा मंडल बकेवर अध्यक्ष/ पूर्व एनवाईबी आदित्य मोहन शर्मा ने आए अतिथि को नेहरू युवा केंद्र विभाग की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और सभी उपस्थित लोगो का आभार जताया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा की नारी शक्ति को अब बराबर की हिस्सेदारी करनी चाहिए और हर खेल कूद में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। दौड़ प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान पर कीर्ति , द्वितीय स्थान पर प्रिया , तृतीय स्थान पर तनु रहीं । इन तीनों जीते प्रतिभागी युवती को विभाग की ओर से शील्ड, टी शर्ट, कप देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक एड. आदित्य मोहन शर्मा समेत पूर्व प्राचार्य डा एमपी यादव, पीटीआई मीनू त्रिपाठी, प्रो. नवीन अवस्थी, अजीत अग्नोहत्री, देवेश चौबे, रत्ना शुक्ला कर्मचारी अनिल कुमार, आशीष दुबे, निकेतन गुप्ता, गुड्डन, रिंकू सहित कई लोग मौजूद रहे ।

# लाभार्थियों के बनवाएं आयुष्मान कार्ड, दें योजनाओं का लाभ

▸ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की।

समीक्षा में कबरई ब्लाक में लक्ष्य के सापेक्ष खराब स्थिति पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सीएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों से हर रोज बात करके समय पर इलाज मुहैया कराया जाए एवं बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी. मरीजों से फ़ोन के माध्यम से वार्ता कर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत दो बच्चों तक लाभ दिया जाता है तथा इस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा चरखारी की प्रगति कम प्होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सीएचओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा सभी सीएचओ एक ग्रुप बनाकर आशा, एएनएम से जूम मीटिंग के माध्यम से प्रतिदिन फीडबैक लिया जाये। उन्होंने सभी सीएचओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएं तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं मातृ वंदना योजना के तहत लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आसाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समूह की महिलाओं ने पीएम के लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम का देखा लाइव प्रसारण

इटावा, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री द्वारा लखपति दीदी से संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जनपद के समस्त विकास खण्डों में एवं संकुल स्तरीय संघ के कार्यालय में दिखाया गया। इस कार्यक्रम को समूह की हजारों दीदियों ने लाइव प्रसारण देखा। प्रत्येक विकासखंड में पांच-पांच लखपति दीदी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद मुख्यालय में राष्ट्रीय सूचना केंद्र पर लखपति दीदियों ने संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखी।

अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी ने लखपति दीदियों को सम्मान पत्र देकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने प्रत्येक दीदी को नवाचार करते हुए लखपति बनने की सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सुधीर कुमार उपायुक्त उद्योग/ स्वत-रोजगार, जिला मिशन प्रबंधक डॉ नन्दकिशोर साह, सूर्य नारायण पांडेय, संतोष कुशवाहा, जितेश श्रीवास्तव, दीपेंद्र सिंह तोमर, लाभार्थी महिलाओं में सन्नो देवी, मंत्रवती, कुमारी पूजा, गिरिजा देवी, लता कुमारी, उषा सहित सभी लखपति दीदी मौजूद रही।

## होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–**

**04066/04065 आनन्द विहार टर्मिनल – पटना जं. – आनन्द विहार टर्मिनल सुपरफास्ट ए.सी. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04066 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04065 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 11:20 | -- |
| 16:00 | -- | पटना जं. | -- | 17:45 |

**चलने की तिथि : 04066 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (सोमवार एवं गुरूवार) एवं **04065 पटना जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार)।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
**ठहराव:** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली जं. – बरौनी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04062 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04061 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 08:50 | दिल्ली जं. | 07:35 | -- |
| 06:30 | -- | बरौनी जं. | -- | 08:00 |

**चलने की तिथि : 04062 दिल्ली जं.** से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) एवं **04061 बरौनी जं.** से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (सोमवार)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ जं., गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**04518/04517 चंडीगढ़ – गोरखपुर जं. – चंडीगढ़ आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04518 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04518 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04517 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04517 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:15 | चंडीगढ़ | 14:10 | -- |
| 18:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 22:05 |

**चलने की तिथि : 04518 चंडीगढ़** से दिनांक 21.03.2024 से 28.03.2024 तक (गुरूवार) एवं **04517 गोरखपुर जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य।
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**04060/04059 आनन्द विहार टर्मिनल – जयनगर – आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04060 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04060 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04059 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 10:30 | आनन्द विहार टर्मिनल | 19:55 | -- |
| 15:15 | -- | जयनगर | -- | 17:00 |

**चलने की तिथि : 04060 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) एवं **04059 जयनगर** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार)।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।**

**01664/01663 आनन्द विहार टर्मिनल – सहरसा जं. – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01664 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01664 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01663 आगमन | रेलगाड़ी सं. 01663 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 11:10 | आनन्द विहार टर्मिनल | 13:55 | -- |
| 11:20 | -- | सहरसा जं. | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 01664 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) को एवं **01663 सहरसा जं.** से दिनांक 27.03.2024 (बुधवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

**04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल – जोगबनी – आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04010 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04010 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04009 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 23:45 | आनन्द विहार टर्मिनल | 16:05 | -- |
| 05:20 | -- | जोगबनी | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04010 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.03.2024 (मंगलवार) को एवं **04009 जोगबनी** से दिनांक 28.03.2024 (गुरूवार) को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद जं., मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूणियाँ जं., अररिया कोर्ट एवं अररिया स्टेशन।

**04068/04067 दिल्ली जं. – दरभंगा जं. – दिल्ली जं. त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04068 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04068 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04067 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04067 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:40 | -- |
| 16:30 | -- | दरभंगा जं. | -- | 18:00 |

**चलने की तिथि : 04068 दिल्ली जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04067 दरभंगा जं.** से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (बुधवार एवं शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी जं. एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04004/04003 नई दिल्ली – सीतामढ़ी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04004 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04004 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04003 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04003 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 00:10 | नई दिल्ली | 01:30 | -- |
| 22:00 | -- | सीतामढ़ी जं. | -- | 23:30 |

**चलने की तिथि : 04004 नई दिल्ली** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को एवं **04003 सीतामढ़ी जं.** से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** मुरादाबाद, बरेली, शॉहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज जं., रक्सौल, एवं बैरगनियां स्टेशन।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लोकसभा चुनाव में शिक्षकों की होगी अहम भूमिका: अमित कुमार यादव

- सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को दिए दिशा निर्देश
- प्रतीक चिन्ह भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से लिया आशीर्वाद
- लखनऊ में संपन्न हुआ समाजवादी शिक्षक सभा का सम्मेलन

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**आगामी लोकसभा** चुनाव में शिक्षक बड़ा उलटफेर कर सकते हैं। शिक्षकों को केवल अपने- अपने बूथ का ध्यान रखना है और अपने बूथों को जिताकर अधिक से अधिक संख्या में पार्टी के सांसदों को संसद तक पहुंचाने का काम करें और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूती दें। ताकि केन्द्र की सरकार में समाजवादी पार्टी की अधिक से अधिक भागीदारी हो जिससे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षकों के हक की बात संसद में उठाकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करा सकें।

यह बात समाजवादी शिक्षक सभा कन्नौज के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लखनऊ में संपन्न हुए समाजवादी शिक्षक सभा के सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से व्यक्तिगत भेंटवार्ता हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में शिक्षकों की अहम भूमिका होने की बात कही। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष कन्नौज का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अपनी लोकसभा सीट जिताने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने पर जोर दिया।



जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्मेलन में कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षामित्रों का समायोजन और वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाना समाजवादी पार्टी के मुख्य मुद्दे हैं। सरकार आने पर ये सभी वादे अक्षरस पूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। युवाओं को नौकरी सें वंचित रखा जा रहा है, पेपर लगातार लीक हो रहे हैं। इस बात शिक्षक तथा बेरोजगार मिलकर भाजपा को सबक सिखायेंगे। इस बात के लोकसभा चुनाव के दौरान शिक्षकों को बढ़चढ़ प्रतिभाग करना है साथ कोई बूथ कमजोर न होने पाये इसलिए सभी बूथों पर सजग रहना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष कन्नौज को दिशा निर्देश देते हुए अपने अपने बूथों का ध्यान रखने की बात कही। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए अपनी लोकसभा सीट को जिताने के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। समाजवादी शिक्षकसभा जिलाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंट कर वार्ता के बाद प्रतीक चिन्ह सौंपकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर महासचिव विवेक कुमार, जिलासचिव दलगंजन सिंह , मौजूद रहे।

# सपा मुखिया अखिलेश और डिम्पल के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के मामले को लेकर सपा नेत्री ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं मैनपुरी सांसद डिंपल यादव के खिलाफलगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। जिससे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और जनपद व प्रदेश में उनके समर्थकों में रोष व्याप्त है। और उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। इससे संबंधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को दिया गया। ताकि संबंधित व्यक्ति के खिलाफमुकदमा दर्ज हो और उस पर कार्रवाई हो ताकि ऐसी गलती की बारंबरता ना हो। समाजवादी पार्टी की जिला सचिव अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन दिया। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव और जनपद में लोकसभा प्रभारी दमयंती सिंह कटियार ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी से राजनैतिक द्वेष की भावना उत्पन्न होती है। और इस तरह की भाषा शैली समाज में एक गलत संदेश देती है। और आपसी सौहार्द बिगड़ता है। राजनीति के स्तर को भारतीय जनता पार्टी ने बहुत गिराया है। अपनी बात सही तरह से कहने के भी बहुत से तरीके है परंतु इस तरह के तरीके घोर निंदनीय है। इस मौके समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष कलीम खान, दरोगा कटियार, गुफ्रान, शिवकुमार यादव सहित आदि रहे।

# खबरें चलते-चलते

## भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष के निर्माणधीन कार्यालय के निर्माण की सामग्री चोरी हो गई

**छिबरामऊ कन्नौज।** तहसील रोड पर भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के निर्माणाधीन राष्ट्रीय कार्यालय से निर्माण की सामग्री चोरी हो गई। घटना के बारे में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, गृह सचिव, डीजीपी, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर जोन, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं सीओ छिबरामऊ को भेजे पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा है कि राष्ट्रीय कार्यालय के निर्माण में शटर लगाने का ठेका अखिलेश कुमार पुत्र राम बहादुर निवासी ररुआ विशुनगढ़ को दिया था। कांप्लेक्स की चाबी भी इसी के पास थी। वह अपने दो लड़कों और एक कारीगर के साथ मिलकर वहां पर रखा सामान चोरी करके भाग गया और काम भी अधूरा छोड़ गया। कई बार बुलाने के बाद भी जब नहीं आया व चाबी किसी और से भेज दी। हम कॉल करके बुलाते रहे लेकिन वह बहाना बनाता रहा। जब 10 फरवरी को हम साइट पर गए तो वहां पर रखा करीब 50 हजार का माल चोरी हो चुका था। हमने पुलिस को तुरंत प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## कनेक्शन काटते समय बिजली करंट लगने से कर्मी झुलसा

**तिर्वा।** उमर्दा में सोमवार की दोपहर एक बिजली कनेक्शन काटने गए संविदा कर्मी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। घायल संविदा कर्मी को ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। ठठिया थाना क्षेत्र के पुरईपुर्वा गांव निवासी 25 बर्षीय आकाश बिजली विभाग में संविदा कर्मी के रूप में काम करता है। सोमवार की दोपहर वह उमर्दा में एक बिजली कनेक्शन काटने के लिए गया था। कनेक्शन काटने से पहले उसके बिजली घर से शटडाउन भी लिया था, लेकिन जिस दौरान आकाश बिजली पोल पर चढ़कर कनेक्शन काट रहा था। उसी दौरान किसी कर्मचारी ने बिजली आपूर्ति शुरू कर दी। जिससे आकाश करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है तथा हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में बिजली विभाग के जेई ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**तिर्वा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कनपटियापुर गांव के निकट स्कूटी से जा रहे एक ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। कनपटियापुर गांव निवासी सुनील कुमार (30) पुत्र नन्हे सोमवार की सुबह अपने स्कूटी से किसी काम से कन्नौज जा रहे थे। जब वह गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के दुकानदारों ने घायल ग्रामीणों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां ग्रामीण का उपचार किया जा रहा है।

## इंदरगढ़ पुलिस ने पांच वांछित वांरटियों को किया गिरफ्तार

**तिर्वा।** इन्दरगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार को एसपी के आदेश पर क्षेत्र में अभियान चलाकर बांछित वारंटियो को गिरफ्तार किया। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष किशन सिंह पाल ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उपनिरीक्षक शिव आसरे त्रिवेदी, हसेरन चौकी प्रभारी विनीत वर्मा के साथ क्षेत्र में फरार चल रहे अभियुक्त भारत सिंह पुत्र धीर सिंह, प्रकाश पुत्र सोनेलाल, गंगाराम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम हसेरन, रंजीत सक्सेना पुत्र अवधेश सक्सेना निवासी ग्राम कचाटीपुर व रामकरण पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम टिहुला को गिरफ्तार किया।

# स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है संतुलित आहार: प्रिया शाक्य

- राष्ट्रीय पोषण परववाड़ा में दो महिलाओं की हुई गोद भराई

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**



नगला लक्षीराम में आयोजित राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा पोषण एक बुनियादी मानवीय आवश्यकता है जो स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है। संतुलित आहार बच्चों व उनकी मां के ग्रोथ, विकास एवं सक्रिय जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर दो महिलाओं की गोद भराई भी की गई। उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुपोषण दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं का उन्नयन किया है। केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के जरिए माताओं व अभिभावकों को ऊपरी आहार के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया जाता है। उन्होंने कहा जन्म से छह माह तक बच्चे के लिए मां का दूध ही संपूर्ण आहार माना जाता है लेकिन छह माह के बाद बच्चे को मां के दूध के साथ ऊपरी आहार की भी जरूरत होती है क्योंकि बच्चे की लंबाई, वजन व मांस के साथ उसके अंगों में भी वृद्धि होती है। साथ ही उसका मानसिक विकास भी होता है। बच्चे के बड़े होने के साथ उसकी गतिविधियां जैसे पलटना, रेंगना खड़ा होना व चलना आदि बढ़ने लगती हैं। इन सभी गतिविधियों के लिए बहुत सारी कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, विटामिन व खनिज की जरूरत होती है जो पूरक आहार से ही पूरी हो सकती है। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम रामपुर बैजू निवासी रमन पत्नी सुनील कुमार एवं ग्राम लक्षीराम नगला निवासी अनीता पत्नी गौतम की गोद भराई की। बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश कुमार के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुख्य सेविका संगीता शुक्ला व रामकांती, गीता गुप्ता, मंजू यादव, मीरा यादव, अलका दीक्षित व सेवी परवीन सहित गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

# आसिफ हुसैन मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव बनाये गए



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**पार्टी** के प्रति मेहनत व लगन को देखते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर शहर के मोहल्ला शेखाना निवासी आसिफ हुसैन सिद्दीकी को मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया।। जानकारी होते ही आसिफ हुसैन के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। देर शाम तक बधाई देने के शुभचिंतक उनके आवास पर डटे रहे और मिठाई खिलाकर उन्हें मुबारकबाद दी।वहीं जिम्मेदारी मिलने के बाद आसिफ हुसैन ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे सौंपी है। उस पर वह पूरी तरह से खरे उतरेंगे और जनता के बीच पहुंचकर समाजवादी विचारधारा को उनके सामने रखेंगे जिससे पार्टी और मजबूत हो सके उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का स्वभाव है। जो वह युवाओं को राजनीति करने का मौका दे रहे हैं।

# छात्र छात्रों को पुरस्कार पूर्व सपा विधायक द्वारा वितरण किया गया



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**तहसील क्षेत्र** के कस्बा गुरसहायगंज में कुंदन ग्लोबल अकैडमी आजाद नगर पूर्व विधायक ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया। फुंदन ग्लोबल अकादमी आजाद नगर गुरसहायगंज मैं annual function मैं मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे छिबरामऊ विधानसभा के लोकप्रिय पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव द्वारा फर्स्ट रैंक सेकंड रैंक एवं थर्ड रैंक के छात्र एवं छात्राओं को ट्रॉफी देकर एवं कॉलेज के प्रबंधक श्री सलमान खुर्शीद कोआर्थिक सहायता देखकर सम्मानित करने का कार्य किया इस मौके पर अमन खान प्रदेश सचिव युवजनसभा, तस्लीम वारसी ,प्रबंधक सलमान खुर्शीद,आलम खान, आलोक यादव ,आलम सेख, आदि लोग मौजूद रहे।

## हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक मुश्ताक शाह के भंडारा में उमड़े लोग

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**कस्बा समधन** के अनीभोज रोड़ स्थित सूफी संत बाबा मुस्ताक शाह के आश्रम पर रविवार को वार्षिक भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी संत बाबा मुस्ताक शाह के दरबार में इस वर्ष भी भंडारा का आयोजन किया हुआ इसमें गैर प्रांतों से आए अनुयायियों ने बाबा का आशीर्वाद भंडारा कार्यक्रम में प्रशाद चखा। इस दौरान राज्य महिला आयोग लखनऊ सदस्य रामसखी कठेरिया,अनुराग कठेरिया,आलोक आर्य, भोजपुरी फिल्म स्टार हिमांशी खुराना, पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी व वसपा के वरिष्ठ नेता सैय्यद अहमद उसैव वटटू , पूर्व चेयरमैन मोहम्मद नकीम खान व मौलाना आसिफ, इमरान अली आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा के बिना पशु के समान है मनुष्य: सुब्रत पाठक

- आचार्य हरी बाबू अग्निहोत्री महाविद्यालय का फीता काटकर सांसद ने किया उद्घाटन

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



फीता काटकर शुभारंभ करते सांसद सुब्रत पाठक

शिक्षा के बिना मानव जीवन पशु के समान होता है शिक्षा हर किसी की प्रगति में सहायक होती है। शिक्षा से ही किसी भी राष्ट्र का विकास संभव है। उक्त बात मधबापुर चियासर स्थित आचार्य हरी बाबू अग्निहोत्री महाविद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने कही।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है युवाओं को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित कर रही है शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भाजपा सरकार विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं स्मार्टफोन और स्कॉलरशिप भी प्रदान कर रही है इससे पूर्व मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंधक हरी बाबू शास्त्री एवं प्रधानाचार्य जीतू अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजकों ने मौजूद आश्रम के महंत अयोध्या वासी महाराज, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी आदि का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमन अग्निहोत्री, सुनील मिश्रा, शिवराम सिंह, तेजराम, राधेश्याम, कुंवर सिंह, आशीष राजपूत, भूपेंद्र सिंह, अवनीश कुमार, नीरज शुक्ला, रिंकू तिवारी, सर्वेश द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, कुलदीप त्रिपाठी, वीना चौहान, कुन्नू बाबा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुलिस, बीएसएफ व पीएसी जवानों ने किया रूट मार्च



फोर्स के साथ रूट मार्च करते प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**आगामी लोकसभा** चुनाव को लेकर कोतवाली पुलिस व बीएसएफ, पीएसी बल सक्रिय हो गया है। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने पीएसी बल व बीएसएफ फोर्स के साथ नगर व क्षेत्र में पैदल मार्च किया। जिससे अराजक तत्वों में हडकम्प मच गया। सोमवार को एसपी अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने पीएसी व बीएसएफ फोर्स के साथ नगर के रेलवे रोड, गांधी नगर, रेलवे स्टेशन, रामगंज, जीटी रोड, तिराहा पार्क के अलावा तिर्वा रोड पर पैदल मार्च किया। इस दौरान कोतवाली की पुलिस टीम भी साथ रही। बड़ी तादाद में फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नगर के गली-कूचे तक निकले। इस दौरान उन्होंने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया साथ ही राह चलते संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। बताया कि फोर्स लगातार नगर में रहेगा। बताया कि शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अव्यवस्था व अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, कस्बा चौकी प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा, राजेश प्रताप सहित विनय कुमार, विनीत कुमार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — 13 मार्च को क्रिश्चियन कालेज के मैदान में उतरेगा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला

# मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर एडीजी व आईजी ने हेलीपैड का किया निरीक्षण

- चक्करघिन्नी बना जिला प्रशासन, कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मुख्यमंत्री के** प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने हेलीपैड का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार आगामी 13 मार्च को नगर के क्रिश्चियन इंटर कालेज में मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर हेलीपैड का निरीक्षण किया। एडीजी आलोक सिंह ने एग्जिट पॉइंट व एंट्री पॉइंट की जानकारी ली तथा पार्किंग के संबध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एडीजी ने आने वाली भीड़ को देखते हुए गेट की दीवारों को हटाने के निर्देश दिये।

एडीजी ने सभा स्थल के लिए आसपास की छतों पर पुलिस कर्मियों की भी तैनाती के आदेश दिये। सभा स्थल से हेलीपैड को जाने वाली सड़क को जल्द बनवाने के भी आदेश दिये। एडीजी ने कहा कि हेलीपैड के चारों तरफ डबल बैरिकेटिंग की जाए। साथ ही पानी की उचित व्यवस्था रखी जाए। हेलीपैड को पक्का बनाया जाए तथा ईटों के ऊपर सीमेंटेड घोल डाला जाए। आईजी जोगेंद्र कुमार ने आवास विकास में बनने वाली पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। लाभार्थियों को लाने वाली बसों में एडीजी ने एसपी को पुलिस कर्मियों को तैनात करने के आदेश दिये। इसके अलावा हेलीपैड व सभा स्थल पर लगातार पुलिस कर्मियों की तैनाती रखने के भी एडीजी ने आदेश दिये।



हेलीपैड का निरीक्षण करते एडीजी, आईजी, डीएम व एसपी आदि — समृद्धि न्यूज

# सुभासपा के विधानसभा अध्यक्ष को पुलिस ने पकड़ा, पदाधिकारियों ने घेरा थाना

- होमगार्ड पर वदसलूकी करने का लगाया आरोप, थानाध्यक्ष बोले आरोप निराधार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नवाबगंज थाना** क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष संतराम कश्यप को बीते दिन थाना पुलिस एक मामले की शिकायत पर लेकर आयी थी। वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार पीला गमछा डाले हुए थे। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद संतरी होमगार्ड ने उनका गमछा भी उतार लिया तथा विधानसभा अध्यक्ष के बताए अनुसार उनकी पार्टी को भी गाली-गलौज किया। जिससे उनको ठेस पहुंची। उन्होंने इसकी जानकारी अपने जिला अध्यक्ष संजय कश्यप दी। जिस पर जिला अध्यक्ष संजय कश्यप अपने एक दर्जन से अधिक साथी कार्यकर्ताओं, महिलाओं को लेकर थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाने के इंस्पेक्टर अमोद कुमार से बातचीत की। कोई हल न निकलने पर उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से करेंगे। यदि न्याय नहीं मिलता है, तो अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को भी इस बारे में जानकारी देंगे। वहीं थाना पुलिस के मुताबिक किसी से विधानसभा अध्यक्ष का पैसों का लेनदेन था। उसने शिकायत की थी। उसकी तहरीर के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष संतराम कश्यप को लाया गया था। उनसे ऐसी कोई वदसलूकी नहीं की गयी। विधानसभा अध्यक्ष का कथन निराधार है। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि यदि होमगार्ड ने कोई गलती की है, तो उसे डांट देंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष संजय कश्यप ने बताया कि वह इन बातों से संतुष्ट नहीं है। वह कप्तान साहब को अपनी बात बताएंगे और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश राजभर को अपनी बात बताएंगे तथा ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करवाएंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी रामकुमार कश्यप, महेंद्र सिंह माथुर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष धनदेवी, नगर उपाध्यक्ष सुधा देवी, दुर्वेश कुमार, विधानसभा प्रभारी सुशील कश्यप सहित एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


थाने के बाहर मौजूद सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# स्वास्थ्य शिविर में दो सौ मरीजों ने करायी सुगर, ब्लड प्रेशर, खून आदि की जांच

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**नगर के** अस्पताल में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी ने फीता काटकर किया। शिविर में सुगर, ब्लड प्रेसर, खून, हड्डी आदि रोगों की जाँच के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गयीं।

सोमवार सुबह वर्धमान जैन अस्पताल में विमलनाथ चेरिटेबल फाउंडेशन व विमलायतन ट्रस्ट के तत्वाधान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी पुखराज डागा ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ किरन कुकरेसा, डॉ0 शशी नारंग, डॉ0 रुबी सिंह ने महिला मरीजों की जाँच कर दवाईयां दीं। डॉ0 एम चोपड़ा, डॉ0 एमजेएस अनंद पित्त पेट यकृत रोग विशेषज्ञ ने मरीजों की जाँच कर दवाईयां वितरित कीं। शिविर में लगभग 200 मरीजों की सुगर, ब्लड प्रेशर, खून, हड्डी आदि की जाँच की गयी। वही काफी संख्या में जुकाम, बुखार व खुजली के मरीज भी निकले। पुखराज डागा ने बताया कि हर माह आँखों के शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें मरीजों की आँखों के ऑपरेशन होंगे। उन्हें दवाईयां व चश्मे निःशुल्क दिये जायेंगे। इस दौरान अटल बिहारी मिश्रा, हसनैन चौधरी, सचिन पांडेय, हिमांशु, कल्लू पांडेय, सनी आदि लोग मौजूद रहे।


मरीज की जांच करती महिला चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने शातिर अपराधी को तमंचा व कारतूस सहित दबोचा

- फर्रुखाबाद व फतेहगढ़ कोतवाली में दर्ज हैं एक दर्जन मुकदमे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना कादरीगेट** पुलिस ने सोमवार को शातिर अपराधी आशुतोष उर्फ शीपू पुत्र जयवीर निवासी सातनपुर थाना कादरीगेट को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 61/2024 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। अभियुक्त पर इस मुकदमे के अतिरिक्त मु0अ0सं0 51/2024 धारा-323, 504, 506 भा0द0वि0 थाना कादरीगेट, मु0अ0सं0 908/2016 धारा-307, 452, 427, 504, 506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 909/2016 धारा-186, 353 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 20/2021 धारा-352, 504, 506 भा0द0वि0 थाना जहानगंज, जनपद फतेहगढ़, मु0अ0सं0 231/2021 धारा-323, 332, 353, 504, 506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 252/2018 धारा-147, 323, 506 भा0द0वि0 कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 361/2016 धारा-323, 427, 504, 506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 413/2017 धारा-323, 504 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 503/2017 धारा-147, 341, 342, 427, 504 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 960/2020 धारा-147, 323, 325, 504, 506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, मु0अ0सं0 1001/2016 धारा-307 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद पर पंजीकृत हैं। अभियुक्त को उप निरीक्षक अनिल सिकरवार चौकी प्रभारी कादरीगेट, उप निरीक्षक सुरजीत सिंह चौकी प्रभारी आईटीआई. का0 यशवीर सिंह ने गिरफ्तार किया।


पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

# विवाद में भाई ने भाई पर धारदार हथियार से बोला हमला, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

विवाद को लेकर भाई ने भाई को धारधार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजपालपुर निवासी रंजीत जाटव उम्र 25 वर्षीय पुत्र राम सिंह घर पर अकेला था। उसी दौरान भाई गोयल उर्फ गोलू से रंजीत का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इससे गुस्साए गोलू उर्फ गोयल ने रंजीत को धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। वह खून को धोकर साक्ष्य को मिटाने लगा। इसकी भनक पड़ोसियों को लग गयी। पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इन्चार्ज विद्यासागर तिवारी, उपनिरीक्षक नितिन ने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


मृतक का फाइल फोटो

# खबरें चलते-चलते

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दुशासन यादव उम्र 69 पुत्र स्व0 बदन सिंह निवासी नौली मेरापुर खेती का कार्य करता था। कल सुबह 11 बजे फर्रुखाबाद से वापस घर नौली जाने के लिए गणेशपुर चौराहे पर खड़े होकर टैक्सी का इंतजार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पत्नी उर्मिला देवी, बच्चे संदेश, रजनेश, सर्वेश,सूरज, रघुनाथ, देवेंद्र, बदन,गुड्डी, नीलम, रीना आदि का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लूट के मामले में दो को सात-सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने तीस वर्ष पूर्व के लूट के मामले में उमेश पुत्र महिपाल ठाकुर, राजबहादुर पुत्र सुदामा ठाकुर को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कारावास से दण्डित किया है तथा 21-21 हजार रुपया जुर्माना किया है। जानकारी के अनुसार बीते 30 वर्षो पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम मेंदपुर निवासी सुरेश चंद्र ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं जल निगम में हैंड पाइप लगवाने का कार्य कर रहा हु मैं शाम को काम करवाकर साइड से घर वापस आ रहा था रास्ते मे चार आदमियों सहित मिले और हमको जबरदस्ती पकड़ लिया और मुझे बंधक बनाकर लूट लिया और मुझे बंधक बनाकर भाग गए। किसी तरह उनके चुंगल से निकलकर थाना कम्पिल पहुंचा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन के पक्ष से कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने उमेश, राजबहादुर को दोषी करार देते सात वर्ष के कारावास व 21-21 हजार रुपया के जुर्माना से दण्डित किया है।

## बीच रास्ते में उतारने को लेकर टेंपो चालक तथा महिला यात्री के बीच विवाद

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार की दोपहर फैजबाग चौराहे पर एक महिला यात्री शमशाबाद जाने के लिए फर्रुखाबाद जाने वाले एक टेंपो में सवा हुई। महिला के अनुसार उसने चालक से शमसाबाद में ही छोड़े जाने की बात तय की थी और जब टेंपो चालक द्वारा किराया लेने के बाद बीच में ही उतारा गया, तो महिला आगबबूला हो गई। जब महिला ने टेंपो चालक से शमशाबाद पहुंचाने की बात कही, तो टेंपो चालक अभद्रता करते हुए कहने लगा क्या एक सवारी छोड़ने शमसाबाद जाऊं। आक्रोशित महिला ने टेंपो चालक को खरी खोटी सुनाते हुए कहा शमसाबाद छोड़ने के लिए क्यों कहा था। आपने शमसाबाद का किराया लिया फिर बीच में क्यों उतार दिया। टेंपो चालक तथा महिला के बीच काफी देर तक वाद विवाद होता रहा। इसी बीच तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने महिला की बात सुन उसका समर्थन किया और इस कृत्य के लिए टेंपो चालक के व्यवहार पर नाराजगी जताकर जमकर हड़काया।

## बाइक सवार किशोर की मौत साथी घायल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** रविवार देर रात मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर निवासी अनुज यादव उम्र 17 वर्ष पुत्र कालीचरन की सड़क हादसे में मौत हो गई। अनुज का साथी शिवम पुत्र राजीव निवासी ग्राम खलवारा थाना मेरापुर गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को अनुज यादव अपने साथी शिवम के साथ बाइक पर सवार होकर नवाबगंज गया था। जब अनुज देर रात्रि नवाबगंज से वापस अपने घर आ रहा था कि तभी थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव वलीपुर के पास उसकी बाइक किसी से टकरा गई जिससे अनुज की मौके पर ही मौत हो गई और साथी शिवम घायल हो गया। घायल शिवम के साथ अनुज को जीवित समझ कर उपचार हेतु नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने अनुज को मृत घोषित कर दिया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

- शादी समारोह कार्यक्रम में भाग लेने ससुराल शाहजहांपुर जा रहे थे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद में कुरावली थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी बाइक चालक राम खिलाड़ी पत्नी पिंकी के साथ बाइक द्वारा ससुराल शाहजहांपुर जनपद की कोतवाली जलालाबाद के ग्राम ककरारा जहां चचिया ससुर साधु राम की पुत्री रेशमा की शादी समारोह के कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। ढाईघाट शमशाबाद मार्ग पर पुल के नजदीक गुजरते समय अचानक पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक घायल दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ में कुछ लोगों ने घायल दंपत्ति को संभाला तथा 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाया। सूचना के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल दंपत्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचाया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार हुआ। जिसमें महिला का पैर टूट गया। जिसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।



# ट्रांसपोर्टर व्यवसायी की मौत, परिजनों ने एसपी कार्यालय के बाहर लगाया जाम

- परिजनों ने रुपये के लेनदेन में जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप
- सीओ सिटी ने मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन देकर खुलवाया जाम
- पत्नी ने विजय गुप्ता, रितेश गुप्ता के खिलाफ पुलिस को नामदर्ज दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में ट्रांसपोर्टर की मौत हो गई। परिजनों ने रूपये के लेनदेन में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर कार्यवाही करने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के पक्कापुल नाला सिम्तसुमाल निवासी 50 वर्षीय रणवीर सिंह उर्फ गुड्डू ठाकुर ट्रांसपोर्ट का काम करता था। रणवीर की पत्नी भावना ने बताया कि रविवार साम 6 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति घर के पास बेहोशी हालत में छोड़ गया था। अस्पताल ले जाते समय रणवीर ने पत्नी को बताया कि शिवम गुप्ता ने 5 माह पूर्व 6 लाख रूपये लिए थे। वापस मांगे तो विजय गुप्ता, रितेश गुप्ता पुत्रगण मुन्ना लाल कुछ अज्ञात निवासी चमचा वाली गली शहर कोतवाली ने कोल्डिंक में कुछ मिलाकर पिला दिया है। अस्पताल में कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। पत्नी ने बताया कि पुत्री सोमी, पुत्र मोनू, विट्टू कृष्णा है। पत्नी ने थाने में आरोपियों के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद कार्यवाही करने की बात कही है। पोस्टमार्टम के बाद भी मुकदमा दर्ज न होने पर परिजनों ने पुलिस पर कार्यवाही न करने का लगाया अरोप लगाया। जिस पर मृतक के परिजन शव को पुलिस अधीक्षक ऑफिस लेकर पहुंचे। जहां शव रखकर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी प्रदीप कुमार से परिजनों ने मुकदमा दर्ज करने की मांग उठायी। जिस पर सीओ सिटी ने मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया। तब परिजनों ने पुलिस अधीक्षक ऑफिस के गेट से शव को हटाया।


जाम लगाये लोगों से बातचीत करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

# लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स ने किया फ्लैगमार्च

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा चुनाव** के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। फोर्स ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों की खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि वे निडर होकर मतदान करें। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है। इससे पहले ही पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी को पुख्ता बनाने में जुट गया है। इसी के चलते सोमवार को बीएसएफ जवानों की एक कंपनी कंपिल थाने पहुंची और पट्टी मदारी, कंपिल, कमरुद्दीन नगर, सिरसा, विल्सड़ी, राईपुर चिन्हटपुर, सादनगर, इकलहरा, कटिया सहित क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान कंपिल थानाध्यक्ष और बीएसएफ कमांडेंट ने ग्रामीणों से वार्ता की और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है। किसी को डराने.धमकाने की कोशिश करता है, तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे उसके खिलाफकार्रवाई की जा सके। कंपिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार कंचन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया है। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए असामाजिक तत्वों पर अभी से कड़ी नजर रखी जा रही है।


फ्लैगमार्च करती पुलिस और पैरामिलेट्री फोर्स — समृद्धि न्यूज

# उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्राम प्रधान व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**सीपी गेस्ट** हाउस (ओल्ड) में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति तथा प्रधानाध्यापक का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सांसद मुकेश राजपूत तथा ब्लॉक प्रमुख अनुराधा दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक झांकी के साथ मां सरस्वती की वंदना की प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा ही स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक विद्यालय उलियापुर के बच्चों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय नीबलपुर तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अताईपुर के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयीं। बच्चों की प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर ब्लॉक प्रमुख द्वारा नगद पुरस्कार बच्चों को प्रदान की गयी। सांसद द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 10 बच्चों को प्रमाण पत्र तथा नगद धनराशि पुरस्कार द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी के साथ ही सांसद द्वारा ब्लॉक स्तर पर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ कार्य कराने वाले ग्राम प्रधानों को भी अंगवस्त्र के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित ग्राम प्रधानों में प्रतिमा वर्मा प्रधान अल्लाहपुर, अमर सैफ उर्फ लाडले प्रधान गिर्द कायमगंज, अखिलेश गंगवार प्रधान झब्बूपुर, राहुल ठाकुर प्रधान गौर खेड़ा प्रमुख रहे। आज के कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें विकास क्षेत्र के 10 सर्वश्रेष्ठ स्कूल में सहयोग प्रदान करने वाले विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। सांसद ने अपने उद्बोधन में बेसिक शिक्षा में हो रहे निरंतर प्रगति की तारीफ की तथा विद्यालय के रखरखाव तथा अध्यापकों के प्रयास को काफी सराहा। ब्लॉक प्रमुख द्वारा परिषदीय विद्यालयों में निरंतर हो रहे सार्थक प्रयासों को काफी सराहा और शैक्षिक प्रगति के मार्ग पर बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में टीम एसआरजी द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम के अंत में ओमप्रकाश पाल (खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज) द्वारा विद्यालयों की उपलब्धियां को सभी अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया और सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी संक्षेप में बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्येंद्र कुमार सिंह (जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ), अश्विनी चतुर्वेदी, मुकेश कुमार, अनुराग पाठक, जितेंद्र सिंह, अमीर सिंह, उदय यादव, असमीनाज, रुचि गंगवार, आकांक्षा आदि अध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद, ब्लाक प्रमुख व अन्य — समृद्धि न्यूज

# सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पार्टी कार्यालय पर कमेटी घोषणा के दौरान मौजूद सपा नेता — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी अनुसूचित** जाति प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। पार्टी कार्यालय आवास विकास पर जिलाध्यक्ष अमित कठेरिया ने छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा व जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल के समक्ष कार्यकारिणी की घोषणा की। चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ पार्टी का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, जो दलित और पिछड़ों को एक साथ जोड़कर समाजवादी पार्टी को और मजबूत करेगा। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता जी-जान लगाकर सपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम कर रहे हैं। विनीत कुशवाहा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में और मेहनत से लग जाए, जिससे जनता के मन में कोई शक ना रहे कि इस बार उन्हें डॉ0 नवल किशोर शाक्य को ही वोट देकर जिताना है। इस मौके पर आशीष शर्मा, शिवम कुशवाहा, अखिल कठेरिया, कौशल कठेरिया, उपेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। कमेटी में जिला महासचिव आजाद अनेश चन्द्र, जिला उपाध्यक्ष कौशल माथुर, ब्रह्मानंद शंखवार, राहुल कठेरिया, शेरा चौहान, संजय कठेरिया, मनीष बाल्मीकि को बनाया है। कोषाध्यक्ष रामदास कठेरिया बने। सचिव की जिम्मेदारी अंकित गौतम, राजीव कठेरिया , जुगुल दिवाकर, बबलू कठेरिया, अंकित जाटव, विकास दिवाकर, अनुराग कठेरिया, राम बाल्मीकि, रामबाबू गौतम, मुलायम सिंह जाटव, संजय माथुर, केशव पाल जाटव, जतिन कठेरिया, गोपी गिहार, अरुण शंखवार, ब्रजपाल सिंह दिवाकर, नितिन माथुर, राजीव बाल्मीकि, विमलेश कुमार जाटव, रामवीर कठेरिया को बनाया है। सदस्य की जिम्मेदारी टिन्कू बाल्मीकि, राजीव कठेरिया, बबलू कठेरिया, जितेन्द्र कठेरिया, राहुल कठेरिया, ऋषिकांत गौतम, अजय कठेरिया, अमित कठेरिया, अर्जुन नागर, रेनू कठेरिया, धर्मेन्द्र कठेरिया, ब्रजमोहन दिवाकर, धर्मेन्द्र जाटव, महेश दिवाकर, रिन्कू कठेरिया, ओमकार माथुर, शिवम दिवाकर, सुरजीत कठेरिया, वीरेश जाटव, नागेन्द्र दिवाकर आदि 51 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित की गई। साथ ही सदर विधानसभा अध्यक्ष अरुण कठेरिया, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष सुभाष दिवाकर, कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष अनुज कठेरिया, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन गौतम को बनाया गया है।

# जॉब स्किल एण्ड कम्पटीशन कार्यशाला सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय महाविद्यालय** में जॉब स्किल एण्ड कम्पीटिशन विषय पर साप्ताहिक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरू टंडन विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी वीएसएसडी कॉलेज कानपुर ने वर्चुअल के माध्यम से किया। छात्र-छात्राओं तथा प्रतिभागियों को व्यावसायिक कौशल में अंग्रेजी की उपयोगिता/ वर्तमान संदर्भ विषय पर व्याख्यान दिया। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में अंग्रेजी विषय की समन्वयक प्रोफेसर निवेदिता टंडन ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संप्रेषण कौशल एवं सचिवीय कार्य संपादन कौशल की आवश्यकता विषय पर विचार व्यक्त किये। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने की। कार्यशाला के सप्ताहव्यापी कार्यक्रम की रूपरेखा संयोजक डॉ0 निधीश कुमार सिंह ने प्रस्तुत की। संचालन कार्यशाला के संगठन सचिव डॉ0 संदीप कुमार द्विवेदी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ0 समीर कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रो0 विवेक सिंह, डॉ0 आलोक शुक्ला, डॉ0 प्रेमशंकर पांडेय, डॉ0 धनंजय कुशवाहा, डॉ0 नीरज कुमार द्विवेदी, डॉ0 विजय कुमार, डॉ0 मधुप कुमार आदि मौजूद रहे।



कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### छूटे हुए इंटर मीडिएट के विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 व 14 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंटर मीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा में छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षा के लिए माध्यमिक सचिव द्वारा तिथि घोषित की गई है। 16 फरवरी को छूटे हुए परीक्षार्थियों के लिए अब 13 व 14 मार्च को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विज्ञप्ति जारी कर 13 व 14 मार्च को इंटर मीडिएट की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को सम्मलित होने का अवसर प्रदान किया है। प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्यालय स्थित महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में 13 व 14 मार्च को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न होगी। इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वह छूटे हुए छात्र-छात्राओं को प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल करायें।

### रोजगार मेले में सात अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में दो कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 12 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। 12 अभ्यार्थियों के सापेक्ष 7 अभ्यार्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

### बद्री विशाल महाविद्यालय में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय में 12 मार्च मंगलवार को विश्व विद्यालय कानपुर द्वारा रोजगार मेले का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित होगा। अभ्यार्थी 11 मार्च को सुबह 10 बजे तक पंजीकरण करा लें। अभी तक 376 अभ्यार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। अभ्यार्थियों को सुविधा के साथ कम्पनियों में साक्षात्कार लिया जायेगा। जिसके तहत रोजगार मिलेगा। प्लेसमेंट प्रभारी राहुल व्यवस्था देखेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी मुख्य अतिथि प्रभात द्विवेदी तथा विशिष्ठ अतिथि डा0 मनोज गर्ग होंगे। यह जानकारी प्राचार्य डा0 सीडी यादव ने दी है।

### एनएसएस का सात शिविर आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का आयोजन 12 मार्च से 18 मार्च तक प्राथमिक विद्यालय ग्राम शिवरई बरियार में आयोजित होगा। एनएसएस के इकाई प्रभारी नरेन्द्र मिश्रा द्वारा चयनित 50 छात्र-छात्राओं के साथ प्रतिभाग करेंगे। सात दिनों तक लगातार एनएसएस के शिविर में लोगों को जागरुक करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने दी है।

### सामूहिक विवाह समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माता सावित्रीबाई फुले सेवा समिति द्वारा सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन 12 मार्च मंगलवार को बीबीगंज स्थित एक वैंकेट हाल में आयोजित होगा। सामूहिक विवाह समारोह में निःशुल्क दहेज सहित कार्यक्रम सम्पन्न होंगे और वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया जायेगा।

### अभियुक्तगणों को हाजिर न करने पर कुर्की की कार्रवाई का आदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अभियुक्तगण अजय, सुशील, प्रदीप, अनुज व सुरेश उर्फ बच्चा गिहार को अदालत में धारा 302 आई.पी.सी. के तहत तलब किया था। जिसके विरुद्ध उपरोक्त अभियुक्तगण उच्चतम न्यायालय तक अनुतोष प्राप्त करने हेतु गये थे, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने अदालत के 28 फरवरी 2023 को दिये गये आदेश को सही मानते हुए उसके बाद इस प्रकरण में गैरहाजिर अभियुक्तगण अजय, सुशील, सुरेश उर्फ बच्चा गिहार, प्रदीप एवं अनुज के खिलाफ न्यायालय द्वारा अजमानतीय अधिपत्र धारा 82 सी.आर.पी.सी. की कार्यवाही के साथ थानाध्यक्ष मऊदरवाजा को तलब किया गया। साथ ही कारण बताओ नोटिस भी मऊदरवाजा थानाध्यक्ष को न्यायालय द्वारा दिया गया और उसके बाद न्यायालय द्वारा आदेशों का पालन कराने के लिए पुलिस को कई बार तामीला कराने के लिए लिखा गया। थानाध्यक्ष मऊदरवाजा के संरक्षण में अभियुक्तगण पल रहे हैं। प्रार्थिनी शारदा उर्फ सरस्वती निवासी रकाबगंज के प्रार्थना पत्र पर अपर जिला जज एससी/एससी एक्ट ने संज्ञान लेते हुए अभियुक्तगणों के विरुद्ध एनबीडब्लू एवं धारा 83 सीआर.पी.सी. के तहत कार्यवाही करने का आदेश दिया।

### औषधि निरीक्षक ने कई मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के कंपिल क्षेत्र मे संचालित मेडिकल स्टोर का औषधि निरीक्षक रजत कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उदय मेडिकल स्टोर कंपिल का निरीक्षण किया गया। इसकी पश्चात गगन मेडिकल स्टोर, कंपिल मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। गगन मेडिकल स्टोर से 1 नमूना संग्रह किया गया और कंपिल मेडिकल स्टोर से 2 दवाइयों के नमूना संग्रह कर राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ जांच हेतु भेजा गया। कमियो के दृष्टिगत कारण बताओ नोटिस दिया गया।

# रॉयल क्लब की नवनियुक्त कार्यकारिणी का हुआ गठन

- पदाधिकारियों को दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**रॉयल क्लब** का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। लक्ष्मीकांत गुप्ता, विनय अग्रवाल, महेश वर्मा, आश्रम मुखर्जी एवं डॉ0 हरित द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम सम्पन्न कराया। पुरानी कार्यकारिणी भंग के बाद नए कार्यकारी अधिकारी ने अनिल भदौरिया को अध्यक्ष रॉयल, श्रवण जलन को उपाध्यक्ष, आलोक दुबे को उपाध्यक्ष, सचिव रॉयल डॉ0 दीपक चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया। उप सचिव बैंक ग्रस्तों की संस्कृति से सचेत सांसद भारद्वाज, संगठन सचिव डॉ0 मनोज चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष गोपालन अग्रवाल एवं धर्मेंद्र मिश्रा आदि को बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और शपथ दिलायी गई। नई कार्यकारिणी में शामिल लोगों का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रियंका चतुर्वेदी द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। सिंगर संजय श्रीवास्तव ने सुंदर गीतों पर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। नवनियुक्त सचिव दीपक चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा0 जितेंद्र कटियार, डॉ0 आरके चटवाल, डॉ0 हरिदास द्विवेदी, विनय अग्रवाल, लक्ष्मीकांत गुप्ता, अजीत यादव, राकेश राठौर, उमेश चंद्र गुप्ता, संजीव चौहान, अनुराग, तरुण गुप्ता, पीयूष दुबे आदि मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर के नाम पर युवाओं में जहर घोला जा रहा है: उत्तम कुमार मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है शराब, मदिरा, पान, नशाखोरी को समाप्त होना आवश्यक है। शराब, मदिरा, पान की बिक्री पर आधार कार्ड पर निर्धारित की जाने चाहिए। जो शराब खरीद सकता है उसका परिवार का राशन कार्ड खाद्य सामग्री व सब्सिडी बंद कर देनी चाहिए। जब इंसान शराब खरीद सकता है तो अनाज क्यों नहीं खरीद सकता है। बेरहमी से पनप रहा आत्मनिर्भर न बनने का करप्शन रुपी जहर साबित होता जा रहा है। जनता जर्नादन को विकसित नहीं करना बल्कि आत्मनिर्भर पर बनाने पर रोक दिया गया है। 80 करोड़ लोगों के हाथ में कटोरा रुपी भीख मन की बात हमारा विकसित भारत के नाम पर जन्म लेने वाला युवा आत्मनिर्भर कैसे बन पायेगा। दस वर्ष में जनता को आत्मनिर्भर के नाम पर भिखारी बना दिया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि अखण्ड भारत देश को विकसित नहीं किया जा रहा है, बल्कि बेरोजगार बनाया जा रहा है। बेरोजगारी दूर करने के लिए आम नागरिकों को ठोस रोजगार चाहिए, जो मिल नहीं रहा है। आदि विचार रखे। इस मौके पर डा0 मेहंदी हसन, नरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवाजी कटियार, संतोष कुमार राजपूत, विपिन कुमार वर्मा, संजीव शुक्ला, सुरेन्द्र राजपूत, पृथ्वी नारायन, रामनारायन मिश्रा, समर सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की योजनाओं के पत्रक बांट सरल एप पर डाटा किया अपडेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने फतेहगढ़ मण्डल के बूथ संख्या 117, 118, 119, 120 व 122 पर पार्टी का प्रचार-प्रसार कर लाभार्थियों को पत्रक बांटे। उन्होंने लाभार्थी जन सम्पर्क महायोजना के तहत केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धि बताते हुए डाटा सरल ऐप में अपलोड किया। अश्नील दिवाकर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसके तहत जन सम्पर्क कर रहा हूं। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को पत्रक बांटे और ऑन लाइन डाटा सरल ऐप पर नामों की फीडिंग की। महिलाओं को सशक्त बनाने व केंद्र सरकार की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए



महिलाओं को पत्रक बांटते अश्नील दिवाकर

जागरुक करते हुए पत्रक बांटे। पार्टी द्वारा चलायी जा रही रीति-नीति को आम जन मानस तक पहुंचाने के लिए उन्हें जानकारी दी। मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए जागरुक किया। इस मौके पर फतेहगढ़ मण्डल के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# भजन संगीत के साथ मनाया जायेगा नवसंवत्सर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**अखिल भारतीय** संस्था संस्कार भारती की प्रबंध कार्यकारणी की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। ठंडी सड़क स्थित नवज्योति क्लीनिक पर आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत के साथ हुआ। बैठक में आगामी कार्यक्रम नवसंवत्सर को धूमधाम से मानने पर विचार किया गया। प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय कहा कि इस बार केन्द्र के निर्देश अनुसार भारतीय नववर्ष नवसंवत्सर पर भजन संगीत का कार्यक्रम अयोजित किया जाएगा। जिसके लिए संगीत विधा प्रमुख को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम के संयोजक पर भी विचार किया गया। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राष्ट्र निर्माण में लोकतंत्र की अहम भूमिका होती है ऐसे में हर एक व्यक्ति का मतदान करना अति आवश्यक है। संस्कार भारती के कलाकार विभिन्न विधाओं के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। बैठक में आगामी ग्रीष्मावकाश कार्यशाला की तैयारियों पर चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने कहा चुनाव एक महापर्व है, जिसके लिए हम सभी को जागरूक होकर मतदान के लिए सभी को प्रेरित करना है। संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया। इस दौरान नवीन मिश्रा नब्बू, अर्पण शाक्य, अरविंद दीक्षित, गौरव मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, शशिकांत पाण्डेय, राम मोहन शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैट गुट ने समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। 5 सूत्रीय ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद में ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल बर्बाद हुई है। उनकी जांच कराकर सहायता राशि दिलायी जाये। ग्रामसभा अमृतपुर में सिंह स्थान आस्था केंद्र भारत दास बाबा व जखइया महाराज के नाम सैकड़ों बीघा खाली जमीन पड़ी है। ग्रामसभा की भूमि से कुछ भूमि आवंटन की जाये। प्रधानमंत्री योजना के अन्तर्गत गरीब पात्रों को आवास दिलाये जाये। जिनमें गंगा देवी, बिट्टो देवी, कौशल्या, मोनी, रिन्की, केतकी आदि पात्रों के लिए आवास



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

मांगे गये है। ग्रामसभा के अन्तर्गत जल निगम की टंकी बंद पड़ी है। उधरनपुर, मुझहा, कमालुद्दीन, शेराखार में बंद टंकी को चालू कराया जाये। ग्रामसभा नया गांव में रोड के किनारे नाली निर्माण घटिया किस्म का हो रहा है। उसकी जांच करायी जाये, आदि मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अजय कुमार कटियार, संजीव सिंह, विनोद कुमार, सोनू सोमवंशी, राजनारायन पाण्डेय, जयप्रकाश पाण्डेय, नरेन्द्र सिंह, सर्वेश कुमार तिवारी, जीत बहादुर, अनिल कुमार, रामवीर मिश्रा, गौरव कुमार, आशाराम, राजकुमार, उदय पाल सिंह, कुलदीप अवस्थी, अशोक यादव, शीवेन्द्र अवस्थी, रामवीर मिश्रा, जदुवीर सिंह, कृष्णपाल, राजीव कुमार, संजीव कुमार, रंजीत कुमार, नत्थूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

# आबकारी टीम ने छापेमारी कर बरादम की अवैध शराब

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**आबकारी टीम** ने संदिग्ध ग्रामों में छापा मारी कर बड़ी मात्रा में अवैध कच्ची शराब व लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया।

सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ कई गांवों में दविश देकर 65 लीटर अवैध कच्ची शराब व 100 किलो ग्राम लहन बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया गया। अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।



लहन को नष्ट करती आबकारी टीम

# महिला पंतजलि योग समिति द्वारा मनाया गया महिला दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**महिला पंतजलि** योग समिति के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र की प्रदेश प्रभारी वंदना वरनाल के नेतृत्व में गुरुगांव देवी मंदिर स्थित महिला योग समिति के सभागार में जिला प्रभारी अर्चना द्विवेदी व उनकी टीम के सदस्यों के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एनएकेपी की छात्राओं ने सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। अध्यक्षता सुलभा भारती ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश कुमार द्विवेदी, विशिष्ठ अतिथि डा0 हरिदत्त द्विवेदी व भारत स्वाभीमान ट्रस्ट के योग गुरु आदि लोगों ने प्रतिभाग किया। अर्चना द्विवेदी ने आये लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्वेता दुबे, प्रीती तिवारी, सुमन चौहान, बिन्दु, मीरा सक्सेना, सुमन चौहान, अंजली यादव, इंदू, प्रीती गुप्ता, सुनीता, उपाध्याय, दीप्ती द्विवेदी, शशिकला, सुक्षमा पाण्डेय, रागिनी, अंजू, दीपांशी, अर्चना मिश्रा, हेमलता, अनामिका, सुधांशू दत्त द्विवेदी आदि महिलायें मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गंगा नदी एवं अन्य नदियों के संरक्षण हेतु ज्ञानफोर्ट इन्नोवेटिव स्कूल याकूतगंज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला परियोजनाधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल के निर्देशन में गंगा प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर प्रतिभाग किया। गंगा प्रदर्शनी के द्वारा विद्यार्थियों को गंगा नदी के स्वरूप, गंगा नदी के भौतिक परिदृश्य को दर्शाया और अर्थ गंगा अभियान पर प्रकाश डाला। गंगा नदी के जल को शुद्ध रखने के लिए मनुष्य के द्वारा प्रयोग किए गए गंदे जल को शुद्ध रखने की प्रणाली सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कर विशेष रूप से प्रकाश डाला। एक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का मॉडल बनाकर उपस्थित छात्रों को पानी को शुद्ध होने की प्रक्रिया को समझाया। उस पानी को दोबारा प्रयोग में लाने का तरीका भी बताया।

अतिथि के रूप में कोषाधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ अपने पर्यावरण एवं अपनी नदियों का संरक्षण करने के लिए भी प्रयास करना चाहिए। प्रबंधक विजय राठौर ने सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण एवं नदियों के संरक्षण करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी नदियां जीवित है, तब तक हमारा जीवन संभव है यदि नदियों का संरक्षण नहीं किया जाएगा तो हमारा जीवन भी संभव नहीं होगा। प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने पर्यावरण अपने नदियों को संरक्षण करने के लिए प्रयासरत रहे और इनका संरक्षण करें। छात्रों को पंपलेट व पोस्टर्स वितरित किए गए। जिसमें गंगा नदी संरक्षण से संबंधित एवं अन्य जानकारियां सम्मिलित रही। इस अवसर पर अर्पित मिश्रा, अमित दीक्षित, अक्षय मिश्रा, अश्वनी तिवारी, भावना यादव, गंगादूत निशु कटियार, सुमित, विकास कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



बच्चों को जानकारी देती निहारिका पटेल — समृद्धि न्यूज

# दुनिया में बदलते युद्ध के तरीकों से वैश्विक स्तर पर बढ़ी हथियार जमा करने की होड़

## पहली बार फ्रांस के बाद तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बना रूस, यूरोपीय देशों का हथियार आयात हुआ दोगुना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया में बदलते युद्ध के तौर-तरीकों और सेनाओं के आधुनिकीकरण का ही नतीजा है कि वैश्विक स्तर पर हथियारों को जमा करने की होड़ मची है। हाल ही में रूस-यूक्रेन और हमास-इजराइल संघर्ष ने हथियारों का जखीरा बढ़ाने के लिए कई देशों को आकर्षित किया है। इस वजह से नए-नए हथियार बनाने वाले देशों का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। यूरोपियन देशों ने प्रमुख हथियारों का आयात लगभग दोगुना ( 94 प्रतिशत) कर दिया है।



स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) की सोमवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण पर रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-18 और 2019-23 के बीच अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण की वैश्विक मात्रा में 3.3 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार 2019-23 में यूरोपीय देशों ने हथियारों के आयात का लगभग 55 प्रतिशत संयुक्त राज्य अमेरिका से किया था, जो 2014-18 में 35 प्रतिशत से अधिक था। सीपरी के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा कि यूरोपीय देश आधे से अधिक हथियारों का आयात संयुक्त राज्य अमेरिका से करते हैं। उन्होंने कहा कि 2014-18 और 2019-23 के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के हथियारों के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कुल वैश्विक हथियार निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 34 प्रतिशत से बढ़कर 42 प्रतिशत हो गई है।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2019-23 में 107 देशों को प्रमुख हथियार वितरित किए, जो पिछले पांच साल की अवधि की तुलना में अधिक है। 2019-23 में हथियारों के निर्यात में संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के राज्यों की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत, जबकि 2014-18 में यह 62 प्रतिशत थी। यूरोपियन देशों ने प्रमुख हथियारों का आयात लगभग दोगुना ( 94 प्रतिशत) कर दिया है। चीन के दो पूर्वी एशियाई पड़ोसियों में जापान ने 155 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया ने 6.5 प्रतिशत हथियारों के आयात में वृद्धि की है।रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-18 और 2019-23 के बीच फ्रांस के हथियारों के निर्यात में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहली बार रूस के मुकाबले फ्रांस दूसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बन गया है। फ्रांस के हथियार निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा (42 प्रतिशत) एशिया और ओशिनिया के राज्यों को और अन्य 34 प्रतिशत मध्य पूर्वी राज्यों को गया। फ्रांसीसी हथियारों का 30 फीसदी निर्यात भारत को किया गया। फ्रांसीसी हथियारों के निर्यात में वृद्धि मुख्य रूप से भारत, कतर और मिस्र को लड़ाकू विमानों की डिलीवरी के कारण हुई है। पाकिस्तान ने अपने हथियारों के आयात में 43 प्रतिशत की वृद्धि की है।

### हथियार निर्यात में भारत का हिस्सा 34 प्रतिशत

रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि रूसी हथियारों के निर्यात में 2014-18 और 2019-23 के बीच 53 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले पांच वर्षों के दौरान यह गिरावट तेजी से हुई है, क्योंकि रूस ने 2019 में 31 देशों को और 2023 में केवल 12 देशों को हथियारों का निर्यात किया। 2019-23 में एशिया और ओशिनिया के राज्यों को कुल रूसी हथियार निर्यात का 68 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जिसमें भारत का हिस्सा 34 प्रतिशत और चीन का 21 प्रतिशत था। इटली का 86 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का 12 प्रतिशत हथियार निर्यात बढ़ा है जबकि चीन में 5.3 प्रतिशत, जर्मनी में 14 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम में 14 प्रतिशत, स्पेन में 3.3 प्रतिशत और इज़राइल में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

## राष्ट्रपति मॉरीशस की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 मार्च को राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए मॉरीशस की तीन दिवसीय सरकारी यात्रा पर सोमवार को रवाना हुईं। सुश्री मुर्मू भारतीय नौसेना की टुकड़ी नौसेना के पहले प्रशिक्षण स्क्वाड्रन, आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी के दो जहाजों के साथ उत्सव में भाग लेगी। वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन और प्रधान मंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। राष्ट्रपति मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष मॉरीशस सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और अन्य नेताओं से भी मिलेंगी। मुर्मू और जुगनौथ संयुक्त रूप से 14 भारत-सहायता प्राप्त परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

# मिशन दिव्यास्त्र के लिए डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक से लैस स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इसे चिह्नित करते हुए मिशन दिव्यास्त्र के सफल क्रियान्वयन के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की स्वदेशी मिसाइल क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मिशन दिव्यास्त्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डीआरडीओ वैज्ञानिकों द्वारा प्रदर्शित तकनीकी कौशल पर गर्व व्यक्त किया। एमआईआरवी तकनीक के साथ अग्नि-5 मिसाइल की सफल परीक्षण उड़ान देश की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है, मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक के साथ स्वदेशी रूप से विकसित अग्नि -5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।

### प्रधानमंत्री मोदी 15 से 18 मार्च तक करेंगे तमिलनाडु का दौरा

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले 15 से 18 मार्च के बीच केरल और तमिलनाडु का दौरा करने वाले हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार केरल में प्रधानमंत्री 15 और 17 मार्च को पलक्कड़ और पथानामथिट्टा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री क्रमशः 15,16 और 18 मार्च को तमिलनाडु के सलेम, कन्नियाकुमारी और कोयंबटूर का भी दौरा करेंगे। तमिलनाडु भाजपा प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुट गई है। प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान 15 मार्च को पलक्कड़ में एक रोड शो करेंगे और 17 मार्च को पथानामथिट्टा में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। उसके बाद वह तमिलनाडु आएंगे। चूंकि, भाजपा उम्मीदवारों की घोषणा अभी नहीं की गई है, इसलिए पीएम की यात्रा का तमिलनाडु में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) और देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) जैसे राजनीतिक दलों के साथ समझौता संबंधी चर्चा के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। भाजपा सूत्रों के अनुसार 17 मार्च को पीएम मोदी के पथानामथिट्टा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल के एंटनी के लिए प्रचार करने के लिए केरल से लौटने की उम्मीद है। पिछले साल अनिल एंटनी का भाजपा में शामिल होना एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम था। अनिल सीपीआई (एम) के दिग्गज थॉमस इसाक और मौजूदा कांग्रेस सांसद एंटो एंटनी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

### गडकरी ने दी 25 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में 2500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी। श्री गडकरी ने ट्वीट कर कहा आज जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें तुपुदाना से कुंडियाबारटोली खंड खूंटी बाईपास सहित-को 4-लेन का निर्माण, बेरो से खूंटी खंड का चौड़ीकरण और उन्नयन शामिल है। बेरो से खूंटी खंड के निर्माण से यातायात सुगम होगा और आस पास के क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। खांटी बाईपास के निर्माण से स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से समय और ईंधन की बचत होगी जिससे प्रदूषण कम होगा।

# यूएन खो रहा अपनी प्रासंगिकता, सुधार की जरूरत : कैलाश सत्यार्थी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने सोमवार को कहा कि दुनिया को एकजुट रखने में संयुक्त राष्ट्र असफल हो रहा है। यह संस्था अपनी प्रासंगिकता खो रही है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। कैलाश सत्यार्थी नई दिल्ली में आयोजित लॉरेट्स एंड लीडर्स फॉर चिल्ड्रन कॉन्क्लेव में एक नई वैश्विक पहल सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (एसएमजीसी) का आगाज करने के मौके पर मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

नोबेल पुरस्कार विजेताओं और नेताओं, व्यवसायों, शिक्षाविदों, युवाओं और नागरिक समाज को साथ लेकर शुरू किए करुणा के इस नए आंदोलन का उद्देश्य, टूटन और बिखराव जैसी चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया को एकजुट करके एक न्यायपूर्ण, समावेशी और पक्षपात रहित विश्व का निर्माण करना है। इस अवसर पर एसएमजीसी के संस्थापक सत्यार्थी ने कहा, पिछले कई दशकों से, मैं करुणा के वैश्वीकरण की जरूरत पर बात करता रहा हूं। आज एसएमजीसी के साथ हमने उस दिशा में आगे एक

### ▸ सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन का हुआ आगाज

और कदम बढ़ा दिया है। मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि आप अपने भीतर छुपी करुणा की उस चिंगारी को पहचानें और इस आंदोलन में शामिल हों। टूटन और बिखराव से त्रस्त हमारी इस दुनिया को करुणा ही एकजुट कर सकती है। उन्होंने करुणा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दुनिया आज जितनी समृद्ध और एक दूसरे से जितनी जुड़ी हुई है, उतनी पहले कभी नहीं रही। लेकिन इसके साथ ही बिखराव, युद्ध, गैर-बराबरी, नफरत, जलवायु संकट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के संभावित खतरों जैसी चुनौतियां भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इसके सबसे बड़े शिकार हमेशा बच्चे ही होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) पटरी से उतर गए हैं। अभूतपूर्व धन, संसाधन और ज्ञान के बावजूद, ये समस्याएं क्यों बनी हुई हैं? संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं, विश्व की सरकारें और दुनिया के सबसे अमीर लोग, इसे एकजुट रखने में बुरी तरह असफल रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### तृणमूल कांग्रेस नेता के घर पर सीबीआई का छापा

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को उत्तर 24 परगना के बोंगांव में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या के घर पर तलाशी अभियान शुरू किया।सीबीआई केंद्रीय फोरेंसिक विभाग के अधिकारियों के साथ ईडी अधिकारियों पर गज पांच जनवरी को हुए हमले की फिर से जांच कर रही है। बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या गिरफ्तार पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के करीबी हैं। सीबीआई ने पिछले सप्ताह संदेशखली में इसी प्रकार का तलाशी अभियान चलाया था, जहां ईडी के अधिकारियों पर गिरफ्तार शाहजहां शेख के समर्थकों ने हमला किया था।

### कांग्रेस विधायक रहे चौबे भाजपा में शामिल

**भोपाल।** आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के कई नेताओं ने आज भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक अरूणोदय चौबे, गुन्नौर के पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी एवं अलीराजपुर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष कमरूद्दीन सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। राज्य में इन दिनों कांग्रेस के कई नेता लगातार भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। दो दिन पहले ही पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ कर भाजपा में आमद दी थी।

### एनडीए प्रत्याशी प्रदीप वर्मा ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**रांची (झारखंड)।** राज्यसभा की रिक्त दो सीटों पर एनडीए गठबंधन की तरफ से भाजपा के उम्मीदवार प्रदीप वर्मा ने सोमवार को विधानसभा पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया गया। नामांकन के दौरान सभी भाजपा विधायक उनके प्रस्तावक बने। इस दौरान उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, भाजपा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के विधायक लंबोदर महतो, एनसीपी विधायक कमलेश सिंह और भाजपा विधायक सीपी सिंह मौजूद रहे। प्रदीप वर्मा के नामांकन दाखिल करने को लेकर भाजपा के सभी विधायक एक साथ विधानसभा पहुंचे थे नामांकन दाखिल करने के बाद प्रदीप वर्मा ने भाजपा आलाकमान और वहां पर मौजूद तमाम भाजपा के विधायकों शुक्रिया अदा किया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह मोदी का काल है। यहां कोई गड़बड़ी नहीं होगी। इस दौरान विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद और अबकी बार 400 पार के नारे लगाये। उल्लेखनीय है कि राज्य में दो सीटों पर 21 मार्च को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन है।

### रियलमी ने 12 सीरीज 5जी पेश करके मचाई हलचल

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है। मिड-रेंज स्मार्टफोन के मानक बढ़ाते हुए और प्लस अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी 12+ 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है, जिसमें ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस), 2एक्स इन-सेंसर जूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रेट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बहुत ही स्पष्ट, डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है। इसका 112ए अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 16मेगापिक्सल एचडी सेल्फी कैमरा शानदार सेल्फी लेता है। इसमें 120हट्ज़ का अल्ट्रा-स्मूथ एमोलेड डिस्प्ले और 67वॉट की सुपरवूक चार्जिंग दी गई है। यह स्मार्टफोन लंबे समय तक चले इसके लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। इसमें 256 जीबी तक की स्टोरेज और डायनामिक रैम तथा आईपी54 डस्ट एवं वाटर रेजिस्टेंस जैसी शानदार विशेषताएं भी हैं।

### इंसानियत कायम रखने का संदेश दे गया नाटक मीठी ईद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन के तत्वावधान में 1/142 विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय जीवन ज्योति नाट्य समारोह की अंतिम संध्या में बी.एल. गौड़ की मूल कहानी का प्रेरणा अग्रवाल के रूपान्तरण एवं ज्योति सिंह के निर्देशन में नाटक मीठी ईद का मंचन किया गया। इसके पूर्व नाट्य प्रदर्शन का उद्घाटन मुख्य अतिथि बी.एन.ओझा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर संस्था की ज्योति सिंह, जितेंद्र सिंह, रिधिमा लाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तिय उपस्थित थे। नाटक मीठी ईद ने मेहनत और ईमानदारी से काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया की मेहनत और ईमानदारी यह दोनो ऐसी चीजें हैं, जिससे व्यक्ति जीवन में सदैव सफल होता है वहीं दूसरी ओर जाति-धर्म से ऊपर उठकर मानवता और उदारता रखने का संदेश दिया। नाटक मीठी ईद के कथानुसार विजय रेलवे में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और अपनी पत्नी शारदा के साथ सुखी होता है। वह देश व्यापी रेल हड़ताल के दौरान ईमानदारी से मजदूरों का साथ देता है जिसके कारण उसका स्थानांतरण जम्मू हो जाता है। जम्मू में राजेश नाम का एक व्यक्ति विजय का घनिष्ठ मित्र बन जाता है, जहां विजय की मुलाकत अब्दुल नाम के मुस्लिम मजदूर से होती है।

# परिवार को खुशहाल रखने में महिलाओं की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** एमवे इंडिया, स्वास्थ्य और खुशहाली बढ़ाने के लिए काम करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इन्सपायर इनक्लूजन के ज़बरदस्त वैश्विक आह्वान के बीच, यह हर हेल्थ फर्स्ट के मजबूत दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य को सबसे ज्यादा प्राथमिकता देने के लिए अटूट प्रतिबद्धता के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सबसे आगे रही। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत को प्रोत्साहित करना और ज़ोरदार बनाना था। इसके अंतर्गत कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में अपना विकास करने की इच्छा रखने वाली सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और खुशहाली के लक्ष्य और अपने सपने पूरे करने के लिए अपनी क्षमताओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने का प्रयास करने में लगे रहने का शक्तिशाली संदेश दिया



गया। इस अवसर पर बोलते हुए, रजनीश चोपड़ा, प्रमुख, एमवे इंडिया ने जोर देकर कहा, एमवे में, हम मानते हैं कि महिलाएं ही हैं जो बड़े बदलाव लाती हैं।

स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए कमर कसकर काम करते हुए, हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि अपने परिवारों को खुशहाल रखने में महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जब महिलाओं को महत्वपूर्ण निर्णय लेने की शक्ति मिलती है, तो जीवन के हर चरण में बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिलते हैं। साथ ही, विविधता और महिलाओं के लिए समावेशन को बढ़ावा देने से, ऐसे सकारात्मक प्रभावों की लहरें पैदा की जाती हैं जो फिर धीरे-धीरे सारे समाज को बेहतर बनाती चली जाती हैं।

### संसद की सुरक्षा सेंध मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को मिला अतिरिक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को 45 दिनों का अतिरिक्त समय दे दिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर मामले की जांच के लिए 90 दिन और समय देने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इस मामले में कुछ रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डाटा कई वाल्यूम में है। इससे पहले 5 जनवरी को कोर्ट ने आरोपितों के पॉलीग्राफ, नार्को और ब्रेन मैपिंग करने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन सभी पर यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए हैं। यह मामला पिछले साल 13 दिसंबर का है, जब संसद की विजिटर गैलरी से दो युवक सभा कक्ष में कूदे और एक युवक ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला, जिससे अचानक पीला धुआं निकलने लगा। घटना के बाद सदन में अफरा-तफरी मच गई। हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया।

# 14 मार्च को आयोजित होगी किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर के प्रमुख हेल्थकेयर प्रोवाइडर रीजेंसी हेल्थकेयर 14 मार्च 2024 को सुबह 5 बजे से 8 बजे तक किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन का आयोजन कर रहे है। इस आयोजन का उद्देश्य किडनी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और क्रोनिक किडनी रोग और अंतिम स्टेज की किडनी की बीमारी को रोकने के लिए जल्दी जांच को बढ़ावा देना है।

वॉकथॉन 1090 चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ से शुरू होगा और लोहिया पार्क, गेट नंबर 2 पर समाप्त होगा। शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के अलावा वॉकथॉन का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले लोगों को किडनी बीमारियों के जोखिम फैक्टर्स और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना है, साथ ही किडनी के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी मुख्य उद्देश्यों में शामिल है। रीजेंसी हेल्थकेयर सभी उम्र के व्यक्तियों को किडनी बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में




शामिल होने और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए किडनी हेल्थ फॉर ऑल वॉकथॉन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। क्रोनिक किडनी रोग भारत में एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। देश की लगभग 10द्र आबादी इस बीमारी से प्रभावित है। हर साल किडनी फेलियर के 1 लाख से ज्यादा केस सामने आते हैं। इस वजह से इस बीमारी के रोकथाम और जल्दी पहचान पर जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। जागरूकता और शुरुआत यानी जल्दी जांच से सीकेडी और अंतिम स्टेज के किडनी की बीमारी को रोका जा सकता है। डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांटेशन की मांग चिंताजनक रूप से बहुत ज्यादा है, जो सीकेडी का जल्दी पता लगाने और मैनेजमेंट के महत्व पर जोर देती है।

### केन्द्रीय गृहमंत्री आज तेलंगाना में करेंगे विजय संकल्प सभा

**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्य की 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अधिक से अधिक सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर भारतीय जनता पार्टी चुनाव में अपनी ताकत झोंकने के लिए तैयार है। इसी क्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर तेलंगाना आ रहे हैं। वे यहां एक विजय संकल्प सभा के अलावा कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार सुबह 11 बजे चारमीनार स्थित ऐतिहासिक श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजा व दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर बजे 12.30 बजे इम्पीरियल गार्डन में सोशल मीडिया वारियर्स के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश देंगे। इस बैठक में बाद केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली विजय संकल्प सभा में शाह दोपहर 2 बजे नगर के लाल बहादुर स्टेडियम (एलबी स्टेडियम) में उपस्थित होंगे।

# 18-24 आयु वर्ग के 34 प्रतिशत युवाओं में मानसिक विकार के लक्षण

थिंक टैंक रेजोल्यूशन फाउंडेशन की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया है कि ब्रिटेन में 18-24 आयु वर्ग के 34 प्रतिशत युवाओं में एक सामान्य मानसिक विकार के लक्षण हैं - जो किसी भी आयु वर्ग की तुलना में सबसे अधिक है। युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। रिपोर्ट का एक विशेष निष्कर्ष यह है कि 20 साल पहले, इस आयु वर्ग में सामान्य मानसिक विकार होने की संभावना सबसे कम थी। बड़ा सवाल यह है कि ऐसा क्यों हो रहा है।

**युवाओं पर पड़ रहा है दबाव :** युवाओं के हालचाल पर शोध करने वाले एक मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि आज युवाओं को शैक्षणिक, पेशेवर और सामाजिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अभूतपूर्व दबाव का सामना करना पड़ता है। यह दबाव विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है, जिसमें शैक्षणिक तनाव, बेहतर बनने की चिंता और असफलता का डर शामिल है। वर्तमान सामाजिक कठिनाइयां, जैसे कि जीवन यापन के लागत संकट, ने इन मुद्दों को और अधिक बढ़ा दिया होगा - जैसा कि महामारी के दौरान अलगाव और जीवन के मूल्यवान अनुभवों के नुकसान का स्थायी प्रभाव होगा।



**नौकरी खोजना हो रहा है मुश्किल :** किंग्स कॉलेज लंदन और गैर-लाभकारी अनुसंधान समूह ओरीजेन इंस्टीट्यूट के एक नए सर्वेक्षण से पता चलता है कि ब्रिटेन की अधिकांश जनता सोचती है कि आज के युवाओं को नौकरी खोजने में और पिछली पीढ़ियों की तुलना में चीजों को खरीदने में अधिक कठिनाई हो रही है। सोशल मीडिया के उदय ने सफ्लता की एक आदर्श छवि प्रस्तुत करने की आवश्यकता को तीव्र कर दिया है। सोशल मीडिया अकाउंट में लॉग इन करने से हमेशा किसी के पदोन्नत होने, नई नौकरी शुरू करने या कोई रोमांचक अवसर मिलने की घोषणा होती है। यह संभावित रूप से नकारात्मक भावनाओं को ट्रिगर कर सकता है, खासकर यदि कोई युवक नौकरी पाने या यहां तक कि साक्षात्कार तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहा हो।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ी जागरुकता

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता किंग्स कॉलेज और ओरिजन इंस्टीट्यूट के सर्वेक्षण में पाया गया कि 47ः लोग सोचते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं अतीत में युवा लोगों में भी आम थींय उनकी पहचान इस रूप में नहीं की गई थी। पिछले दो दशकों में, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता और स्वीकार्यता बढ़ी है, जिससे इस पर अधिक दृश्यता और चर्चा हुई है। इससे इसे एक कलंक समझने की धारणा को कम करने और संसाधनों तक पहुंच में सुधार करने में मदद मिली है। लेकिन इसने युवाओं के लिए अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नई चुनौतियां भी पैदा की हैं।

**सोशल मीडिया है बड़ा कारणः** किंग्स कॉलेज लंदन और ओरिजन इंस्टीट्यूट के सर्वेक्षण में पाया गया कि सोशल मीडिया को युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य को खराब करने में एक प्रमुख चालक के रूप में देखा जाता है। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि ब्रिटेन की जनता सोशल मीडिया को युवाओं के खराब मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कारक मानती है। सोशल मीडिया फीड की बनाई हुई दुनिया, सफ्लता और खुशी के अवास्तविक मानक बना सकती है, जिससे असुरक्षा और कम आत्मसम्मान की भावना पैदा हो सकती है। ऑनलाइन समय में वृद्धि और ऑनलाइन पहचान बनाए रखने का दबाव भी अपर्याप्तता और अलगाव की भावनाओं को बिगाड़ सकता है। महामारी ने सामाजिक अलगाव और अनिश्चितता की भावनाओं को तीव्र करके इन मुद्दों को बढ़ा दिया है। संगठनात्मक बंदी और शारीरिक दूरी की आवश्यकताओं ने सामाजिक संपर्क और समर्थन को कम कर दिया।

**यह सोचते हैं युवा :** शोध अध्ययन कहते हैं कि कोविड नियंत्रण उपायों के परिणामस्वरूप बच्चों और किशोरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आई है, विशेष रूप से उन लोगों में जो पहले से ही सामाजिक आर्थिक नुकसान, तंत्रिका विविधता या विकलांगता जैसी कमजोरियों से ग्रस्त हैं। ब्रिटेन में युवाओं का एक बड़ा हिस्सा मानता है कि जब उनके माता-पिता उनकी उम्र के थे, तब की तुलना में कई क्षेत्र उनके लिए बदतर हैंय 78ः सोचते हैं कि वे चीजें खघ्रीदने में कम सक्षम हैं और 76ः सोचते हैं कि पहले के मुकाबले अब मानसिक स्वास्थ्य खघ्राब हो गया है। इससे निराशा की भावना पैदा होने की संभावना है। यदि युवा लोग अपने भविष्य को अंधकारमय देखते हैं और महसूस करते हैं कि वे अपनी संभावनाओं को बदलने के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं, तो उनके ऐसे कार्यों और गतिविधियों में संलग्न होने की संभावना कम है जो उनकी स्थिति में सुधार कर सकते हैं।

**युवाओं को आगे बढ़ने की सलाह :** बढ़ती जागरूकता ने युवाओं को मदद मांगने और अपने संघर्षों के बारे में बोलने के लिए सशक्त बनाया है। दूसरी ओर, जिस तरह से मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की जाती है, उसने मानसिक रूप से स्वस्थ और लचीला होने के तरीके खोजने के लिए दबाव की भावना पैदा की है, जिससे व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अपने मानसिक कल्याण के लिए जिम्मेदार हो।

यह दबाव उन युवाओं के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है जो कठिन परिस्थितियों और संबंधित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे शर्म और आत्म-दोष की भावनाएं पैदा हो रही हैं। ये सभी कारक आपस में जुड़े हुए हैं और इन्हें अलग करना कठिन है, जिसका अर्थ है कि कोई सरल समाधान नहीं है। लेकिन केवल युवाओं को ही नहीं, सभी को सलाह है कि जब भी संभव हो अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का प्रयास करें, अपने आप को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकालें और सुनिश्चित करें कि आप हर छोटी से छोटी जीत का जश्न मनाएं।